राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# क्रांति समय

कार्यालय ऑफिस

क्रांति समय दैनिक समाचार में
प्रेसनोट, नोटिस, वेपार संबंधित संपर्क करें
पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023
संपर्क नं.-7490923915
ईमेल:-info.krantisamay@gmail.com

सुरत गुजरात से प्रकाशित, मुंबई, उत्तरप्रदेश, बिहार, राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तरांचल, उत्तराखंड, दिल्ली, हरियाणा में प्रकाशित

सुरत-गुजरात, संस्करण सोमवार 09 जून 2025 वर्ष-8,अंक-110 पृष्ठ-08 मूल्य-01 रूपये

Website : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1


# देश को मिली आजादी सभी का सामूहिक प्रयास, किसी एक व्यक्ति की उपलब्धि नहीं : भागवत

**नागपुर।**


राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम की सामूहिक प्रकृति पर जोर देकर कहा कि देश की आजादी 1857 के विद्रोह से शुरू हुए व्यापक प्रयासों का परिणाम थी, न कि किसी एक व्यक्ति की उपलब्धि थी। भागवत ने कहा कि हमेशा से इस बात पर बहस होती है कि देश को आजादी किसके प्रयासों से मिली। लेकिन वास्तविकता यह है कि यह आजादी किसी एक व्यक्ति के कारण नहीं मिली। इस आजादी के लिए प्रयास 1857 में शुरू हुए और हर जगह आग भड़क उठी, उसके बाद, यह आग कभी शांत नहीं हुई। प्रयास जारी रहे और सभी के सामूहिक प्रयासों से आखिरकार हमें अंग्रेजों से आजादी मिली।

आरएसएस प्रमुख भागवत ने कहा कि संघ की दिशा सामूहिक विचार से तय होती है, संघ का काम एक या दो लोगों का काम नहीं है, संघ जो भी करता है और जो भी कहता है, वह सामूहिक निर्णय होता है। इसके पहले संघ प्रमुख ने पहलगाम में हुए हालिया आतंकी हमले की कड़ी निंदा की थी और भारतीय सेना की त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया की सराहना की थी। साथ ही उन्होंने सभी राजनीतिक ताकतों से घटना के बाद उभरी एकता की भावना को बनाए रखने का आग्रह किया था।

उन्होंने कहा, पहलगाम में एक बर्बर हमला हुआ। आतंकवादी हमारे देश में घुसे और हमारे नागरिकों को मार डाला। हर कोई दुखी और क्रोधित था और अपराधियों के लिए कड़ी सजा चाहता था। वास्तव में कार्रवाई की गई...इस संबंध में, हमारी सेना की क्षमता और बहादुरी फिर चमक उठी। उन्होंने कहा कि हम सभी राजनीतिक दलों की आपसी समझ और सहयोग को भी देख रहे हैं, जो सभी मतभेदों को भुला रहे हैं...अगर यह स्थायी हो जाए और मुद्दों के पुराने होने के साथ-साथ फीका न पड़े, तब यह देश के लिए बहुत बड़ी राहत होगी।



## पहला कॉलम



### मीनाक्षी मंदिर में केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने पूजा-अर्चना की

**चेन्नई।**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तमिलनाडू के मदुरै में मौजूद मीनाक्षी मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान मंदिर के पुजारियों ने केंद्रीय गृहमंत्री शाह का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। मदुरै अधीनम के पुजारी श्री ला श्री हरिहर श्री ज्ञानसंबंद देसिका स्वामीगल ने शाह को भगवा रंग की शॉल और आध्यात्मिक पुस्तकें भेट कीं। शाह ने नैनार नागेंद्रन और केंद्रीय राज्य मंत्री एल मुरुगन सहित भाजपा नेताओं के साथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। शाह के दौरे के मद्देनजर पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं।

### 1 मीटर में दो लोगों से ज्यादा की अनुमति नहीं

**भगदड़ को रोकने के लिए नए नियम**

**नई दिल्ली।**

भारत में पिछले महीनो में बड़ी भगदड़ की दुर्घटनाएं हुई हैं। जिन में बडी संख्या में लोगों की मौत हुई है। इसको देखते हुए भगदड़ को रोकने के लिए नए नियम बनाए जा रहे हैं। प्रयागराज महाकुंभ से लेकर बेंगलुरु में हाल ही में हुई भगदड़ की घटनाओं में बड़ी संख्या में लोगों की मौत हुई है। घटना के बाद सरकार का ध्यान इस तरफ गया है। भीड़ प्रबंधन के विशेषज्ञों का कहना है, जिस स्थान पर भीड़ एकत्रित हो रही हो। वहां के लिए नया ग्रेड रिस्पांस एक्शन प्लान तैयार किया जाना चाहिए। ताकि भगदड़ जैसी दुर्घटनाएं भविष्य में ना हो। भीड़ प्रबंधन के लिए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर सबसे बड़ी जरूरत है।मेला, उत्सव, धार्मिक यात्राएं, कथा, खेलकूद राजनीतिक रेलियां, सभाएं, सांस्कृतिक आयोजन, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड जैसे भीडभाड़ वाले स्थान पर नियमों का पालन जरूरी हो। आयोजक और परमिशन देने वाले दोनों के लिए नियम तैयार किये जा रहे हैं।आयोजन स्थल पर एक व्यक्ति पर एक मीटर अधिकतम 2 से अधिक व्यक्तियों की अनुमति नहीं दी जाएगी। भीड़भाड़ वाले स्थान में एक इन और एक आउट के दो द्वारा होंगे। भीड़ को रोकने के लिए बैरिकेट्स, सीसीटीवी,ड्रोन इत्यादि की भी तैनाती की जाएगी। कहीं एकाएक भीड़ बढ़ती है। एक मीटर जगह पर दो से अधिक व्यक्ति एकत्रित होने लगते हैं। ऐसी स्थिति में भीड़ को आगे बढ़ने से रोका जाएगा। इसके लिए जो सुरक्षा बल तैनात हैं। उन्हें निरंतर सूचनायें मिलती रहे। इसका प्रावधान किया जा रहा है। सुरक्षा में लगे हुए पुलिस के जवान और स्वयंसेवक भीड़ बढ़ने की दशा में अन्य स्थानों पर किस तरह से डायवर्ट करें, इसकी भी ट्रेनिंग जरूरी की जा रही है।भीड़ को यदि रोका जा रहा है। तो उसको कारण भी बताए जाने की बात नियमों में है। जहां पर भीड़ एकत्रित हो रही है। वहां पर अफवाहों को रोकने के लिए भी पर्याप्त इंतजाम किए जाने की जिम्मेदारी तय की जाएगी। आईआईटी मद्रास पिछले 2 सालों से भीड़ को नियंत्रित करने की दिशा में काम कर रही है। आईआईटी मद्रास ने रियल टाइम भीड़ का बर्ताव समझने का एक मॉडल तैयार किया है। महाराष्ट्र के पंढरपुर में आषाढ़ एकादशी को होने वाली भीड़ को संभालने के लिए प्लान तैयार किया गया है। यहां पर 12 से 15 लाख श्रद्धालु दर्शन करने के लिए पहुंचते हैं। आईआईटी मद्रास के प्रोफेसर पीएस महापात्र तथा प्रोफेसर महेश पंचनगुला के नेतृत्व में संस्थान की टीम ने माप और गणना के आधार क्राउड मैनेजमेंट सिस्टम तैयार किया है। पुलिस को साइंटिफिक क्राउड मैनेजमेंट सिस्टम को लागू करने की अनुशंसा की है। पिछले दो वर्षों में पंढरपुर में भगदड़ से संबंधित कोई दुर्घटना नहीं हुई। आईआईटी चेन्नई ने विज्ञान आधारित भीड़ को नियंत्रित करने की जो प्रबंधन प्रणाली तैयार की है।उसके आधार पर भविष्य में होने वाले आयोजनों की अनुमति दिए जाने की प्रक्रिया निष्पादित की जाएगी। ताकि भगदड़ से होने वाली मौतों को रोका जा सके।

## भारतीय सांसदों ने पाक को किया बेनकाब, अब जयशंकर समझाएंगे पूरी बात

**भारत की विदेश नीति में आतंकवाद के प्रति ज़ीरो टॉलरेंस के रुख को दोहराएंगे**

**नई दिल्ली।**

पहलगाम हमले के बाद भारत ने आतंकवादियों और उनको संरक्षण देने वाले पाकिस्तान को मिट्टी में मिलाने की बात कही थी। भारत ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया। पाकिस्तान और पीओके में मौजूद आतंकवादियों के शिविरों को तबाह कर दिया।

पाकिस्तान ने जब भारतीय सैन्य बेस और आमलोगों को निशाना बनाने की कोशिश की तो भारतीय एयरफोर्स ने मुंहतोड़ जवाब देते हुए पाकिस्तान के 11 एयरबेस को टारगेट कर उसे व्यापक नुकसान पहुंचाया। भारत ने इसके बाद पाकिस्तान के आतंकी चेहरे को बेनाकब करने सभी दलों के सांसदों और डिप्लोमेट्स की 7 टीमें बनाकर उन्हें दुनिया के कई देशों में भेजा। इंडियन डेलिगेशन ने अमेरिका से यूरोप तक का दौरा कर पाकिस्तान के काले चेहरे को दुनिया के सामने बेनकाब कर दिया। अब विदेश मंत्री ए जयशंकर ने खुद कमान संभाल ली है। वे यूरोप की एक सप्ताह की लंबी यात्रा पर निकल गए हैं। द्विपक्षीय संबंधों को मजबूती देने के साथ ही आतंकवाद का मुद्दा भी एजेंडे पर रहेगा।

जयशंकर रविवार 8 जून 2025 को फ्रांस, यूरोपीय यूनियन और बेल्जियम के लिए रवाना हुए। वे यहां एक सप्ताह का वक्त बिताएंगे। इस यात्रा का उद्देश्य भारत की विदेश नीति में आतंकवाद के प्रति ज़ीरो टॉलरेंस के रुख को दोहराना और प्रमुख रणनीतिक साझेदारों के साथ द्विपक्षीय संबंधों को नई गति देना है। यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है, जब भारत ने हाल ही में पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर जैसी निर्णायक कार्रवाई की थी। जयशंकर अपने दौरे की शुरुआत फ्रांस से करेंगे। फ्रांस को भारत का 'ऑल-वेदर फ्रेंड' माना जाता है। जयशंकर पेरिस और मार्सेई जाएंगे, जहां वे अपने समकक्ष यूरोप और विदेश मामलों के मंत्री से द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। वे मार्सेई में हो रहे 'मेडिटेरेनियन रायसीना डायलॉग' में भी हिस्सा लेंगे।

फ्रांस के साथ भारत की रणनीतिक साझेदारी रक्षा, परमाणु ऊर्जा, अंतरिक्ष और साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में लगातार मजबूत हुई है और इस दौरे से इसमें और मजबूती की उम्मीद की जा रही है। दौरे के दूसरे चरण में विदेश मंत्री एस जयशंकर ब्रसेल्स जाएंगे, जहां वे यूरोपीय संघ की हाई रिप्रेजेंटेटिव के साथ रणनीतिक बातचीत करेंगे। विदेश मंत्रालय के मुताबिक भारत-यूरोपीय संघ रणनीतिक साझेदारी पिछले कुछ सालों में विविध क्षेत्रों में मजबूत हुई है और इसे इस साल फरवरी में यूरोपीय कमीशन के कॉलेज ऑफ कमिश्नर्स की भारत यात्रा से और बढ़ावा मिला है। जयशंकर यूरोपीय आयोग और यूरोपीय संसद के सीनियर नेताओं से भी मिलेंगे और थिंक टैंकों और मीडिया से संवाद करेंगे।

यूरोप के दौरे के अंतिम चरण में जयशंकर बेल्जियम जाएंगे। जहां वे उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मैक्सिम प्रेवोट से द्विपक्षीय चर्चा करेंगे और अन्य शीर्ष नेताओं से भी मुलाकात करेंगे1 भारत और बेल्जियम के बीच व्यापार, हरित ऊर्जा, फार्मा, हीरा उद्योग और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में सहयोग मजबूत रहा है।

## चिराग पासवान का बड़ा ऐलान, कहा

**एनडीए की मजबूती के लिए मेरी पार्टी 243 सीटों पर लड़ेगी चुनाव**

**भोजपुर।**

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारियों को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। इस सिलसिले में केंद्रीय मंत्री एवं लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने बड़ा एलान किया है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी बिहार की सभी 243 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी और यह लड़ाई राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को मजबूत करने के उद्देश्य से लड़ी जाएगी। भोजपुर जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बात कही। चिराग पासवान ने स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी किसी भी तरह से एनडीए से अलग नहीं है, बल्कि उनका लक्ष्य गठबंधन को और अधिक मजबूती देना है। उन्होंने कहा कि मेरी पार्टी और मैं बिहार की 243 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे ताकि एनडीए को मजबूती मिले और हम एकजुट होकर विजय की ओर बढ़ें। उन्होंने अपने संबोधन में यह भी दोहराया कि एलजीपी (रामविलास) हमेशा से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्वास रखती है।

## 9 दिन में कोरोना से 58 मौतें, 3423 केस बढ़े

**अकेले केरल में 2000 मरीज, गुजरात सरकार अलर्ट पर; देश में एक्टिव केस 6000 पार**

**नई दिल्ली।**

देश में कोरोना वायरस के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। शनिवार को 378 नए केस मिले हैं। इस तरह एक्टिव केसों की संख्या 6133 हो गई है। केरल में सबसे ज्यादा 1950 केस हैं। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार पिछले 9 दिन में 3423 कोरोना केस बढ़े, जबकि 58 लोगों ने जान गंवाई है। 30 मई तक देश में 2710 एक्टिव केस और 7 मौतें हुई थीं। देश में कोरोना वायरस के हर दिन करीब 400 नए केस सामने आ रहे और 5-6 मरीजों की मौत हो रही है। शनिवार को केरल में 3, कर्नाटक में 2 और तमिलनाडु में कोरोना से एक मौत हुई है। इधर, राज्य में तेजी से बढ़ रहे केसों के बीच गुजरात सरकार ने कहा- हम कोविड से लड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। अस्पतालों में बेड, वेंटिलेटर और ढ्ष्ट बेड की व्यवस्थाएं कर ली हैं। स्वास्थ्य मंत्री रुशिकेश पटेल ने कहा- मौजूदा वैरिएंट ओमिक्रॉन वायरस कोविड परिवार का ही है, लेकिन यह इतना गंभीर नहीं है। हम अलर्ट पर हैं, किसी भी स्थिति को नियंत्रित कर सकते हैं।

## श्रीनगर और कटरा के बीच वंदे भारत ट्रेन सेवा का वाणिज्यिक परिचालन शुरू

**सिंतबर से जम्मू से श्रीनगर तक चलेगी वंदे भारत**

**जम्मू।**

उत्तर रेलवे ने श्रीनगर और कटरा के बीच वंदे भारत ट्रेन सेवा का वाणिज्यिक परिचालन शुरू किया है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि वंदे भारत ट्रेन का वाणिज्यिक परिचालन शनिवार को शुरू हुआ। यह रेल सेवा रियासी जिले के कटरा कस्बे को कश्मीर घाटी से जोड़ती है। जम्मू रेलवे स्टेशन पर विस्तार कार्य पूरा होने के बाद साल सितंबर 2025 में जम्मू से घाटी तक रेल संचालित होगी। अत्याधुनिक वंदे भारत ट्रेन को इस क्षेत्र में तापमान की चरम सीमाओं और मौसम की अनिश्चितताओं के अनुरूप तैयार किया गया है। वातानुकूलित और केंद्रीय रूप से गर्म, केबिन में चार्जिंग पॉइंट, आरामदायक बैठने की व्यवस्था, यात्रियों के लिए भोजन की सुविधा और ड्राइवर की विंडशील्ड के लिए डीफ्रॉस्टिंग तकनीक ट्रेन में दी गई हैं। जहां कटरा से श्रीनगर तक सड़क मार्ग से आठ घंटे का समय लगेगा। वहीं वंदे भारत ट्रेन कटरा से श्रीनगर तक तीन घंटे का समय लेगी। कटरा और श्रीनगर के बीच रेल ट्रैक पर 36 सुरंगें और सैकड़ों पुल हैं, जिसमें चिनाब रेलवे पुल भी शामिल है, जो दुनिया का सबसे ऊंचा पुल है और पेरिस के एफिल टॉवर से 35 मीटर ऊंचा है। इस रेल लिंक पर अंजी केबल-स्टेड ब्रिज देश का पहला ऐसा रेलवे ब्रिज है। इन दोनों पुलों को इंजीनियरिंग का चमत्कार माना जाता है, जिसके लिए भारतीय रेलवे ने दुनिया भर से सराहना अर्जित की है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि वाणिज्यिक परिचालन का पहला दिन सुचारू रूप से चला और ट्रेनें शाम तक अपने गंतव्य तक पहुंच गईं। अधिकारियों ने बताया कि मांग के आधार पर मालगाड़ी भी ट्रैक पर चलेगी। कश्मीर और देश के बाकी हिस्सों के बीच रेलवे लिंक की वजह से कश्मीर के सेब उत्पादक सबसे ज्यादा लाभान्वित होने वाले हैं।

## सिद्धू मूसेवाला की डॉक्यूमेंट्री पर विवाद

**मानसा।**

पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला पर बनी डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। पिता बलकौर सिंह ने चैनल की तरफ से बनाई गई डॉक्यूमेंट्री पर कड़ा एतराज जताते हुए लीगल नोटिस भेजा है। इसके साथ ही मुम्बई पुलिस के डीजीपी व जुहू पुलिस को पत्र लिखकर 11 जून को जुहू स्थित सोहो हाउस में प्रस्तावित स्क्रीनिंग को रोकने की मांग की है। जानकारी अनुसार, मूसेवाला के परिवार के लीगल काउंसलर गुरबिंदर सिंह ने डॉक्यूमेंट्री की प्रोड्यूसर और सीरीज प्रोड्यूसर को कानूनी नोटिस भिजवाया है। जिसमें पिता बलकौर सिंह ने आरोप लगाया है कि डॉक्यूमेंट्री में सिद्धू मूसेवाला से जुड़ी अप्रकाशित सामग्री, निजी जानकारियां और हत्या से जुड़ी जांच को बिना परिवार की अनुमति के दिखाया जा रहा है। उन्होंने इसे न केवल अवैध, बल्कि मानसिक रूप से पीड़ादायक और भारतीय कानूनों का उल्लंघन बताया है।

## कैप्टन शुक्ला को पहले अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा ने दिया खास संदेश

**नई दिल्ली।**

भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला 10 जून को अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले दूसरे भारतीय बनने को तैयार हैं। इस बीच उन्हें पहली बार अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले भारतीय रिटायर विंग कमांडर राकेश शर्मा ने खास संदेश दिया है। शर्मा ने कहा कि मैं उसकी यात्रा के लिए शुभकामनाएं दूंगा और कहूंगा कि वहां वह जो कुछ भी देखे उसके लिए तैयार रहे। शर्मा ने कहा, मैं शुभांशु को शुभकामनाएं देता हूं, उन्हें अंतरिक्ष में लेंडिंग करने की शुभकामनाएं और आप जो कुछ भी देखने जा रहे हैं, उसके लिए तैयार रहें.. मैं यही बताने जा रहा हूं कि जब आप अंतरिक्ष से वापस आते हैं, तब एक बदले हुए व्यक्ति के रूप में आते हैं। जब आप वापस आते हैं तब शुरुआत में नहीं लेकिन कुछ सालों के बाद आप समझते हैं कि हमारी धरती के साथ क्या हो रहा है। यह आपको अहसास दिलाता है कि आपको कहां जाना चाहिए.. अंतरिक्ष में की जा रही खोजें कहां तक और कैसे बढ़नी चाहिए .. अंतरिक्ष यात्रा आपको बदल देती है। शर्मा ने कहा, ग्रुप कैप्टन शुक्ला का एक्सिओम-4 मिशन भारत के लिए महत्वपूर्ण है। क्योंकि शुक्ला को और उनकी पूरी टीम को अंतरिक्ष स्टेशन में रहने का मौका मिलेगा। उनकी यह यात्रा एक लंबी उड़ान है। 14 दिन वहां पर रहने के बाद वह जो कुछ भी सीखेगा.. या जो कुछ भी करेगा उसके इनपुट के आधार पर हमें भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन प्रोजेक्ट में मदद मिलेगी। उनका यह मिशन हमारे आने वाले मिशन को पूरा करने में मदद करेगा। यह काफी दिलचस्प होने वाला है।

## जी-7 से पहले खालिस्तान समर्थकों ने पीएम मोदी को दी धमकी

**सम्मेलन में पीएम मोदी की राजनीति को खत्म कर देंगे**

**नई दिल्ली।**

कनाडा में होने वाली जी-7 समिट से पहले खालिस्तानी आतंकियों ने पीएम नरेंद्र मोदी को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि वे इस सम्मेलन में पीएम मोदी की राजनीति को खत्म कर देंगे। कनाडा के खोजी पत्रकार ने यह खुलासा किया है। पत्रकार मोचा बेजिरगान लंबे समय से उत्तर अमेरिका में खालिस्तान समर्थित गतिविधियों को कवर करते रहे हैं। उसने बताया कि, उसे खालिस्तानियों द्वारा धमकाया भी गया। पत्रकार मोचा बेजिरगन ने बताया कि वैंकूवर शहर में साप्ताहिक रैली के दौरान वीडियो बनाते समय उन लोगों ने उन्हें घेर लिया था। मोचा ने बताया कि कनाडा में खालिस्तानी आतंकियों का भारतीय नेताओं के प्रति खतरा बढ़ता जा रहा है। उन्होंने बताया कि वह वैंकुवर में खालिस्तानी समर्थकों की एक रैली को कवर कर रहे थे, उस दौरान उन पर हमला हुआ। खालिस्तानी समर्थकों ने उनका गला दबाने की कोशिश की। फोन छीन लिया और उनको रिकॉर्डिंग करने से रोका। उनके साथ मारपीट भी की। ऐसा उनके साथ पहली बार हुआ।

**पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की हत्या सेलिब्रेट कर रहे**

पत्रकार ने बताया कि रैली में खालिस्तानी समर्थक पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या को सेलिब्रेट कर रहे थे और कह रहे थे कि वे भारतीय प्रधानमंत्री मोदी की पॉलिटिक्स को जी 7 में खत्म कर देंगे। वे खुद को इंदिरा गांधी के हत्यारों का अनुयायी बता रहे थे। उन्होंने कहा कि जब मैंने उनसे (खालिस्तान समर्थकों) से पूछा कि क्या आप उनकी राजनीति को उसी तरह खत्म करने जा रहे हैं, जिस तरह आपने इंदिरा गांधी की राजनीति को खत्म किया था? क्योंकि वे हत्यारों को अपने पूर्वज बताते हैं। वे कहते हैं कि हम इंदिरा गांधी के हत्यारों के वंशज हैं और वे हिंसा के इन कृत्यों का महिमामंडन कर रहे हैं।

**कनाडाई नेता दे रहे साथ**

मोचा ने कहा कि यह जानकर अफसोस होता है कि कनाडाई नेता इनका साथ दे रहे हैं। वे इनका इतिहास जानते हुए भी ऐसा कर रहे हैं। एक नागरिक होने के नाते मैं उम्मीद करता हूं कि राजनेताओं को इनसे दूर रहना चाहिए। कनाडा, अमेरिका, ब्रिटेन और न्यूजीलैंड में



खालिस्तानी प्रदर्शनों का दस्तावेजीकरण करने वाले बेजिरगन ने कहा कि रविवार को उन्हें डराने धमकाने वाली भीड़ का नेतृत्व एक आंदोलनकारी कर रहा था, जो उन्हें पहले भी ऑनलाइन परेशान कर चुका है।

## पैरामैट्रिक्स टेक्नोलॉजीज ने एच2 एफवाय25 में ईबीआईटीडीए में 50 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि दर्ज की

**मुंबई।** पैरामैट्रिक्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (पैरामैट्रिक्स), जो कि अत्याधुनिक एंटरप्राइज सॉफ्टवेयर समाधान और व्यापक आईटी सेवाओं का एक प्रतिष्ठित प्रदाता है, ने एच2 और वित्तीय वर्ष 2025 के लिए अपने ऑडिटेड वित्तीय परिणाम प्रकाशित किए हैं। पैरामैट्रिक्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के संस्थापक, प्रबंध निदेशक और सीईओ श्री मुकेश ढुमर ने कहा- वित्तीय वर्ष 2025 की दूसरी छमाही परमाट्रिक्स की यात्रा में एक निर्णायक अध्याय रही है। हमने अपनी मुख्य सेवा क्षेत्रों में मजबूत गति देखी है, जिसमें नए ग्राहक अनुबंधों और दीर्घकालिक समझौतों ने हमारे व्यवसाय को नई ऊर्जा प्रदान की है। जापान और दक्षिण-पूर्व एशिया जैसे नए भौगोलिक क्षेत्रों में हमारा विस्तार उत्साहजनक अवसरों के द्वार खोल रहा है, जिससे यह संकेत मिलता है कि हमारे समाधान वैश्विक स्तर पर डिजिटल परिवर्तन से गुजर रहे उद्यमों के बीच अच्छी तरह से गूंज रहे हैं।

यह छमाही केवल परिचालन प्रगति तक ही सीमित नहीं रही, बल्कि निर्णायक रणनीतिक पहलों द्वारा भी चिह्नित रही। जापान में हमारा अधिग्रहण अंतरराष्ट्रीय एकीकरण के लिए एक मजबूत नींव रखता है, जबकि इक्विटी बायबैक हमारी कंपनी के दीर्घकालिक मूल्य और अनुशासित पूंजी प्रबंधन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

इसके साथ ही, हम डिलीवरी उत्कृष्टता, प्रतिभा विकास और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी उभरती तकनीकों में निवेश जारी रख रहे हैं, ताकि उद्योग में नवाचार के अग्रिम पंक्ति में बने रहें।

वैश्विक आईटी सेवा परिदृश्य में डिजिटल परिवर्तन, एआई को अपनाने और क्लाउड माइग्रेशन की गति लगातार तेज हो रही है। इस गतिशील वातावरण में, परमाट्रिक्स चपलता और दूरदर्शिता के साथ नेतृत्व करने के लिए अच्छी तरह से तैयार है। हम इस प्रगति को आगे बढ़ाने और विकास के अगले चरण में स्थायी मूल्य सृजित करने के लिए उत्सुक हैं।

**ड्यूकॉन इन्फ्राटेक**

## एफवाय25 में 77 प्रतिशत लाभ और 43 प्रतिशत ईबीआईटीडीए वृद्धि

**मुंबई।** ड्यूकॉन इंफ्राटेक्नोलॉजीज़ लिमिटेड (एनएसई कोड : डीयूसीओएन 7 बीएसई कोड : 534674), जो कि भारत के ग्रीन एनर्जी की ओर संक्रमण को बढ़ावा देने वाली प्रमुख फॉसिल फ्यूल क्लीन टेक्नोलॉजी कंपनियों में से एक है, ने वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही और पूरे वित्त वर्ष के लिए अपने ऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। ड्यूकॉन इंफ्राटेक्नोलॉजीज़ लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर अरुण गोविल ने कहा, हम एफवाय25 के लिए मजबूत वित्तीय प्रदर्शन की रिपोर्ट करते हुए गर्व महसूस कर रहे हैं, जिसमें सभी प्रमुख मानकों में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। इस वर्ष हमने परियोजनाओं को सफलतापूर्वक निष्पादित किया और उच्च संभावनाओं वाले बाजारों में विस्तार किया। विशेष रूप से, परिचालन दक्षता बढ़ाने और लागत प्रबंधन को लेकर हमारे केंद्रित प्रयासों के परिणामस्वरूप ईबीआईटीडीए में 43.2 प्रतिशत और शुद्ध लाभ में 77.66 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि हुई है — जो हमारे अनुशासित निष्पादन और रणनीतिक समर्पण के स्पष्ट संकेत हैं।

यह प्रदर्शन नवाचार, स्थिरता और मूल्य सृजन के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। संचालन को सुव्यवस्थित करने, संसाधनों का इष्टतम उपयोग सुनिश्चित करने और वित्तीय अनुशासन बनाए रखने पर हमारे विशेष जोर ने लाभप्रदता को सुदृढ़ करने और हमारे विकास की नींव को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आगे बढ़ते हुए, हम उभरते अवसरों का लाभ उठाने, परिचालन उत्कृष्टता को आगे बढ़ाने और अपने हितधारकों को लगातार मूल्य प्रदान करने पर केंद्रित रहेंगे।

# भारत वर्ष 2030 तक 7-8 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बन सकता है

### आईजीआईसी 2025 में विशेषज्ञों ने ग्रामीण एवं टेक्नोलॉजी व औद्योगिक सुधारों में तेजी की वकालत की

**ये सुधार साहसिक, विकेंद्रीकृत और वास्तविक आर्थिक मूल्य केंद्रित होने चाहिए**




**बेंगलूरू, एजेंसी।** आईजीआईसी 2025 के समापन के अवसर पर आरियन कैपिटल के चेयरमैन मोहनदास पाई, स्मादजा एंड स्मादजा स्ट्रैटेजिक एडवाइजरी के चेयरमैन क्लॉड स्मादजा टीआईई बेंगलूरू के अध्यक्ष और टीआईई ग्लोबल के ट्रस्टी मदन पाडकी व कर्नाटक डिजिटल इकोनॉमी मिशन (केडीईएम) के सीईओ संजीव कुमार गुप्ताजैसे प्रख्यात वक्ताओंने भारत को 2030 तक 7-8 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था में तब्दील करने के लिए एक साहसिक रणनीतिक विजन की रूपरेखा पेश की। इस वार्ता ने महत्वपूर्ण कारकों के तौर पर डिजिटल टेक्नोलॉजीज़, ग्रामीण आर्थिक सशक्तिकरण, औद्योगिक वृद्धि और वैश्विक व्यापार के एकीकरण की भूमिका पर सबका ध्यान आकर्षित किया। आईजीआईसी 2025 में 300 से अधिक वैश्विक नेता और उद्योग जगत के विशेषज्ञ एकत्र हुए और उन्होंने प्रतिभागियों के साथ आगे की सोच वाले व्यापक विषयों पर चर्चा की जिसमें स्टार्टअप्स के लिए नए फंडिंग के रास्ते और रक्षा एवं सुरक्षा का भविष्य से लेकर एआई नवप्रवर्तन को गति देना, स्वच्छ ऊर्जा में तेजी लाना और टेक्नोलॉजी की भू-राजनीतिक की दिशा में चलना शामिल है। इस दौरान बातचीत में यह संभावना भी तलाशी गई कि कैसे नवप्रवर्तकों द्वारा अत्याधुनिक एआई का उपयोग किया जा रहा है। वहीं, वर्ष 2030 तक 7-8 ट्रिलियन डॉलर की भारतीय अर्थव्यवस्था की रूपरेखा तैयार की गई और सीमा पार नवप्रवर्तन को बढ़ावा देने और भारतीय नवप्रवर्तन को वैश्विक स्तर पर ले जाने की रणनीतियों पर भी विचार किया गया।

### इंडिया ग्लोबल इन्नोवेशन कनेक्ट (आईजीआईसी) 2025 के दूसरे दिन प्रमुख उद्योगपतियों के विचार

स्मादजा एंड स्मादजा स्ट्रैटेजिक एडवाइजरी के चेयरमैन क्लॉड स्मादजा ने कहा, भारत में 7-8 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की संभावना है, लेकिन इसके लिए स्पष्ट ध्यान और समय पर क्रियान्वयन की जरूरत पड़ेगी। किसी भी देश ने एक मजबूत औद्योगिक आधार के बगैर टिकाऊ वृद्धि हासिल नहीं की है और भारत को आरएंडडी विशेषकर निजी क्षेत्र से आरएंडडी में अधिक निवेश करते हुए उद्योग में अपनी हिस्सेदारी बढ़ानी होगी। एक ऊंची बचत दर और मजबूत फिनटेक क्षेत्र के साथ भारत के पास वृद्धि के लिए संसाधन जुटाने के टूल्स हैं। यहां आधार है और अब जरूरत त्वरित एवं प्रभावी ढंग से कार्रवाई करने की है।

आरियन कैपिटल के चेयरमैन मोहनदास पाई ने कहा, भारत हर पहलू में एक बहुत बड़ी अर्थव्यवस्था है और हम दूसरी या तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। यहां का बुनियादी ढांचा मजबूत है : हम निवेश कर रहे हैं, उपभोग बढ़ रहा है, सेवा क्षेत्र में तेजी है और जनसांख्यिकी लाभांश बरकरार है। हमारे पास प्रतिभाएं हैं, महत्वाकांक्षा है और आगे बढ़ने की क्षमता है। यह भी सही है कि व्यापार घाटा, क्रियान्वयन में देरी, कम तनख्वाह वाली नौकरियां जैसी चुनौतियां भी हैं, लेकिन हम वैश्विक वृद्धि में सबसे अधिक योगदान कर रहे हैं और जहां दुनिया बूढ़ी हो रही है, हम युवा बने हुए हैं। यदि हम सही क्रियान्वयन करें, अधिक निर्यात करें, हमारी कंपनियों को सख्त करें और बाजार में बने रहें तो यह देश वृद्धि करेगा। भारत में होने का यह बहुत ही उत्साहजनक समय है।

एसरी इंडिया के प्रबंध निदेशक अगेन्द्र कुमार ने कहा, भारत के 7-8 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के विजन में सहयोग के लिए जीआईएस और एआई शक्तिशाली तरीके से एकसाथ आ रहे हैं। चाहे वह अधिक स्मार्ट ढांचागत निगरानी को सुगम बनाने वाली स्वामित्व जैसी पहल के जरिए ग्रामीण भूमि को उत्पादक उपयोग में लाना हो या कृषि और फसल नियोजन में दक्षता लाने की बात हो, ये टेक्नोलॉजीज़ पहले ही वास्तविक प्रभाव पैदा कर रही हैं। इस संभावना का पूर्ण लाभ लेने के लिए हमें शिक्षा को मजबूत करना होगा और जियोस्पैटियल व एआई क्षेत्र में पाठ्यक्रम को अपडेट करना होगा जिससे उद्योग की मौजूदा जरूरतें पूरी की जा सकें और रोजगारपरकता में सुधार लाया जा सके। ये विकसित भारत 2047 के लिए आधारभूत टेक्नोलॉजीज़ हैं।

टीआईई बेंगलूरू के अध्यक्ष और टीआईई ग्लोबल के ट्रस्टी मदन पाडकीने भारत के शीर्ष 200 विश्वविद्यालयों को पूर्ण स्वायत्तता देने की जोरदार वकालत की। उन्होंने कहा, पाठ्यक्रमों को डिजाइन करने की स्वतंत्रता, पढ़ाई में नवाचार और अपना स्वयं के उद्भव का प्रबंधन महत्वपूर्ण है।

## पुलिस ने बड़े नकली कीटनाशक रैकेट का भंडाफोड़ किया


**मुंबई।** तेलंगाना पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए राजेंद्र चेचानी को गिरफ्तार किया है - जिसे राजू चेचानी के नाम से भी जाना जाता है, जो बड़े पैमाने पर नकली कीटनाशकों के रैकेट के मुख्य आरोपियों में से एक है। पुलिस ने स्थानीय पुलिस अधिकारियों के साथ समन्वित अभियान के दौरान 2 मई 2025 को राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले के बस्सी गांव स्थित उसके फार्महाउस से उसे गिरफ्तार किया।यह गिरफ्तारी भारत के कृषि क्षेत्र में नकली कीटनाशकों के बढ़ते खतरे को उजागर करती है, जहाँ भोले-भाले किसानों को अक्सर ऐसे उल्लंघनकर्ताओं द्वारा नकली उत्पादों के साथ धोखा दिया जाता है। ये नकली रसायन, हालांकि असली ब्रांड की तरह पैक किए जाते हैं, लेकिन अक्सर उनके हानिकारक या अप्रभावी अवयवों के कारण फसल को नुकसान पहुंचाते हैं जिसके कारण पैदावार कम होती है। नवीनतम गिरफ्तारी से कई राज्यों में फैली नकली कृषि रसायनों की आपूर्ति श्रृंखला में महत्वपूर्ण रूप से बाधा उत्पन्न होने की उम्मीद है।

## सैमसंग ने बीस्पोक एआई उपकरणों के लिए सैमसंग फाइनेंस+ की पेशकश की

**भारतीय उपभोक्ताओं को मिलेगी डिजिटल फाइनेंसिंग की सुविधा**

**गुरुग्राम, एजेंसी।** सैमसंग, भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, ने अपने लोकप्रिय डिजिटल लेंडिंग प्रोग्राम, सैमसंग फाइनेंस+ का विस्तार किया है। यह प्रोग्राम लोगों को सैमसंग के बीस्पोक एआई उपकरणों आसानी से खरीदने में मदद करता है। बैंगलोर और दिल्ली में सैमसंग आरएंडडी इंस्टीट्यूट द्वारा बनाया गया, सैमसंग फाइनेंस+ फाइनेंसिंग का पूरी तरह डिजिटल और आसान अनुभव देता है, जिसमें 15 मिनट में लोन मिल जाता है। यह प्रोग्राम बिना कागजी कार्रवाई के तेज़ी और आसानी से लोन प्रदान करता है। फाइनेंसिंग से ग्राहकों को सैमसंग के नए एआई-इनेबल्ड उपकरण जैसे रेफ्रिजरेटर्स, वाशिंग मशीनें और एयर कंडिशनर्स आसानी से मिलेंगे।

सैमसंग फाइनेंस+ को वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किया गया है ताकि ग्राहकों को कम से कम कागजी कार्रवाई में फौरन लोन स्वीकृति मिल सके। सैमसंग फाइनेंस+ के लोन डीएमआई फाइनेंस जैसे बड़े वित्तीय संस्थानों के साथ मिलकर दिए जाते हैं, जो डिजिटल लोन में माहिर हैं, ताकि ग्राहकों को तेज़ और सुगम अनुभव मिले। गुफरान आलम, वाइस प्रेसिडेंट, डिजिटल अप्लायंसेज, सैमसंग इंडिया ने कहा, सैमसंग में,




हम पूरे भारत में उपभोक्ताओं तक प्रीमियम टेक्नोलॉजी पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सैमसंग फाइनेंस+ हमारी इस सोच का प्रमाण है। डिजिटल नवाचार और आसान पहुंच के साथ, हम फाइनेंसिंग की प्रक्रिया को सरल बना रहे हैं और वित्तीय समावेशन बढ़ा रहे हैं, ताकि उपभोक्ता हमारे बीस्पोक एआई उपकरणों, जैसे रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन और एयर कंडीशनर की मदद से अपनी लाइफस्टाइल को और बेहतर बना सकें।

### सैमसंग फाइनेंस+ कैसे काम करता है

उपभोक्ता सैमसंग डाट काम या रिटेल स्टोर्स पर कुछ आसान चरणों में सैमसंग फाइनेंस+ के माध्यम से लोन ले सकते हैं।

## थिंक गैस द्वारा त्वरित कार्रवाई से भोपाल में तीसरे पक्ष द्वारा उत्खनन की घटना के बाद गैस आपूर्ति बहाल हुई

**भोपाल।** थिंक गैस ने रामेश्वरम सोसायटी, बागसेवनिया, भोपाल में अपनी पाइपलाइन को तीसरे पक्ष द्वारा नुकसान पहुँचाने की घटना के बाद गैस आपूर्ति बहाल करने के लिए त्वरित कार्रवाई की। सूचना मिलने के बाद, थिंक गैस की टीम और आपातकालीन प्रतिक्रिया वाहन तुरंत उस स्थान पर पहुँचे। उन्होंने पाया कि यह क्षति सोसायटी द्वारा किए गए सीवर लाइन उत्खनन कार्य के दौरान हुई थी, जिसने अनजाने में एमडीपीई गैस पाइपलाइन को प्रभावित किया था। घटना की अप्रत्याशित प्रकृति के बावजूद, थिंक गैस की टीमों ने तेजी से क्षति को ठीक किया और गैस की आपूर्ति फिर से शुरू की, जिससे निवासियों को होने वाली असुविधा कम हुई।

थिंक गैस इस बात पर जोर देती है कि गैस पाइपलाइनों के पास कोई भी उत्खनन कार्य शुरू करने से पहले पूर्व सूचना देने पर ऐसी घटनाओं से बचा जा सकता है। बिना जानकारी के खुदाई करने से न केवल गैस की आपूर्ति बाधित होती है, बल्कि जान-माल की सुरक्षा को भी खतरा होता है। निवासियों और स्थानीय अधिकारियों से अनुरोध है कि वे ऐसी किसी भी गतिविधि से पहले थिंक गैस को सूचित करें ताकि सेवा की सुरक्षा और निरंतरता सुनिश्चित हो सके। गैस पाइपलाइन को नुकसान पहुँचाने का कृत्य स्पष्ट रूप से पेट्रोलियम और खनिज पाइपलाइन (भूमि में उपयोगकर्ता के अधिकार का अधिग्रहण) अधिनियम, (पीएमपी अधिनियम) 1962 की धारा 15 (1) और (2) के साथ-साथ आईपीसी की संबंधित धाराओं के तहत अपराध की श्रेणी में आता है।

# भोपाल में खुला कुशल्स फैशन ज्वेलरी का पहला स्टोर

**डी.बी सिटी मॉल में अब मिलेगा फैशन और सिल्वर ज्वेलरी का शानदार कलेक्शन**

**भोपाल।** भारत के सबसे बड़े फैशन और सिल्वर ज्वेलरी ब्रांड, कुशल्स ने भोपाल में अपना पहला स्टोर लॉन्च किया है, जो ब्रांड के विस्तार की यात्रा में एक अहम् उपलब्धि है। डी.बी सिटी मॉल के सेकंड फ्लोर पर खुले इस स्टोर के ज़रिए अब शहर के लोग पहली बार कुशल्स की खूबसूरत फैशन व सिल्वर ज्वेलरी की सिग्नेचर रेंज का अनुभव ले सकेंगे। इस नए स्टोर में 5000 से भी अधिक डिज़ाइन्स का बेजोड़ कलेक्शन मौजूद है, जो ऑफिस के पहनावे, वेडिंग लुक से लेकर कैजुअल आउटिंग, त्यौहारों और बाकि खास मौकों के लिए एकदम परफेक्ट है। चमचमाते ज़िरकॉन पीसेज़ से लेकर एलीगेंट कुंदन सेट्स, खूबसूरत एंटीक डिज़ाइन्स और ट्रेंडी स्टर्लिंग सिल्वर ज्वेलरी तक, कुशल्स का फैशन ज्वेलरी कलेक्शन आधुनिक भारतीय ग्राहकों की विविध पसंद और जरूरतों को बखूबी पूरा करता है।

भोपाल में फैशन के प्रति लोगों का रुझान अधिक है, ऐसे में यह मध्य भारत में कुशल्स फैशन ज्वेलरी के विस्तार के लिए एक आदर्श स्थान है। नए स्टोर में हार, चोकर, ईयररिंग्स, पेंडेंट सेट्स, ब्रेसलेट, कड़े, माँगटीका और हेयर ब्रूच आदि की शानदार रेंज मौजूद है, जो ट्रेडिशनल क्राफ्ट्समेनशिप और मॉडर्न एस्थेटिक का खूबसूरत संगम पेश करते हैं। स्टोर लॉन्च पर बात करते हुए कुशल्स फैशन ज्वेलरी के मार्केटिंग डायरेक्टर, श्री अंकित गुलेछा ने कहा, भोपाल में कुशल्स लॉन्च करके हम बेहद उत्साहित हैं। हमारा लक्ष्य हमेशा से ट्रेडिशन और मॉडर्निटी के बीच एक खूबसूरत बैलेंस बनाना रहा है, ताकि आज के समय की भारतीय महिलाओं की पसंद को हम ज्वेलरी के जरिए पूरा कर सकें। हमारा नया स्टोर न सिर्फ स्टाइलिश कलेक्शंस से गुलज़ार है, बल्कि ग्राहकों को एक अलग और सबसे खास शॉपिंग अनुभव भी प्रदान करता है।

**गोदरेज इंडस्ट्रीज ग्रुप, बीएमसी और भामला फाउंडेशन**

## प्लास्टिक प्रदूषण के खिलाफ सामूहिक कार्रवाई

**मुंबई, एजेंसी।** गोदरेज इंडस्ट्रीज ग्रुप ने बृहन्मुंबई नगर निगम और भामला फाउंडेशन के सहयोग से प्लास्टिक प्रदूषण को हराओ अभियान शुरू किया है, जिसे संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम का समर्थन प्राप्त है। यह पहल प्लास्टिक प्रदूषण सहित गंभीर पर्यावरणीय चुनौतियों और धरती पर जीवन को बनाए रखने के लिए मिट्टी, पौधों और व्यापक पर्यावरण की रक्षा की आवश्यकता को संबोधित करती है। गोदरेज इंडस्ट्रीज ग्रुप के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर नादिर गोदरेज ने संगठन की सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता और सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए कहा, गोदरेज इंडस्ट्रीज ग्रुप में, लोगों और पृथ्वी के महत्व को सर्वोच्च प्राथमिकता देना हमारे मूल आदर्शों का अभिन्न हिस्सा है। पिछले एक दशक में हमने स्थायित्व की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है। आज हमारी 64 प्रतिशत ऊर्जा नवीकरणीय स्त्रोतों से प्राप्त होती है, और हमने प्लास्टिक पैकेजिंग की मात्रा में 20 प्रतिशत से अधिक की कमी की है। हमें इस बात पर गर्व है कि हम अपनी समस्त उपभोक्ता-पूर्व और उपभोक्ता-बाद प्लास्टिक पैकेजिंग का 100 प्रतिशत संग्रहण और पुनर्चक्रण करते हैं। गोदरेज इंडस्ट्रीज ग्रुप पर्यावरण संरक्षण को एक साझा ज़िम्मेदारी मानता है, और हम मानते हैं कि सामूहिक प्रयास ही स्थायी परिवर्तन का आधार बन सकते हैं। अपने कचरा प्रबंधन परियोजनाओं के माध्यम से, हमने 63,000 मीट्रिक टन से अधिक कचरे को लैंडफिल में जाने से रोका है, जिससे ज़मीन को मुक्त किया गया और पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने में सफल रहे।यह अभियान हमारे द्वारा सार्थक पर्यावरणीय परिवर्तन को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता का एक स्वाभाविक विस्तार है। प्लास्टिक प्रदूषण और नवीकरणीय ऊर्जा जैसी गंभीर चुनौतियों को संबोधित कर, हम सामूहिक प्रयास को प्रेरित करना चाहते हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक टिकाऊ विरासत बनाना चाहते हैं।

## सोनालीका ने वित्त वर्ष 2026 में मई की अपनी अब तक की सर्वाधिक कुल 14,213 ट्रैक्टर बिक्री के साथ बढ़त हासिल की

**भारतीय कृषि परिदृश्य में परिवर्तन लाने के लिए सोनालीका अपने हैवी ड्यूटी ट्रैक्टरों के साथ लगातार आगे रहा है जो अधिकतम कृषि उत्पादन देने के लिए उन्नत तकनीक से लैस हैं।**



**नई दिल्ली ।** भारत से ट्रैक्टर एक्सपोर्ट में नंबर 1 ब्रांड सोनालीका ट्रैक्टर्स ने वित्त वर्ष 26 की अपनी यात्रा को तेज करते हुए मई की अपनी अब तक की सर्वाधिक कुल 14,213 ट्रैक्टरों की बिक्री दर्ज की है। यह नई उपलब्धि सोनालीका के ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण और परिणाम-उन्मुख इनोवेशन का नतीजा है जो किसानों को शानदार सफलता सुनिश्चित करता है। ब्रांड अपने हैवी ड्यूटी ट्रैक्टरों के साथ भारतीय कृषि परिदृश्य में परिवर्तन लाने में लगातार आगे रहा है, जो क्षेत्रीय मिट्टी की विविधता में अधिकतम कृषि उत्पादन के लिए सबसे बड़े इंजन, उन्नत ट्रांसमिशन और सटीक हाइड्रोलिक्स जैसे कई फीचर से लैस हैं। मानसून का समय से आगमन पर किसानों में पहले ही सकारात्मकता और आशावाद की लहर है। किसान-केंद्रित पहल और विश्व स्तरीय कृषि-तकनीक को अपनाने के साथ, सोनालीका ने यह भी सुनिश्चित किया है कि ट्रैक्टरों में इसका हर इनोवेशन सीधे उन लोगों को लाभ दे जो देश को भोजन प्रदान करते हैं। किसानों के लिए किफायती कीमतों पर गुणवत्तापूर्ण उत्पाद प्रदान करने हेतु ब्रांड ने अपना रोमांचक 'सोनालीका जून डबल जैकपॉट ऑफर' भी लॉन्च किया है, जो उन्हें 1,975 पुरस्कार जीतने का मौका देता है। अपने विचार साझा करते हुए, श्री रमन मित्तल, जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड, ने कहा, हमारा हर इनोवेशन किसानों के जीवन में एक दीर्घकालिक प्रभाव प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है और हम वित्त वर्ष%26 में मई की अपनी अब तक की सर्वाधिक कुल 14,213 ट्रैक्टरों की बिक्री दर्ज करके उत्साहित हैं।

## फोनपे नए फीचर फोन यूजर के लिए यूपीआई पेमेंट शुरू करने जा रहा है

**मुंबई एजेंसी।** फोनपे लिमिटेड (फोनपे) ने आज फीचर फोन पर, यूपीआई-आधारित पेमेंट चालू करने के लिए कन्वर्सेशनल एन्गैज्मन्ट प्लेटफॉर्म गपशप की प्रोप्राइटरी वाले 'जीएसपे' टेक्नोलॉजी स्टैक के आईपी खरीद की घोषणा की । जीएसपे एक मोबाइल ऐप्लिकेशन है, जो फीचर फोन के लिए, एनपीसीआइ द्वारा बनाए गए यूपीआई पेमेंट सलूशन पर आधारित है।

फोनपे ने हाल ही में अधिग्रहित किए गए जीएसपे आईपी को कस्टमाइज़ करने और यूज़र्स के लिए भारत में यूपीआई पेमेंट मोबाइल ऐप आधारित अपना खुद का फीचर फ़ोन लाने की योजना बनाई है। जिसे आने वाली तिमाहियों में लॉन्च किया जाएगा। फोनपे का लक्ष्य सभी बुनियादी यूपीआई फीचर प्रदान करना है, जैसे बी2बी ट्रांसफर, ऑफलाइन त्त्क्र पेमेंट, और किसी भी अन्य यूपीआई ग्राहक से उनके मोबाइल नंबर या सेल्फ-त्त्क्र पर आसानी से पैसे प्राप्त करना। इसका उद्देश्य फीचर फोन और स्मार्टफोन यूजर के बीच पूर्ण पेमेंट अंतर-संचालन क्षमता बनाना तथा उन करोड़ों भारतीयों को भारतीय डिजिटल पेमेंट जगत में शामिल करना है जो अभी भी फीचर फोन का उपयोग करते हैं।

## चांदी ने बनाया नया रिकॉर्ड, पहली बार 1.06 लाख के पार भाव, अभी दांव लगाना सही या नहीं




**नई दिल्ली, एजेंसी।** चांदी की कीमतों में तेजी का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया यानी एमसीएक्स पर चांदी ने एक नया रिकॉर्ड बनाया है।

सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को चांदी की कीमत पहली बार एक लाख 6 हजार रुपये के पार पहुंच गई। यह चांदी के अब तक का उच्चतम स्तर है। इससे पहले गुरुवार को भी चांदी ने ने नया रिकॉर्ड बनाते हुए एक लाख 4 हजार रुपये के स्तर को पार किया था। शुक्रवार की बढ़त के साथ 2025 में अब तक चांदी में लगभग 22 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो सोने की लगभग 27 प्रतिशत की तेजी के बराबर है।

**क्या कहते हैं एक्सपर्ट-** विश्लेषकों का मानना है कि संस्थागत मांग के साथ-साथ आपूर्ति की कमी चांदी की कीमतों को बढ़ा रही है।

इसके अतिरिक्त भू-राजनीतिक जोखिमों के बीच चल रही अनिश्चितता सोने और चांदी जैसी कीमती धातुओं की मांग को बरकरार रख रही है। मिंट की खबर में मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के कमोडिटी रिसर्च के वरिष्ठ विश्लेषक मानव मोदी ने कहा कि सोने के मुकाबले कमजोर प्रदर्शन करने के बाद चांदी ने अचानक निवेशकों को अट्रैक्ट किया है।

उन्होंने कहा कि अब अमेरिकी गैर-कृषि पेरोल और बेरोजगारी दर के आंकड़ों पर नजर रहेगी। ये आंकड़े सोने और चांदी के लिए आगे की दिशा तय कर सकते हैं। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, मई में गैर-कृषि पेरोल में 130,000 नौकरियों की वृद्धि होने की संभावना है, जबकि बेरोजगारी दर 4.2 प्रतिशत पर स्थिर रहने की उम्मीद है।

**कहां तक जा सकती है चांदी की कीमत-** एलकेपी सिक्योरिटीज के एक्सपर्ट जतिन त्रिवेदी का मानना है कि चांदी के लिए पूर्वानुमान मजबूत बना हुआ है। त्रिवेदी ने कहा कि पिछले दो वर्षों में चांदी में लगभग 60 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।




## इंफोसिस ने गिफ्ट सिटी में नया विकास केंद्र खोला

**नई दिल्ली।**

इंफोसिस ने गांधीनगर` स्थित गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी (गिफ्ट सिटी) में एक नया विकास केंद्र का शुभारंभ` किया है। यह केंद्र वैश्विक बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और बीमा (बीएफएसआई) ग्राहकों के लिए समाधान विकसित करेगा। इस केंद्र का उद्घाटन गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्रभाई पटेल ने किया और इसमें 1,000 से अधिक कर्मचारियों को समायोजित करने की क्षमता है। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि यह एक प्रमुख प्रौद्योगिकी आधारित वित्तीय केंद्र के रूप में कार्य करेगा, जो वैश्विक बीएफएसआई ग्राहकों के लिए उन्नत डिजिटल समाधान देगा। इसमें बताया गया कि केंद्र की सेवाएं डिजिटल बैंकिंग, नियामक मामलों, व्यापार वित्त, पूंजी बाजार, कार्ड और भुगतान, जोखिम और अनुपालन प्रबंधन सहित कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में फैली होंगी।

## वाहन उद्योग ने चीन से दुर्लभ पृथ्वी चुंबकों के आयात में सरकार से मदद मांगी

**नई दिल्ली।**

वाहन उद्योग ने यात्री कारों सहित विभिन्न अनुप्रयोगों में उपयोग होने वाले दुर्लभ पृथ्वी चुंबकों के आयात के लिए चीन की सरकार से मंजूरी में तेजी लाने के लिए सरकार से मदद की गुहार लगाई है। इसके परिणामस्वरूप, विभिन्न अनुप्रयोगों में उपयोग होने वाले चुंबकों की आपूर्ति में वाहन उद्योग को बड़ी मुश्किलें आ सकती हैं। सूत्रों के मुताबिक, अब तक कोई अनुमति नहीं मिली है और व्यापारिक संबंध को दरकिनार करना पड़ सकता है। चीन ने सात दुर्लभ पृथ्वी तत्वों और संबंधित चुंबकों के लिए निर्यात लाइसेंस को अनिवार्य बनाया है, जिससे उपयोगकर्ताओं को पहले अनुमति प्राप्त करनी होगी। इस स्थिति में, वाहन उद्योग के व्यापारिक अनुभवी ने भविष्य के लिए चुंबकों की आपूर्ति में बड़ी कठिनाइयां आने की संभावना देखी है।

## रेपो रेट में कटौती से फ्लोटिंग रेट होम लोन लेने वालों को होगा लाभ

**पुराने बेस रेट या एमसीएलआर से जुड़े लोगों को नहीं मिलेगा फायदा**

**मुंबई।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को रेपो रेट में 50 बेसिस प्वाइंट की कटौती की है, जिससे रेपो रेट 5.50 प्रतिशत हो गई है। इस कटौती से होम लोन और कार लोन जैसे ऋण सस् ते हो सकते हैं। हालांकि, इसका फायदा रेपो रेट लिंक्ड फ्लोटिंग रेट होम लोन लेने वाले ग्राहकों को ही होगा। जिन ग्राहकों के लोन अभी भी पुराने बेस रेट या एमसीएलआर से जुड़े हैं, उन्हें रेपो रेट में कटौती का कोई फायदा नहीं मिलेगा और ज यादा ब याज चुकाना होगा। वित तीय सलाहकारों का कहना है कि इस समय ग्राहकों को रेपो-लिंक्ड लोन में स्विच करने पर विचार करना चाहिए। एक रिपोर्ट के अनुसार, बैंक बाजार डॉट कॉम के एक अ धिकारी का कहना है कि रेपो-लिंक्ड लोन में स्विच करने पर विचार करना खासतौर पर इस समय जरूरी है क्योंकि आरबीआई ने इस साल 2025 में तीसरी बार रेपो रेट घटाकर 5.50 प्रतिशत कर दी है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि रेपो-लिंक्ड लेंडिंग रेट ज्यादा पारदर्शी है और रेपो रेट में बदलाव का असर तुरंत दिखता है। उदाहरण के लिए अगर किसी के पुराने एमसीएलआर लिंक्ड होम लोन की ब्याज दर 8.5 प्रतिशत है और वे 7.5 प्रतिशत के आसपास रेपो लिंक्ड होम लोन में स्विच करते हैं, तो उनकी ईएमआई में कमी होगी। अ धिकारी का कहना है कि यदि आपका मौजूदा बैंक रेपो रेट में कटौती का फायदा नहीं दे रहा है, तो बैलेंस ट्रांसफर का विकल्प के बारे में सोचें।

# भारत में 2022-23 में गरीबी घटकर 5.3 फीसदी हो गईः विश्व बैंक

**नई दिल्ली।**

भारत की अत्यधिक गरीबी दर में एक बड़ा उतार-चढ़ाव दर्ज किया गया है। 2011-12 में 27.1 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में सिर्फ 5.3 प्रतिशत रह गई है। विश्व बैंक ने अपनी गरीबी रेखा को संशोधित कर तीन डॉलर प्रति दिन अपडेट किया है। तीन डॉलर की संशोधित गरीबी रेखा ने 2021 की कीमतों में 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है, जिससे 2022-23 में गरीबी दर 5.3 प्रतिशत रहेगी। विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार 2024 में भारत में 54,695,832 लोग तीन डॉलर प्रतिदिन से कम पर जीवन यापन कर रहे थे। इससे तीन डॉलर प्रतिदिन पर गरीबी दर 5.44 प्रतिशत है। रिपोर्ट ने दर्शाया कि अत्यधिक गरीबी की दर 16.2 प्रतिशत से घटकर 2.3 प्रतिशत हो गई है और निम्न मध्यम आय वाले देशों में गरीबी दर में 33.7 प्रतिशत की गिरावट आई है। गरीबी कम करने में मुफ्त और रियायती खाद्यान्न हस्तांतरण का महत्वपूर्ण योगदान है, जिससे ग्रामीण-शहरी गरीबी का अंतर कम हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार पांच सबसे अधिक आबादी वाले राज्यों में 54 प्रतिशत अत्यंत गरीब लोग रहते हैं। अर्थव्यवस्था के संदर्भ में, रिपोर्ट ने बताया कि पिछले वित्त वर्ष 2024-25 तक भारत की वास्तविक जीडीपी महामारी-पूर्व प्रवृत्ति स्तर से लगभग पांच प्रतिशत कम थी। विश्व बैंक की रिपोर्ट ने बताया कि मौजूदा वैश्विक अनिश्चितताओं को व्यवस्थित तरीके से हल कर लिया गया है, और 2027-28 तक वृद्धि धीरे-धीरे संभावित स्तर पर वापस आ जाएगी। इस रिपोर्ट में व्यापार तनाव के मामले में भारत के निर्यात की मांग कम होने और निवेश में देरी की संभावना दर्ज की गई है। चालू खाता घाटा 2026-28 के दौरान सकल घरेलू उत्पाद के औसतन 1.2 प्रतिशत के आसपास रहने की उम्मीद है।

## हुंदै, मारुति सुजुकी को निर्यात में मजबूत वृद्धि की उम्मीद

**नई दिल्ली।**

मारुति सुजुकी और हुंदै मोटर इंडिया को चालू वित्त वर्ष में निर्यात में अच्छी वृद्धि की उम्मीद है। हुंदै मोटर इंडिया चालू वित्त वर्ष में मात्रा के लिहाज से अपने निर्यात में एकल अंकों की वृद्धि की उम्मीद कर रही है। दूसरी ओर मारुति सुजुकी अपने निर्यात में मात्रा के लिहाज से लगभग 20 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद कर रही है। हुंदै मोटर इंडिया के एक अ धिकारी ने एक बातचीत के दौरान विश्लेषकों को बताया कि हमारा लक्ष्य दक्षिण कोरिया के बाहर हुंदै का सबसे बड़ा निर्यात केंद्र बनना है। हम आने वाले वर्षों में निर्यात में अपनी वृद्धि को जारी रखने की आकांक्षा रखते हैं। उन्होंने कहा कि हाल के महीनों में निर्यात में मजबूत गति आई है। हुंदै मोटर इंडिया ने वित्त वर्ष 2024-25 में 1,63,386 वाहनों का निर्यात किया, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में यह आंकड़ा 1,63,155 इकाई था। दूसरी ओर मारुति सुजुकी इंडिया का लक्ष्य चालू वित्त वर्ष में निर्यात बाजारों में चार लाख इकाई बेचने का है।

## लोकप्रिय हैचबैक कार अल्ट्रोज का फेसलिफ्ट वर्जन लॉन्च

**नई दिल्ली।**

भारतीय बाजार में टाटा मोटर्स ने अपनी लोकप्रिय हैचबैक कार अल्ट्रोज का फेसलिफ्ट वर्जन लॉन्च कर दिया है। देशभर की डीलरशिप पर यह नई टाटा अल्ट्रोज फेसलिफ्ट पहुंचनी शुरू हो गई है। इसकी डिलीवरी भी जल्द ही शुरू होने जा रही है। ग्राहक अपनी नजदीकी टाटा डीलरशिप पर जाकर नई अल्ट्रोज की बुकिंग कर सकते हैं। इस अपडेटेड मॉडल की एक्स-शोरूम कीमत 6.89 लाख रुपये से शुरू होकर टॉप वेरिएंट के लिए 11.49 लाख रुपये तक जाती है। नई अल्ट्रोज के लुक्स में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। इसमें नया फ्रंट ग्रिल, डे-टाइम रनिंग लाइट्स, फुल-एलईडी स्प्लिट हेडलाइट्स और नया डिज़ाइन किया गया बंपर शामिल हैं। केबिन में भी इस फेसलिफ्ट मॉडल को पहले से ज्यादा मॉडर्न और प्रीमियम बनाया गया है। इसमें अब क्लीन डैशबोर्ड डिजाइन, 10.25-इंच ऑल-डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, इलेक्ट्रिक सनरूफ, क्रूज कंट्रोल, रियर एसी वेंट्स, ऑटो एसी कंट्रोल, एम्बिएंट लाइटिंग और 360-डिग्री कैमरा जैसे एडवांस फीचर्स दिए गए हैं। इंजन ऑप्शन में कोई बदलाव नहीं किया गया है। कार में पहले की तरह ही 1.2-लीटर पेट्रोल इंजन, 1.5-लीटर डीजल इंजन और सीएनजी वर्जन की सुविधा मिलती है। बाजार में इसका सीधा मुकाबला हुंडई आई 20, मारुति बलेनो और टोयोटा ग्लैंजा जैसी प्रीमियम हैचबैक कारों से होगा। इसके अलावा, फ्लश-फिटिंग इल्यूमिनेटेड डोर हैंडल और नए 16-इंच के 5-स्पोक अलॉय व्हील्स इसके प्रीमियम लुक को और निखारते हैं।

# वैश्विक रुझान, मुद्रास्फीति के आंकड़े से तय होगी बाजार चाल

**मानसून की प्रगति और बुवाई के रुझानों से भी बाजार प्रभावित होगा**

**मुंबई।**

बीते सप्ताह एक फीसदी की तेजी पर बंद` हुए शेयर बाजार की चाल इस सप्ताह वैश्विक रुझानों, मुद्रास्फीति के आंकड़ों और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों से तय होगी। विश्लेषकों को यह उम्मीद है। इसके अलावा मानसून की प्रगति और व्यापार वार्ता से संबंधित घटनाक्रमों पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। बाजार` विशेषज्ञों ने कहा` कि कारोबारियों की नजर प्रमुख वृहद आर्थिक आंकड़ों पर होगी। मांग के रुझान और केंद्रीय बैंक के अगले कदमों का अनुमान लगाने के लिए सीपीआई मुद्रास्फीति जैसे उच्च आवृत्ति संकेतकों पर बारीकी से नजर रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि मानसून की प्रगति और बुवाई के रुझानों से भी बाजार प्रभावित होगा, क्योंकि इनका असर ग्रामीण खपत पर होता है। उन्होंने कहा कि वैश्विक मोर्चे पर व्यापार वार्ता और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में उतार-चढ़ाव से




निवेशकों की भावना प्रभावित होगी। बाजार के एक अन्य जानकार कहते हैं` कि हमें उम्मीद है कि भारतीय बाजारों में धीरे-धीरे तेजी आएगी, जिसे आरबीआई द्वारा उम्मीद से अधिक ब्याज दरों में कटौती और अमेरिका-भारत व्यापार समझौते को लेकर आशावाद से समर्थन मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस बीच अमेरिकी शुल्क में अप्रत्याशित बदलाव और मौजूदा भू-राजनीतिक तनाव सहित वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण अस्थिरता पैदा हो सकती है। मुद्रास्फीति में कमी और आरबीआई द्वारा ब्याज दरों में की गई आक्रामक कटौती से वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच निवेशकों का भरोसा बढ़ने की संभावना है।

# यूटयूब के आईओएस ऐप का नया अपडेट वर्जन लांच

**नई दिल्ली।**

पुराने आईफोन और आईपेड मॉडल्स का इस्तेमाल कर रहे यूजर्स के लिए बुरी खबर है। ऐसे फोन्स के यूजर्स को अब यूटयूब चलाने में दिक्कत पेश आएगी।

यूटयूब ने अपने आईओएस ऐप का नया अपडेट वर्जन 20.22.1 जारी कर दिया है, जो 3 जून 2025 से लागू हो चुका है। इस अपडेट के बाद अब यूटयूब ऐप केवल आईओएस या आईपेडओएस 16.0 और उससे ऊपर के वर्जन पर ही काम करेगा।

इसका सीधा असर उन यूजर्स पर पड़ा है जो पुराने आईफोन और आईपेड मॉडल्स का इस्तेमाल कर रहे थे। आईफोन 6, आईफोन 7, आईफोन एसई (पहली जेनरेशन), आईपेडस मिनी 4 और आईपेडस एयर 2 जैसे डिवाइसेज़ अब यूटयूब ऐप को सपोर्ट नहीं करेंगे, क्योंकि ये डिवाइसेज़ आईओएस 16 तक अपडेट नहीं हो सकते।

इस बदलाव का मतलब है कि इन डिवाइसेज़ पर अब यूटयूब ऐप के जरिए न तो वीडियो स्ट्रीमिंग की जा सकेगी, न ही प्लेलिस्ट या अकाउंट एक्सेस किया जा सकेगा। यह फैसला लाखों यूजर्स के लिए झटका है जो अभी तक अपने पुराने उपकरणों पर यूटयूब का नियमित रूप से इस्तेमाल कर रहे थे। हालांकि, एक अस्थायी समाधान के तौर पर वे अपने ब्राउज़र, जैसे सफारी का उपयोग करके यूटयूब वेबसाइट देख सकते हैं, लेकिन यह ऐप जितना आसान और सुगम अनुभव नहीं देगा।

यूटयूब की ओर से इस बदलाव को लेकर सफाई दी गई है कि यह निर्णय नए फीचर्स और बेहतर परफॉर्मेंस सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है। ऐसे में डेवलपर्स को मजबूरी में पुराने सिस्टम्स का सपोर्ट हटाना पड़ता है, ताकि वे भविष्य की तकनीकों और यूजर एक्सपीरियंस को बेहतर बना सकें। कंपनी का कहना है कि पुराने ऑपरेटिंग सिस्टम्स के लिए ऐप को मेंटेन करना मुश्किल हो जाता है, क्योंकि वे नई सिक्योरिटी और परफॉर्मेंस तकनीकों को सपोर्ट नहीं कर पाते।

## एफपीआई ने जून में इक्विटी से 8,749 करोड़ निकाले

**नई दिल्ली।**

विदेशी निवेशकों ने इस महीने के पहले सप्ताह में भारतीय इक्विटी बाजारों से 8,749 करोड़ रुपये की निकासी की। ऐसा अमेरिका-चीन के बीच नये सिरे से व्यापार तनाव बढ़ने और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में बढ़ोतरी के कारण हुआ। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक इससे पहले मई में 19,860 करोड़ रुपये और अप्रैल में 4,223 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश हुआ था। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने मार्च में 3,973 करोड़ रुपये, फरवरी में 34,574 करोड़ रुपये और जनवरी में 78,027 करोड़ रुपये निकाले थे। ताजा निकासी के साथ, 2025 में अब तक कुल निकासी 1.01 लाख करोड़ रुपये हो गई है। जानकारों ने कहा कि अमेरिका-चीन के बीच व्यापार तनाव बढ़ने और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में तेजी के चलते निकासी हुई है। मंदी की आशंका के चलते निवेशक सुरक्षित परिसंपत्तियों की ओर जा रहे हैं। इसके अलावा ईरान पर लगाए गए प्रतिबंधों का कथित रूप से उल्लंघन करने पर अदाणी समूह के खिलाफ अमेरिका में जांच शुरू होने की खबरों ने भी निवेशकों के विश्वास को कम किया। हालांकि आरबीआई के रेपो दर में आधा प्रतिशत की कटौती से बाजार की भावना मजबूत हुई।

# सेबी ने इंडसइंड बैंक के आदेश को संशो धित किया

**चल रही जांच के बीच शीर्ष अधिकारियों के नाम किए घोषित**

**मुंबई।**

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने इंडसइंड बैंक लिमिटेड के खिलाफ अपने अंतरिम आदेश में एक महत्वपूर्ण संदर्भ जारी किया है।

जांच में पाया गया कि बैंक ने वित्तीय नुकसान की सूचना छिपाई और निष्कर्षों को स्टॉक एक्सचेंजों को खुलासा नहीं किया। इसके चलते समर्थन और भ्रष्टाचार कर्मीयों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। सेबी ने चार वरिष्ठ अधिकारियों को भी नामित किया है जिन्हें प्रतिभूतियों को खरीदने, बेचने या उनमें सौदा करने से रोक दिया गया है। बैंक की स्थिति के बारे में आरबीआई गवर्नर ने जानकारी दी कि सभी प्रयास बैंक को स्थिर करने के दिशा में हो रहे हैं। इसके साथ ही बैंक ने लेखा मानकों को बेहतर बनाने के लिए कदम उठाए हैं जिससे उसका प्रदर्शन भी सुधर रहा है। सेबी ने पाया कि बैंक ने 10 मार्च, 2025 तक इन निष्कर्षों का स्टॉक एक्सचेंजों को खुलासा नहीं किया, न ही 4 मार्च, 2025 तक जानकारी को अप्रकाशित मूल्य-संवेदनशील डेटा के रूप में चिह्नित किया।




केपीएमजी ने कथित तौर पर विशिष्ट लेखांकन प्रविष्टियों सहित संख्याओं को सत्यापित करने के लिए बैंक अधिकारियों के साथ आगे की चर्चा की। अपने अंतरिम आदेश में, सेबी ने मामले में उनकी कथित भूमिकाओं के लिए चार वरिष्ठ अधिकारियों को नामित किया: अरुण खुराना, पूर्व कार्यकारी निदेशक और डिप्टी सीईओ; सुशांत सौरव, ट्रेजरी संचालन के प्रमुख; रोहन जथन्ना, जीएमजी संचालन के प्रमुख; और अनिल मार्को राव, उपभोक्ता बैंकिंग संचालन के लिए मुख्य प्रशासनिक अधिकारी। इन व्यक्तियों को अगली सूचना तक किसी भी रूप में प्रतिभूतियों को खरीदने, बेचने या उनमें सौदा करने से रोक दिया गया है।

# महिंद्रा बनी दूसरी सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी

**नई दिल्ली।**

लंबे समय तक नंबर-2 स्थान पर काबिज रही हुंडई और टाटा को पीछे छोड़ते हुए महिंद्रा ने दूसरी सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी बनने का स्थान हासिल किया है। मई 2025 के ऑटो इंडस्ट्री के बिक्री आंकड़े सामने आए हैं, जिनमें कई बड़े बदलाव देखने को मिले हैं।

मई महीने महिंद्रा ने 52,431 यूनिट्स की बिक्री की, जो पिछले साल के 43,218 की तुलना में 21.3प्रतिशत की बढ़त है। मारुति सुजुकी अब भी शीर्ष पर बनी हुई है, लेकिन उसे 5.6प्रतिशत की गिरावट का सामना करना पड़ा है। कंपनी ने मई 2025 में 1,35,962 यूनिट्स बेचीं, जबकि मई 2024 में यह संख्या 1,44,002 थी। हुंडई ने 43,861 यूनिट्स बेचीं, जिसमें 10.8प्रतिशत की गिरावट आई है। टाटा मोटर्स की बिक्री 41,557 यूनिट्स रही, जो 11प्रतिशत कम है। टोयोटा, किआ और एमजी मोटर ने इस महीने बिक्री में वृद्धि दर्ज की है। टोयोटा की बिक्री 22.2प्रतिशत, किआ की 14.4प्रतिशत और एमजी मोटर की 32.2प्रतिशत बढ़ी है। लेकिन सबसे बड़ा उछाल स्कोडा ने दिखाया है, जिसने 6,740 यूनिट्स बेचकर 133.7प्रतिशत की जबरदस्त वृद्धि हासिल की है। वहीं, होंडा, फॉक्सवैगन, रेनो, निसान, सिट्रोन और जीप को भारी गिरावट का सामना करना पड़ा है। होंडा की बिक्री में




18.1प्रतिशत, निसान में 38.8प्रतिशत और रेनो में 32.5 प्रतिशत की कमी आई है। कुल मिलाकर, मई 2025 में भारत में 3,49,713 कारें बिकीं, जो पिछले साल की तुलना में लगभग स्थिर हैं।

## भारतीय बाजार में एक्सयूवी 9ई और बीई 6 को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया




**नई दिल्ली।**

स्वदेशी कंपनी महिंद्रा की दो प्रमुख इलेक्ट्रिक एसयूवी, एक्सयूवी 9ई और बीई 6 को भारतीय बाजार में जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है। जानकारी के अनुसार, अब तक इन कारों की 10,000 से अधिक यूनिट्स की डिलीवरी हो चुकी है। यह आंकड़ा दर्शाता है कि औसतन हर 10 मिनट में इन एसयूवी की एक यूनिट बेची जा रही है। महिंद्रा ने इनकी डिलीवरी 20 मार्च 2025 से शुरू की थी और शुरुआती दौर में पूरी तरह से लोडेड पैक थ्री वर्जन पर ध्यान केंद्रित किया गया था। एक्सयूवी 9ई की मांग सबसे अधिक देखी जा रही है, खासकर इसके रेंज-टॉपिंग पैक थ्री वेरिएंट की। लॉन्च के दिन ही इन इलेक्ट्रिक कारों को 30,179 बुकिंग मिली थीं, जो इस सेगमेंट में एक रिकॉर्ड माना जा रहा है। बढ़ती मांग को देखते हुए कंपनी ने दोनों मॉडलों का उत्पादन तेज कर दिया है। महिंद्रा एक्सयूवी 9ई की लंबाई 4789 मिमी, चौड़ाई 1907 मिमी, ऊंचाई 1694 मिमी और व्हीलबेस 2775 मिमी है। इसमें 663 लीटर का बूट स्पेस और 150 लीटर का फ्रंट ट्रंक यानी फ्रंक दिया गया है। यह दो बैटरी विकल्पों में आती है - 59 केडब्ल्यूएच और 79केडब्ल्यूएच। 59केडब्ल्यूएच वैरिएंट में 231 हॉर्सपावर की मोटर है जो 542 किमी की रेंज देती है, जबकि 79 केडब्ल्यूएच वैरिएंट में 286 हॉर्सपावर की मोटर है और इसकी रेंज 656 किमी है। दोनों मॉडल फास्ट चार्जिंग तकनीक से लैस हैं और 20 मिनट में 80 प्रतिशत तक चार्ज हो सकते हैं।

## अंबानी की कंपनी एफकॉन्स को मिला 700 करोड का ऑर्डर



**नई दिल्ली।**

एफकॉन्स इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड को रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड से लेटर ऑफ अवार्ड (एलओए) प्रदान किया गया है। जानकारी के मुताबिक एफकॉन्स इंफ्रास्ट्रक्चर ने गुजरात के दाहेज में विनाइल प्रोजेक्ट पर सिविल, मैकेनिकल, इंस्टॉलेशन, टेस्टिंग और कमीशनिंग कार्यों के लिए रिलायंस इंडस्ट्रीज से 700 करोड़ रुपये का अनुबंध हासिल किया है। इस परियोजना को जून 2026 तक पूरा करने की योजना है। 31 मार्च को समाप्त मार्च तिमाही में एफकॉन्स इंफ्रास्ट्रक्चर का नेट प्रॉफिट 23 फीसदी घटकर 110.92 करोड़ रुपये रह गया। एक साल पहले इसी तिमाही में यह 144.90 करोड़ रुपये था। इससे पिछली तिमाही में कंपनी को 148.85 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट हुआ था। वहीं परिचालन से प्राप्त राजस्व वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में 3,223.27 करोड़ रुपये रहा। एक साल पहले यह 3,636.43 करोड़ रुपये था। इस तिमाही नतीजे के साथ ही एफकॉन्स इंफ्रास्ट्रक्चर के निदेशक मंडल ने 2.50 रुपये के डिविडेंड को मंजूरी दी थी। इसके अलावा कंपनी के कार्यकारी उपाध्यक्ष (पूर्णकालिक निदेशक) सुब्रमण्यम कृष्णमूर्ति ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में बताया कि डेब्ट मीट्रिक में पर्याप्त सुधार हुआ। हमारी ऑर्डर बुक 36,869 करोड़ रुपये तक पहुंच गई, जिसमें 10,662 करोड़ रुपये की एल 1 परियोजनाएं शामिल नहीं हैं।




## बुमराह के पास इंग्लैंड में अपने 50 टेस्ट विकेट पूरे करने का अवसर

**मुम्बई।** भारतीय टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के पास 20 जून से इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज में एक बड़ा रिकार्ड बनाने का अवसर है। बुमराह पांच मैचों की इस सीरीज में भारतीय टीम के तेज गेंदबाजी आक्रमण की कमान संभालेंगे। बुमराह के पास इस सीरीज में इंग्लैंड में अपने 50 टेस्ट विकेट पूरे करने का अवसर है। इसके लिए उन्हें केवल 13 विकेट ही चाहिये। बुमराह ने अब तक इंग्लैंड में 37 विकेट लिए हैं। अभी इंग्लैंड में खेले गए टेस्ट मैचों में भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड तेज गेंदबाज इशांत शर्मा के नाम है। इशांत के नाम इंग्लैंड में 14 टेस्ट मैच खेले हैं और 48 विकेट हैं। इंग्लैंड में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाजों की सूची में इशांत के बाद कपिल देव का नाम आता है। कपिल ने इंग्लैंड में 13 मैचों में 43 विकेट लिए हैं। दूसरी ओर, इंग्लैंड में भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड जेम्स एंडरसन के नाम है। एंडरसन ने भारत के खिलाफ 22 टेस्ट मैचों में 105 विकेट लिए थे. वहीं बुमराह ने अब तक इंग्लैंड के खिलाफ कुल 14 टेस्ट खेले हैं और उनके नाम 60 विकेट हैं। बुमराह ने अंतिम टेस्ट सीरीज ऑस्ट्रेलिया में खेली थी। तब उन्होंने बैगी पांच मैच में 32 विकेट लिए थे।

# बीसीसीआई ने भारतीय टीम के अभ्यास सत्र का वीडियो जारी किया

**लंदन।**

भारतीय क्रिकेट टीम ने 20 जून से इंग्लैंड के खिलाफ शुरु हो रही पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए अभ्यास शुरु कर दिया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआईद्ध) ने अभ्यास सत्र का एक वीडियो भी जारी किया है। इसमें सभी खिलाड़ी एक साथ अभ्यास करते हुए दिख रहे हैं। इसमें लंदन और लॉर्ड्स में किये अभ्यास के पल भी शामिल थे। टीम ने इस दौर स्ट्रेचिंग करने के साथ ही फुटबॉल भी खेला। इसके बाद दौड़ते और फील्डिंग करते हुए भी दिखे।

इस दौरान कोच गौतम गंभीर, ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और अन्य लोग ड्यूक गेंद से अभ्यास में होने वाले बदलावों पर नजर रख रहे थे।

गौरतलब है कि ड्यूक का इस्तेमाल इंग्लैंड में टेस्ट क्रिकेट के लिए किया जाता है और यह भारत में इस्तेमाल की जाने वाली एसजी गेंद और ऑस्ट्रेलिया में इस्तेमाल की जाने वाली कूकाबुरा चेरी से काफी अलग होती है। यह सीरीज टेस्ट कोच गंभीर के लिए काफी महत्वपूर्ण है। वह इस सीरीज जो जीतकर इससे पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ़ घरेलू मैदान पर और ऑस्ट्रेलिया दौरे में मिली हार से उबरना चाहेंगे।

गंभीर ने कहा, ÷कोच होने के नाते आप परिणाम चाहते हैं। इसलिए दबाव हमेशा ही रहता है। हर दौरे के बाद नये दौरे के बारे में सोचना होता है।

इंग्लैंड सीरीज के लिए भारत की टेस्ट टीमः शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान, विकेटकीपर), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नितीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल, वाशिंगटन सुंदर,



शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव

# टी20 मुंबई लीग के सेमीफाइनल में पहुंची फाल्कन्स और ईगल

**मुंबई।**

अथर्व अंकोलेकर की कप्तानी वाली ईगल ठाणे स्ट्राइकर्स ने यहां श्रेयस अय्यर की एसओबीओ मुंबई फाल्कन्स को 36 रनों के हराकर टी20 मुंबई लीग 2025 के सेमीफाइनल में जगह बनायी है। कप्तान अंकोलेकर और साईराज पाटिल के शानदार प्रदर्शन से स्ट्राइकर्स ने में तीसरी जीत हासिल की है। इस मैच में साईराज ने 37 गेंदों पर सबसे अधिक 61 रन बनाये और इसके बाद चार विकेट भी लिए। वहीं हार के बाद भी श्रेयस अय्यर की एसओबीओ मुंबई फाल्कन्स कुल छह अंकों के साथ सेमीफाइनल में पहुंच गई है।



वहीं एक अन्य मुकाबले में शम्स मुलानी की आकाश टाइगर्स ने में पृथ्वी शॉ की नॉर्थ मुंबई पैंथर्स को 22 रनों से हरा दिया। बारिश के कारण मैच को घटाकर पांच ओवर का कर दिया गया। इस मैदान पर 67 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पैंथर्स ने अच्छी शुरुआत की।

पहले दो ओवरों में केवल 10 रन आने के बाद पैंथर्स के सलामी बल्लेबाज पृथ्वी और दिव्यांश सक्सेना ने तेजी से रनों का प्रयास किया पर विफल रहे। वहीं पृथ्वी ने सिल्वेस्टर डिसूजा की गेंद पर तेज शॉट लगाया। शॉ के मैदान से बाहर जाते ही पैंथर्स की जीत की उम्मीदें भी खत्म हो गईं और टीम दो विकेट पर 45 रन ही बना पायी। वहीं इससे पहले पहले बल्लेबाजी करते हुए टाइगर्स ने विकेट खोने के बाद भी तेजी से खेला।

## आमिर भी हैं सचिन के प्रशंसक

**मुम्बई।**

भारतीय क्रिकेट टीम के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के बाद भी खासे लोकप्रिय हैं। यहां तक कि बॉलीवुड के स्टार अभिनेता आमिर खान भी उनके प्रशंसकों में शामिल हैं। सचिन अपनी पत्नी के साथ आमिर के घरे पहुंचे थे और उनके आने की खबर मिलते ही आमिर भागते हुए उनके पास पहुंचे। सचिन और उनकी पत्नी अंजलि आमिर की नई फिल्म 'सितारे जमीन पर' के प्रीमियर में पहुंचे थे लेकिन वहां सभी के आकर्षण का केन्द्र सचिन रहे। उनके पहुंचते ही सभी लोग 'सचिन, सचिन' करने लगे। सचिन ने भी हमेशा की तरह विनम्रता से मुस्कुराते हुए मेहमानों का गर्मजोशी से स्वागत किया और उनके प्यार और समर्थन के लिए आभार जताया। ये दोनो ही एक-दूसरे की सराहना करते रहे हैं। फिर चाहे फिल्म प्रीमियर हो या क्रिकेट मैच। इस साल फरवरी में आमिर ने तेंदुलकर को अपने बेटे जुनैद खान और खुशी कपूर की फिल्म 'लवयापा' की विशेष स्क्रीनिंग के लिए भी बुलाया था। तेंदुलकर हाल ही में मुंबई इंडियंस के डगआउट का हिस्सा थे जब टीम ने हार्दिक पांड्या की कप्तानी में आईपीएल 2025 के प्लेऑफ में जगह बनाई थी। हालांकि, मुंबई इंडियंस क्वालिफायर 2 में पंजाब किंग्स से हार गई।

# बुमराह को कठिन स्थलों पर उतारें : आकाश चोपड़ा

**नई दिल्ली।**

पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने कहा है कि इंग्लैंड दौरे में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को बर्मिंघम और द ओवल सहित उन टेस्ट स्थलों में उतारना चाहिये जो कठिन हो।

उन्होंने कहा कि बुमराह पर अधिक बोझ नहीं डालना है । साथ ही कहा कि उनका उपयोग वहां ज्यादा लाभप्रद रहेगा जहां हालात कठिन हों। भारतीय टीम 20 जून से हेडिंग्ले में इंग्लैंड के खिलाफ पहला टेस्ट खेलेगी। भारतीय टीम के मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने भी हाल ही में घोषणा की थी कि बुमराह की फिटनेस को देखते हुए उनको लगातार नहीं उतारा जाएगा और वह तीन टेस्ट ही खेलेंगे। साथ ही कहा कि उनकी पीठ में स्ट्रेस रिएक्शन के कारण उन्हें आराम देना बेहद जरुरी है। इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी टेस्ट के दौरान उनकी पीठ में दर्द उभर गया था।

बुमराह इसी कारण चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर थे। हाल ही में उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मुंबई इंडियंस की ओर से सफल वापसी की थी। वहीं भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर का कहना है कि बुमराह को हालातों के अनुसार उतारा जाएगा हालांकि ये अभी तय नहीं हुआ है कि वह किन-किन मैचों में खेलेंगे।

,आकाश ने सलाह दी कि बुमराह का इस्तेमाल मुश्किल हालातों में ही करना ठीक रहेगा। विशेष तौर पर देखा जाये तो बर्मिंघम और द ओवल का मैदान कठिन है और ऐसे में बुमराह का वहां खेलना ठीक रहेगा। चोपड़ा ने कहा कि कठिन हालात में आप अपने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को चाहते हैं। इसलिए उन मैचों में बुमराह को शामिल करना अच्छा होगा। जैसे आप को लक्ष्य का पीछा करते हुए बल्लेबाजी में विराट कोहली की जरुर पड़ती है वैसे ही बुमराह को मुश्किल हालातों में। बर्मिंघम और द ओवल की सपाट पिचों पर सफलता मिल सकती है, इस दौरान । यह फैसला बुमराह की फिटनेस पर भी काफी कुछ निर्भर करेगा। भारतीय टीम इस सीरीज में रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गज बल्लेबाजों के बिना ही उतरेगी क्योंकि इन दोनो ने ही हाल में टेस्ट प्रारुप से संन्यास ले लिया था। टीम की कप्तानी युवा शुभमन गिल के पास रहेगी।

### संक्षिप्त समाचार



## पहले टेस्ट में ऑलराउंडर के लिए शार्दुल और नितीश में होगा मुकाबला

**लंदन।**

इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से शुरु हो रहे पहले टेस्ट मैच के लिए ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर और नितीश कुमार रेड्डी के बीच टीम में जगह हासिल करने के लिए मुकाबला है अब देखना है कि अवसर किसे मिलता है। अभी ये दोनो ही इंडिया ए की ओर से इंग्लैंड लायंक के खिलाफ खेल रहे हैं। मैच के दूसरे दिन इंडिया ए की ओर से शार्दुल ठाकुर और नितीश कुमार रेड्डी ने गेंदबाजी की। इससे पहले दोनों ने बल्लेबाजी की थी। वहीं अटकलें हैं कि इंग्लैंड के खिलाफ कम से कम पहले कुछ टेस्ट मैचों में अनुभवी होने के कारण शार्दुल को चौथे गेंदबाज के तौर पर रखा जाएगा। यहां उनको पुरानी गेंद से गेंदबाजी करनी होगी, क्योंकि नई गेंद जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज के पास रहेगी। इंडिया ए के भी दोनों ही मैचों में अब तक शार्दुल ने पुरानी गेंद से ही गेंदबाजी की है। दूसरे मैच में वह 13वें ओवर में आए और वहां से लगातार 6 ओवरों का स्पेल फेंका। शार्दुल वाइड लाइन पर गेंदबाजी करते थे। वहीं अब चौथे-पांचवें स्टंप पर गेंद को रख रहे हैं और सामने वाले बल्लेबाजों पर दबाव बनाने के प्रयास कर रहे हैं। एक ऑलराउंडर से टेस्ट क्रिकेट में यही करना चाहता है। है। उन्होंने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरे मैच में अब तक लाइन लैंथ पर गेंदबाजी की है। बाएं हाथ के बल्लेबाजों को उन्होंने तेज ऑफ कटर भी फेंके। वहीं नितीश रेड्डी ने भी अच्छी गेंदबाजी की है पर वह शार्दुल से पीछे ही नजर आते हैं।

## वैभव का लक्ष्य अब अंडर-19 टीम की ओर से बेहतर प्रदर्शन करना

**मुम्बई।** 14 साल के उभरते हुए बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी के सितारे आजकल बुलंदी पर हैं। आईपीएल में वैभव ने राजस्थान रॉयल्स की ओर से आक्रामक बल्लेबाजी कर सभी को प्रभावित किया है। अब उन्हें अंडर-19 टीम के इंग्लैंड दौरे के लिए शामिल किया गया है जिसमें भी उनका लक्ष्य अपने प्रदर्शन से नये रिकार्ड बनाना है। वैभव इसमें भी अपनी आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखना चाहेंगे। आईपीएल के 18 सत्र में वैभव ने 7 मैच खेलते हुए36 की औसत से 252 रन बनाए। वहीं एनसीए के गेंदबाजों को मैदान पर बड़े शॉट लगाकर सभी को हैरान किया था। वैभव ने आईपीएल में अपनी पहली ही गेंद पर जबरदस्त छक्का लगाया था। इसके अलावा उन्होंने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 गेंदों पर ही शतक लगाकर सभी को हैरान कर दिया था। रॉयल्स आईपीएल 2025 के प्लेऑफ में जगह नहीं बना पाई थी और नौवें स्थान पर रही थी पर वैभव ने सभी का दिल जीता। टीम के लिए वह नई खोज साबित हुए हैं। वैभव की प्रतिभा को देखकर हर कोई हैरान है। इतनी कम उम्र में उन्होंने जो कुछ भी हासिल किया है, वह काबिले तारीफ है। वैभव ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और कोच को दिया है। उन्होंने कहा कि उनके माता-पिता ने हमेशा उनका साथ दिया है और उन्हें प्रोत्साहित किया है।

# दक्षिण अफ्रीका इस बार जीत सकती है डब्ल्यूटीसी फाइनल : बाउचर

**लंदन।**

दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज मार्क बाउचर का मानना है कि कि दक्षिण अफ्रीकी टीम इस बार विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल जीतेगी।

बाउचर के अनुसार टेंबा बावूमा की कप्तानी वाली टीम के ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल जीतने की काफी अधिक संभावना है।

दक्षिण अफ्रीका की टीम पहली बार डब्ल्यूटीसी के फाइनल में पहुंची है ऐसे में वह 11 जून से लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले मुकाबले को जीतने के लिए पूरी ताकत लगा देगी। डब्ल्यूटीसी 2023-25 के चक्र में लगातार सात मैच जीतकर दक्षिण अफ्रीका ने 69.44 फीसदी अंकों के साथ ही शीर्ष स्थान हासिल किया था।

फाइनल की तैयारी के लिए अभी दक्षिण अफ्रीकी टीम अरुंडेल में जिम्बाब्वे से अभ्यास मैच खेल रही है।

बाउचर ने कहा,'बहुत से लोगों ने हमारी आलोचना की है। जो सही नहीं है। हमने जिस भी टीम के खिलाफ खेला सम्मान के साथ खेला और उन्हें हराया भी है। वहीं फाइनल में भी हमें जीत की उम्मीद है।

दक्षिण अफ्रीका के फाइनल में पहुंचने से ऐसा नहीं है कि देश में दर्शकों की भीड़ उमड़ पड़ी है पर मुझे उम्मीद है कि फाइनल के दौरान बहुत से लोग लंदन पहुंचेंगे और टीम का हौसला बढ़ाएंगे। इससे हमारे देश में टेस्ट क्रिकेट बेहतर होगा।'

बाउचर का मानना है कि जब तक हम कोई बड़ा आईसीसी इवेंट नहीं जीत लेते, हमें चोकर्स कहा जाता रहेगा। दक्षिण अफ्रीका 2024 टी20 विश्व कप फाइनल में हारी थी।

वहीं महिला टीम को भी टी20 विश्व कप 2024 के फाइनल में न्यूजीलैंड से हार का सामना करना पड़ा था।

उन्होंने कहा कि हमारे युवा चोकर्स के नाम से बदनाम हैं पर अब उसे बदलने का अवसर है। साथ ही कहा कि सलामी बल्लेबाज रयान रिकल्टन और आक्रामक बल्लेबाज ट्रिस्टन स्टब्स दक्षिण अफ्रीका के लिए फाइनल में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

## यानसेन बोले पोंटिंग से मैंने काफी कुछ सीखा

**लंदन।**

दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेटर मार्को यानसेन ने ऑस्ट्रेलिय के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग की प्रशंसा करते हुए कहा है कि मैंने उनसे काफी कुछ सीखा है। मार्को ने दक्षिण अफ्रीका के लिए केवल 6 टेस्ट मैच खेले हैं और 29 विकेट लिए हैं। दक्षिण अफ्रीका को विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में पहुंचाने में उनकी अहम भूमिका रही है। यानसेन ने आईपीएल में पंजाब किंग्स से भी खेला है। ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच 11 जून से वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025 का फाइनल खेला जाएगा। इसी को लेकर दक्षिण अफ्रीका ने प्लेऑफ से पहले जिन खिलाड़ियों को वापस बुलाया था उनमें यानसेन भी शामिल थे। आईपीएल छोड़ने के दौरान वह कोच रिकी पोंटिंग से भी मिले, जहां पोंटिंग ने उनसे कहा कि दक्षिण अफ्रीका विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल हारेगी। यानसेन ने पंजाब के लिए मध्यक्रम और डेथ ओवर्स में काफी अच्छी गेंदबाजी की। वह टीम के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज रहे। उन्होंने 14 मैचों में 16 विकेट लिए थे। यानसेन ने कहा, फ्रमेरे स्वदेश जाने से पहले, पोंटिंग ने बस इतना कहा था कि शुभकामनाएं, मुझे लग रहा है कि आप अच्छा प्रदर्शन करेंगे, लेकिन मुझे उम्मीद है कि आप हार जाएंगे। मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा है, खासकर मानसिक रवैये को लेकर। वह हमेशा सकारात्मक रहते हैं, और अगर यह समझ में आता है तो वह हमेशा बुरी चीजों के बजाय अच्छी चीजों को देखते हैं।फ्र उन्होंने आगे कहा, इसलिए मुझे लगता है कि वह खेल के दिग्गज हैं, क्योंकि आप हमेशा इस बात पर ध्यान देते हैं कि क्या हो सकता है, बजाय इसके कि क्या गलत हो सकता है। मेरी व्यक्तिगत रूप से आईपीएल में उन्होंने काफी सहायता की।

## भारत के साथ सीरीज में नया विश्व रिकार्ड बनाएंगे रूट

**लंदन।** इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट भारतीय टीम के खिलाफ होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में एक नया विश्व रिकार्ड अपने नाम कर सकते हैं। ये सीरीज 20 जून से लीड्स में शुरू होने जा रहा है। इस सीरीज में रूट 154 रन बनाते ही भारत के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में 3000 रन बनाने वाले विश्व के पहले खिलाड़ी बन जाएंगे। रूट ने दिसंबर 2012 में भारत के खिलाफ टेस्ट डेब्यू करने के बाद से 30 मैचों में 2846 रन बनाए हैं। उन्हें 3000 टेस्ट रन पूरे करने के लिए 154 और रन चाहिए. रूट ने भारत के खिलाफ टेस्ट में 10 शतक और 11 अर्धशतक बनाए हैं। अगर वह टेस्ट सीरीज में दो बार 100 रन का आंकड़ा पार कर लेते हैं तो वह भारत के खिलाफ 11 टेस्ट शतक बनाने का स्टीव स्मिथ का रिकार्ड भी तोड़ देंगे। रूट विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं और भारत के खिलाफ इस सीरीज में 457 रन बनाकर वह 6000 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बन सकते हैं। इससे पहले भारत के खिलाफ हुई सीरीज में रूट ने चार मैचों में कुल 564 रन बनाए थे। अगर रूट इस पांच मैचों की सीरीज में कम से कम 373 रन बना लेते हैं तो वह रिकी पोंटिंग के 13,378 टेस्ट रनों का रिकॉर्ड तोड़ देंगे। अभी तक रूट के नाम 153 मैचों में 13,006 रन बनाए हैं।


# दक्षिण अफ्रीका इस बार जीत सकती है डब्ल्यूटीसी फाइनल : बाउचर

**लंदन।**

दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज मार्क बाउचर का मानना है कि कि दक्षिण अफ्रीकी टीम इस बार विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल जीतेगी। बाउचर के अनुसार टेंबा बावूमा की कप्तानी वाली टीम के ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल जीतने की काफी अधिक संभावना है। दक्षिण अफ्रीका की टीम पहली बार डब्ल्यूटीसी के फाइनल में पहुंची है ऐसे में वह 11 जून से लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले मुकाबले को जीतने के लिए पूरी ताकत लगा देगी। डब्ल्यूटीसी 2023-25 के चक्र में लगातार सात मैच जीतकर दक्षिण अफ्रीका ने 69.44 फीसदी अंकों के साथ ही शीर्ष स्थान हासिल किया था। फाइनल की तैयारी के लिए अभी दक्षिण अफ्रीकी टीम अरुंडेल में जिम्बाब्वे से अभ्यास मैच खेल रही है। बाउचर ने कहा,'बहुत से लोगों ने हमारी आलोचना की है। जो सही नहीं है। हमने जिस भी टीम के खिलाफ खेला सम्मान के साथ खेला और उन्हें हराया भी है। वहीं फाइनल में भी हमें जीत की उम्मीद है। दक्षिण अफ्रीका के फाइनल में पहुंचने से ऐसा नहीं है कि देश में दर्शकों की भीड़ उमड़ पड़ी है पर मुझे उम्मीद है कि फाइनल के दौरान बहुत से लोग लंदन पहुंचेंगे और टीम का हौसला बढ़ाएंगे। इससे हमारे देश में टेस्ट क्रिकेट बेहतर होगा।' बाउचर का मानना है कि जब तक हम कोई बड़ा आईसीसी इवेंट नहीं जीत लेते, हमें चोकर्स कहा जाता रहेगा। दक्षिण अफ्रीका 2024 टी20 विश्व कप फाइनल में हारी थी। वहीं महिला टीम को भी टी20 विश्व कप 2024 के फाइनल में



न्यूजीलैंड से हार का सामना करना पड़ा था।


उन्होंने कहा कि हमारे युवा चोकर्स के नाम से बदनाम हैं पर अब उसे बदलने का अवसर है। साथ ही कहा कि सलामी बल्लेबाज रयान रिकल्टन और आक्रामक बल्लेबाज ट्रिस्टन स्टब्स दक्षिण अफ्रीका के लिए फाइनल में अहम भूमिका निभा सकते हैं।


## शुभमन को कप्तान बनाया जाना सही: पोंटिंग

**मुंबई।**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा है कि युवा बल्लेबाज शुभमन गिल को टेस्ट टीम का कप्तान बनाया जाना सही कदम है। पोंटिंग के अनुसार शुभमन ने आईपीएल में गुजरात टाइटंस की कप्तानी काफी अच्छे से की है। इससे साबित होता है कि शुभमन में नेतृत्व क्षमता है। शुभमन 20 जून से इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में नई भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगे। यह सीरीज से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 के नये चक्र की शुरुआत होगी और रोहित शर्मा व विराट कोहली के टेस्ट संन्यास के बाद ये भारत की पहली सीरीज भी होगी। पोंटिंग के अनुसार यह सही फैसला है। कई लोग जसप्रीत बुमराह को कप्तान बनाने की बात कर रहे थे पर उनके साथ फिटनेस की समस्या काफी हैं। कप्तान को हर मैच खेलना होता है। इसलिए शुभमन को बनाया जाना सही विकल्प हैं। उन्होंने कहा कि गिल को लंबे समय तक अवसर देना होगा। आईपीएल में गुजरात टाइटंस की कप्तानी के बाद भी उन्होंने जमकर रन बनाये। शुभमन ने आईपीएल में 155 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 650 रन बनाए हालांकि टेस्ट में उनका रिकॉर्ड 32 टेस्ट में 35.05 की औसत से 1,893 रन कम नजर आता है। दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया में उन्होंने 15 पारियों में केवल से 255 रन बनाए। जिससे उन्हें बेहतर करना होगा पोंटिंग का मानना है कि नंबर चार पर शुभमन अच्छा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि साई सुदर्शन और यशस्वी जायसवाल पारी की शुरुआत कर सकते हैं। सुदर्शन तकनीकी रूप से मजबूत हैं। नंबर तीन पर केएल राहुल या करुण नायर हो सकते हैं, और गिल नंबर चार पर बेहतर होंगे। इससे कप्तानी में भी आसानी होगी।

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1



# हिंदू धर्मग्रंथों का सार

## जानिए किस ग्रंथ में क्या है?

**अधिकतर हिन्दुओं के पास अपने ही धर्मग्रंथ को पढ़ने की फुरसत नहीं है। वेद, उपनिषद पढ़ना तो दूर, वे गीता तक को नहीं पढ़ते जबकि गीता को 1 घंटे में पढ़ा जा सकता है। हालांकि कई जगह वे भागवत पुराण सुनने या रामायण का अखंड पाठ करने के लिए समय निकाल लेते हैं या घर में सत्यनारायण की कथा करवा लेते हैं। लेकिन आपको यह जानकारी होना चाहिए कि पुराण, रामायण और महाभारत हिन्दुओं के धर्मग्रंथ नहीं हैं, धर्मग्रंथ तो वेद ही हैं।**



शास्त्रों को 2 भागों में बांटा गया है– श्रुति और स्मृति। श्रुति के अंतर्गत धर्मग्रंथ वेद आते हैं और स्मृति के अंतर्गत इतिहास और वेदों की व्याख?या की पुस्तकें पुराण, महाभारत, रामायण, स्मृतियां आदि आते हैं। हिन्दुओं के धर्मग्रंथ तो वेद ही हैं। वेदों का सार उपनिषद है और उपनिषदों का सार गीता है। आओ जानते हैं कि उक्त ग्रंथों में क्या है।

### वेदों में क्या है?

वेदों में ब्रह्म (ईश्वर), देवता, ब्रह्मांड, ज्योतिष, गणित, रसायन, औषधि, प्रकृति, खगोल, भूगोल, धार्मिक नियम, इतिहास, संस्कार, रीति–रिवाज आदि लगभग सभी विषयों से संबंधित ज्ञान भरा पड़ा है। वेद 4 हैं– ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद। ऋग्वेद का आयुर्वेद, यजुर्वेद का धनुर्वेद, सामवेद का गंधर्व वेद और अथर्ववेद का स्थापत्य वेद ये क्रमशः चारों वेदों के उपवेद बतलाए गए हैं।

**ऋग्वेद :** ऋक अर्थात स्थिति और ज्ञान। इसमें भौगोलिक स्थिति और देवताओं के आवाहन के मंत्रों के साथ बहुत कुछ है। ऋग्वेद की ऋचाओं में देवताओं की प्रार्थना, स्तुतियां और देवलोक में उनकी स्थिति का वर्णन है। इसमें जल चिकित्सा, वायु चिकित्सा, सौर चिकित्सा, मानस चिकित्सा और हवन द्वारा चिकित्सा आदि की भी जानकारी मिलती है।

**यजुर्वेद :** यजु अर्थात गतिशील आकाश एवं कर्म। यजुर्वेद में यज्ञ की विधियां और यज्ञों में प्रयोग किए जाने वाले मंत्र हैं। यज्ञ के अलावा तत्वज्ञान का वर्णन है। तत्वज्ञान अर्थात रहस्यमयी ज्ञान। ब्रम्हांड, आत्मा, ईश्वर और पदार्थ का ज्ञान। इस वेद की 2 शाखाएं हैं– शुक्ल और कृष्ण।

**सामवेद :** साम का अर्थ रूपांतरण और संगीत। सौम्यता और उपासना। इस वेद में ऋग्वेद की ऋचाओं का संगीतमय रूप है। इसमें सविता, अग्नि और इन्द्र देवताओं के बारे में जिक्र मिलता है। इसी से शास्त्रीय संगीत और नृत्य का जिक्र भी मिलता है। इस वेद को संगीत शास्त्र का मूल माना जाता है। इसमें संगीत के विज्ञान और मनोविज्ञान का वर्णन भी मिलता है।

**अथर्ववेद :** थर्व का अर्थ है कंपन और अथर्व का अर्थ अकंपन। इस वेद में रहस्यमयी विद्याओं, जड़ी–बूटियों, चमत्कार और आयुर्वेद आदि का जिक्र है। इसमें भारतीय परंपरा और ज्योतिष का ज्ञान भी मिलता है।

### उपनिषद क्या है?

उपनिषद वेदों का सार है। सार अर्थात निचोड़ या संक्षिप्त। उपनिषद भारतीय आध्यात्मिक चिंतन के मूल आधार हैं, भारतीय आध्यात्मिक दर्शन के स्रोत हैं। ईश्वर है या नहीं, आत्मा है या नहीं, ब्रह्मांड कैसा है आदि सभी गंभीर, तत्वज्ञान, योग, ध्यान, समाधि, मोक्ष आदि की बातें उपनिषद में मिलेंगी। उपनिषदों को प्रत्येक हिन्दू को पढ़ना चाहिए। इन्हें पढ़ने से ईश्वर, आत्मा, मोक्ष और जगत के बारे में सच्चा ज्ञान मिलता है।

वेदों के अंतिम भाग को 'वेदांत' कहते हैं। वेदांतों को ही उपनिषद कहते हैं। उपनिषद में तत्वज्ञान की चर्चा है। उपनिषदों की संख्या वैसे तो 108 है, परंतु मुख्य 12 माने गए हैं, जैसे– 1.ईश, 2.केन, 3.कठ, 4.प्रश्न, 5.मुण्डक, 6.माण्डूक्य, 7.तैत्तिरीय, 8.ऐतरेय, 9.छांदोग्य, 10.बृहदारण्यक, 11.कौषीतकि और 12.श्वेताश्वतर।

षड्दर्शन क्या है?

### गीता में क्या है?

महाभारत के 18 अध्यायों में से 1 भीष्म पर्व का हिस्सा है गीता। गीता में भी कुल 18 अध्याय हैं। 10 अध्यायों की कुल श्लोक संख्या 700 है। वेदों के ज्ञान को नए तरीके से किसी ने व्यवस्थित किया है तो वे हैं भगवान श्रीकृष्ण। अतः वेदों का पॉकेट संस्करण है गीता, जो हिन्दुओं का सर्वमान्य एकमात्र ग्रंथ है। किसी के पास इतना समय ही नहीं है कि वह वेद या उपनिषद पढ़े। उनके लिए गीता ही सबसे उत्तम धर्मग्रंथ है। गीता को बार–बार पढ़ने के बाद ही वह समझ में आने लगती है। गीता में भक्ति, ज्ञान और कर्म मार्ग की चर्चा की गई है। उसमें यम–नियम और धर्म–कर्म के बारे में भी बताया गया है। गीता ही कहती है कि ब्रह्म (ईश्वर) एक ही है। गीता को बार–बार पढ़ेंगे तो आपके समक्ष इसके ज्ञान का रहस्य खुलता जाएगा। गीता के प्रत्येक शब्द पर एक अलग ग्रंथ लिखा जा सकता है। गीता में सृष्टि उत्पत्ति, जीव विकास क्रम, हिन्दू संदेशवाहक क्रम, मानव उत्पत्ति, योग, धर्म–कर्म, ईश्वर, भगवान, देवी–देवता, उपासना, प्रार्थना, यम–नियम, राजनीति, युद्ध, मोक्ष, अंतरिक्ष, आकाश, धरती, संस्कार, वंश, कुल, नीति, अर्थ, पूर्व जन्म, जीवन प्रबंधन, राष्ट्र निर्माण, आत्मा, कर्मसिद्धांत, त्रिगुण की संकल्पना, सभी प्राणियों में मैत्रीभाव आदि सभी की जानकारी है। श्रीमद्भगवद्गीता योगेश्वर श्रीकृष्ण की वाणी है। इसके प्रत्येक श्लोक में ज्ञानरूपी प्रकाश है जिसके प्रस्फुटित होते ही अज्ञान का अंधकार नष्ट हो जाता है। ज्ञान–भक्ति–कर्म योग मार्गों की विस्तृत व्याख्या की गई है। इन मार्गों पर चलने से व्यक्ति निश्चित ही परम पद का अधिकारी बन जाता है। गीता को अर्जुन के अलावा और संजय ने सुना और उन्होंने धृतराष्ट्र को सुनाया। गीता में श्रीकृष्ण ने 574, अर्जुन ने 85, संजय ने 40 और धृतराष्ट्र ने 1 श्लोक कहा है। उपरोक्त ग्रंथों के ज्ञान का सार बिंदुवार :

### ईश्वर के बारे में :

ब्रह्म (परमात्मा) एक ही है जिसे कुछ लोग सगुण (साकार) तो कुछ लोग निर्गुण (निराकार) कहते हैं। हालांकि वह अजन्मा, अप्रकट है। उसका न कोई पिता है और न ही कोई उसका पुत्र है। वह किसी के भाग्य या कर्म को नियंत्रित नहीं करता। न कि वह किसी को दंड या पुरस्कार देता है। उसका न तो कोई प्रारंभ है और न ही अंत। वह अनादि और अनंत है। उसकी उपस्थिति से ही संपूर्ण ब्रह्मांड चलायमान है। सभी कुछ उसी से उत्पन्न होकर अंत में उसी में लीन हो जाता है। ब्रह्मलीन।

### ब्रह्मांड के बारे में :

यह दिखाई देने वाला जगत फैलता जा रहा है और दूसरी ओर से यह सिकुड़ता भी जा रहा है। लाखों सूर्य, तारे और धरतीयों का जन्म है, तो उसका अंत भी। जो जन्मा है वह मरेगा भी। सभी कुछ उसी ब्रह्म से जन्मे और उसी में लीन हो जाने वाले हैं। यह ब्रह्मांड परिवर्तनशील है। इस जगत का संचालन उसी की शक्ति से स्वतः ही होता है, जैसे कि सूर्य के आकर्षण से ही धरती अपनी धूरी पर टिकी हुई होकर चलायमान है। उसी तरह लाखों सूर्य और तारे एक महासूर्य के आकर्षण से टिके होकर संचालित हो रहे हैं। उसी तरह लाखों महासूर्य उस एक ब्रह्मा की शक्ति से ही जगत में विद्यमान हैं।

### आत्मा के बारे में :

आत्मा का स्वरूप ब्रह्म (परमात्मा) के समान है। जैसे सूर्य और दीपक में जो फर्क है उसी तरह आत्मा और परमात्मा में फर्क है। आत्मा के शरीर में होने के कारण ही यह शरीर संचालित हो रहा है। ठीक उसी तरह जिस तरह कि संपूर्ण धरती, सूर्य, ग्रह–नक्षत्र और तारे भी उस एक परमपिता की उपस्थिति से ही संचालित हो रहे हैं। आत्मा का न जन्म होता है और न ही उसकी कोई मृत्यु होती है। आत्मा एक शरीर को छोड़कर दूसरा शरीर धारण करती है। यह आत्मा अजर और अमर है। आत्मा को प्रकृति द्वारा 3 शरीर मिलते हैं– एक, वह जो स्थूल आंखों से दिखाई देता है। दूसरा, वह जिसे सूक्ष्म शरीर कहते हैं, जो कि ध्यानी को ही दिखाई देता है और तीसरा, वह शरीर जिसके कारण शरीर कहते हैं, उसे देखना अत्यंत ही मुश्किल है। बस उसे वही आत्मा महसूस करती है, जो कि उसमें रहती है। आप और हम दोनों ही आत्मा हैं। हमारे नाम और शरीर अलग–अलग हैं लेकिन भीतरी स्वरूप एक ही हैं।

### स्वर्ग और नरक के बारे में :

वेदों के अनुसार पुराणों के स्वर्ग या नर्क को गतियों से समझा जा सकता है। स्वर्ग और नर्क 2 गतियां हैं। आत्मा जब देह छोड़ती है तो मूलतः 2 तरह की गतियां होती हैं– 1.अगति और 2.गति।

**1.अगति :** अगति में व्यक्ति को मोक्ष नहीं मिलता है उसे फिर से जन्म लेना पड़ता है।

**2.गति :** गति में जीव को किसी लोक में जाना पड़ता है या वह अपने कर्मों से मोक्ष प्राप्त कर लेता है।

*अगति के 4 प्रकार हैं– 1.क्षिणोदर्क, 2.भूमोदर्क, 3.अगति और 4.दुर्गति।

*क्षिणोदर्क : क्षिणोदर्क अगति में जीव पुनः पुण्यात्मा के रूप में मृत्युलोक में आता है और संतों–सा जीवन जीता है।

*भूमोदर्क : भूमोदर्क में वह सुखी और ऐश्वर्यशाली जीवन पाता है।

*अगति : अगति में नीच या पशु जीवन में चला जाता है।

*दुर्गति : दुर्गति में वह कीट–कीड़ों जैसा जीवन पाता है।

* गति के भी 4 प्रकार– गति के अंतर्गत 4 लोक दिए गए हैं– 1.ब्रह्मलोक, 2.देवलोक, 3.पितृलोक और 4.नर्कलोक। जीव अपने कर्मों के अनुसार उक्त लोकों में जाता है।

### तीन मार्गों से यात्रा :

जब भी कोई मनुष्य मरता है या आत्मा शरीर को त्यागकर यात्रा प्रारंभ करती है तो इस दौरान उसे 3 प्रकार के मार्ग मिलते हैं। ऐसा कहते हैं कि उस आत्मा को किस मार्ग पर चलाया जाएगा और यह केवल उसके कर्मों पर निर्भर करता है। ये 3 मार्ग हैं– अर्चि मार्ग, धूम मार्ग और उत्पत्ति–विनाश मार्ग। अर्चि मार्ग ब्रह्मलोक और देवलोक की यात्रा के लिए होता है, वहीं धूममार्ग पितृलोक की यात्रा पर ले जाता है और उत्पत्ति–विनाश मार्ग नर्क की यात्रा के लिए है।

### धर्म और मोक्ष के बारे में :

धर्मग्रंथों के अनुसार धर्म का अर्थ है यम और नियम को समझकर उसका पालन करना। नियम ही धर्म है। धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष में से मोक्ष ही अंतिम लक्ष्य होता है। हिन्दू धर्म के अनुसार व्यक्ति को मोक्ष के बारे में विचार करना चाहिए। मोक्ष क्या है? स्थितप्रज्ञ आत्मा को मोक्ष मिलता है। मोक्ष का भावार्थ यह कि आत्मा शरीर नहीं है, इस सत्य को पूर्णतः अनुभव करके ही अशरीरी होकर स्वयं के अस्तित्व को पुख?ता करना ही मोक्ष की प्रथम सीढ़ी है।

### व्रत और त्योहार के बारे में :

हिन्दू धर्म के सभी व्रत, त्योहार या तीर्थ सिर्फ मोक्ष की प्राप्त हेतु ही



निर्मित हुए हैं। मोक्ष तब मिलेगा जब व्यक्ति स्वस्थ रहकर प्रसन्नचित्त और खुशहाल जीवन जीएगा। व्रत से शरीर और मन स्वस्थ होता है। त्योहार से मन प्रसन्न होता है और तीर्थ से मन और मस्तिष्क में वैराग्य और अध्यात्म का जन्म होता है।

मौसम और ग्रह–नक्षत्रों की गतियों को ध्यान में रखकर बनाए गए व्रत और त्योहारों का महत्व अधिक है। व्रतों में चतुर्थी, एकादशी, प्रदोष, अमावस्या, पूर्णिमा, श्रावण मास और कार्तिक मास के दिन व्रत रखना श्रेष्ठ है। यदि उपरोक्त सभी नहीं रख सकते हैं तो श्रावण के पूरे महीने व्रत रखें। त्योहारों में मकर संक्रांति, महाशिवरात्रि, नवरात्रि, रामनवमी, कृष्ण जन्माष्टमी और हनुमान जन्मोत्सव ही मनाएं। पर्व में श्राद्ध और कुंभ का पर्व जरूर मनाएं।

व्रत करने से काया निरोगी और जीवन में शांति मिलती है। सूर्य की 12 और 12 चन्द्र की संक्रांतियां होती हैं। सूर्य संक्रांतियों में उत्सव का अधिक महत्व है, तो चन्द्र संक्रांति में व्रतों का अधिक महत्व है। चैत्र, वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़, श्रावण, भाद्रपद, आश्विन, कार्तिक, अगहन, पौष, माघ और फाल्गुन। इसमें से श्रावण मास को व्रतों में सबसे श्रेष्ठ मास माना गया है। इसके अलावा प्रत्येक माह की एकादशी, चतुर्दशी, चतुर्थी, पूर्णिमा, अमावस्या और अधिकमास में व्रतों का अलग–अलग महत्व है। सौरमास और चान्द्रमास के बीच बढ़े हुए दिनों को मलमास या अधिकमास कहते हैं। साधुजन चातुर्मास अर्थात 4 महीने श्रावण, भाद्रपद, आश्विन और कार्तिक माह में व्रत रखते हैं।

उत्सव, पर्व और त्योहार सभी का अलग–अलग अर्थ और महत्व है। प्रत्येक ऋतु में एक उत्सव है। उन त्योहार, पर्व या उत्सव को मनाने का महत्व अधिक है जिनकी उत्पत्ति स्थानीय परंपरा या संस्कृति से न होकर जिनका उल्लेख वैदिक धर्मग्रंथ, धर्मसूत्र, स्मृति, पुराण और आचार संहिता में मिलता है। चन्द्र और सूर्य की संक्रांतियों के अनुसार कुछ त्योहार मनाए जाते हैं। 12 सूर्य संक्रांतियां होती हैं जिसमें 4 प्रमुख हैं– मकर, मेष, तुला और कर्क। इन 4 में मकर संक्रांति महत्वपूर्ण है। सूर्योपासना के लिए प्रसिद्ध पर्व है छठ, संक्रांति और कुंभ। पर्वों में रामनवमी, कृष्ण जन्माष्टमी, गुरुपूर्णिमा, वसंत पंचमी, हनुमान जयंती, नवरात्रि, शिवरात्रि, होली, ओणम, दीपावली, गणेश चतुर्थी और रक्षाबंधन प्रमुख हैं। हालांकि सभी में मकर संक्रांति और कुंभ को सर्वोच्च माना गया है।

### तीर्थ के बारे में :

तीर्थ और तीर्थयात्रा का बहुत पुण्य है। जो मनमाने तीर्थ और तीर्थ पर जाने के समय हैं, उनकी यात्रा का सनातन धर्म से कोई संबंध नहीं। तीर्थों में 4 धाम ज्योतिर्लिंग, अमरनाथ, शक्तिपीठ और सप्तपुरी की यात्रा का ही महत्व है। अयोध्या, मथुरा, काशी और प्रयाग को तीर्थों का प्रमुख केंद्र माना जाता है जबकि कैलाश मानसरोवर को सर्वोच्च तीर्थ माना गया है। बद्रीनाथ, द्वारका, रामेश्वरम् और जगन्नाथपुरी ये 4 धाम हैं। सोमनाथ, द्वारका, महाकालेश्वर, श्रीशैल, भीमाशंकर, ?कारेश्वर, केदारनाथ, विश्वनाथ, त्र्यंबकेश्वर, रामेश्वरम्, घृष्णेश्वर और बैद्यनाथ ये द्वादश ज्योतिर्लिंग हैं। काशी, मथुरा, अयोध्या, द्वारका, माया, कांची और अवंति उज्जैन ये सप्तपुरियां हैं। उपरोक्त कहे गए तीर्थ की यात्रा ही धर्मसम्मत है।

### संस्कार के बारे में :

संस्कारों के प्रमुख प्रकार 16 बताए गए हैं जिनका पालन करना हर हिन्दू का कर्तव्य है। इन संस्कारों के नाम है– गर्भाधान, पुंसवन, सीमंतोन्नयन, जातकर्म, नामकरण, निष्क्रमण, अन्नप्राशन, मुंडन, कर्णवेधन, विद्यारंभ, उपनयन, वेदारंभ, केशांत, सम्वर्तन, विवाह और अंत्येष्टि। प्रत्येक हिन्दू को उक्त संस्कार को अच्छे से नियमपूर्वक करना चाहिए। यह मनुष्य के सभ्य और हिन्दू होने की निशानी है। उक्त संस्कारों को वैदिक नियमों के द्वारा ही संपन्न किया जाना चाहिए।

### पाठ करने के बारे में :

वेदों, उपनिषद या गीता का पाठ करना या सुनना प्रत्येक हिन्दू का कर्तव्य है। उपनिषद और गीता का स्वयं अध्ययन करना और उसकी बातों की किसी जिज्ञासु के समक्ष चर्चा करना पुण्य का कार्य है। लेकिन किसी बहसकर्ता या भ्रमित व्यक्ति के समक्ष वेद वचनों को कहना निषेध माना जाता है। प्रतिदिन धर्मग्रंथों का कुछ पाठ करने से देव शक्तियों की कृपा मिलती है। हिन्दू धर्म में वेद, उपनिषद और गीता के पाठ करने की परंपरा प्राचीनकाल से रही है। वक्त बदला तो लोगों ने पुराणों में उल्लेखित कथा की परंपरा शुरू कर दी, जबकि वेदपाठ और गीता पाठ का अधिक महत्व है।

### धर्म, कर्म और सेवा के बारे में :

धर्म–कर्म और सेवा का अर्थ यह कि हम ऐसा कार्य करें जिससे हमारे मन और मस्तिष्क को शांति मिले और हम मोक्ष का द्वार खोल पाएं। साथ ही जिससे हमारे सामाजिक और राष्ट्रीय हित भी साधे जाते हों अर्थात ऐसा कार्य जिससे परिवार, समाज, राष्ट्र और स्वयं को लाभ मिले। धर्म–कर्म को कई तरीके से साधा जा सकता है, जैसे– 1.व्रत, 2.सेवा, 3.दान, 4.यज्ञ, 5.प्रायश्चित, दीक्षा देना और मंदिर जाना आदि।

सेवा का मतलब यह कि सर्वप्रथम माता–पिता, फिर बहन–बेटी, फिर भाई–बंधु की किसी भी प्रकार से सहायता करना ही धार्मिक सेवा है। इसके बाद अपंग, महिला, विद्यार्थी, संन्यासी, चिकित्सक और धर्म के रक्षकों की सेवा–सहायता करना पुण्य का कार्य माना गया है। इसके अलावा सभी प्राणियों, पक्षियों, गाय, कुत्ते, कौओं, चींटी आति को अन्न–जल देना– ये सभी यज्ञ कर्म में आते हैं।

### दान के बारे में :

दान से इन्द्रिय भोगों के प्रति आसक्ति छूटती है। मन की ग्रथियां खुलती हैं जिससे मृत्युकाल में लाभ मिलता है। देव आराधना का दान सबसे सरल और उत्तम उपाय है। वेदों में 3 प्रकार के दाता कहे गए हैं– 1.उक्तम, 2.मध्यम और 3.निकृष?टतम। धर्म की उन्नति, रूप, सत्य विद्या के लिए जो देता है, वह उत्तम। कीर्तिं या स्वार्थ के लिए जो देता है वह मध्यम और जो वेश ?यागमनादि, भांड, भाटे, पंडे को देता वह निकृष्ट माना गया है। पुराणों में अन्नदान, वस्त्रदान, विद्यादान, अभयदान और धनदान को ही श्रेष्ठ माना गया है, यही पुण ?य भी है।

### यज्ञ के बारे में :

यज्ञ के प्रमुख 5 प्रकार हैं– ब्रह्मयज्ञ, देवयज्ञ, पितृयज्ञ, वैश्वदेव यज्ञ और अतिथि यज्ञ। यज्ञ पालन से ऋषि ऋण, देव ऋण, पितृ ऋण, धर्म ऋण, प्रकृति ऋण और मातृ ऋण समाप्त होता है। नित्य संध्यावंदन, स्वाध्याय तथा वेदपाठ करने से ब्रह्म यज्ञ संपन्न होता है। देवयज्ञ सत्संग तथा अग्निहोत्र कर्म से संपन्न होता है। अग्नि जलाकर होम करना अग्निहोत्र यज्ञ है। पितृयज्ञ को श्राद्धकर्म भी कहा गया है। यह यज्ञ पिंडदान, तर्पण और संतानोत्पत्ति से संपन्न होता है। वैश्वदेव यज्ञ को भूत यज्ञ भी कहते हैं। सभी प्राणियों तथा वृक्षों के प्रति करुणा और कर्तव्य समझना व उन्हें अन्न–जल देना ही भूत यज्ञ कहलाता है। अतिथि यज्ञ से अर्थ मेहमानों की सेवा करना। अपंग, महिला, विद्यार्थी, संन्यासी, चिकित्सक और धर्म के रक्षकों की सेवा–सहायता करना ही अतिथि यज्ञ है। इसके अलावा अग्निहोत्र, अश्वमेध, वाजपेय, सोमयज्ञ, राजसूय और अग्निचयन का वर्णण यजुर्वेद में मिलता है।

### मंदिर जाने के बारे में :

प्रति गुरुवार को मंदिर जाना चाहिए। घर में मंदिर नहीं होना चाहिए। मंदिर में जाकर परिक्रमा करना चाहिए। भारत में मंदिरों, तीर्थों और यज्ञादि की परिक्रमा का प्रचलन प्राचीनकाल से ही रहा है। मंदिर की 7 बार (सप्तपदी) परिक्रमा करना बहुत ही महत्वपूर्ण है। यह 7 परिक्रमा विवाह के समय अग्नि के समक्ष भी की जाती है। इसी प्रदक्षिणा को इस्लाम धर्म ने परंपरा से अपनाया जिसे तवाफ कहते हैं। प्रदक्षिणा षोडशोपचार पूजा का एक अंग है। प्रदक्षिणा की प्रथा अतिप्राचीन है। हिन्दू सहित जैन, बौद्ध और सिख धर्म में भी परिक्रमा का महत्व है। इस्लाम में मक्का स्थित काबा की 7 परिक्रमा का प्रचलन है। पूजा–पाठ, तीर्थ परिक्रमा, यज्ञादि पवित्र कर्म के दौरान बिना सिले सफेद या पीत वस्त्र पहनने की परंपरा भी प्राचीनकाल से हिन्दुओं में प्रचलित रही है। मंदिर जाने या संध्यावंदन के पूर्व आचमन या शुद्धि करना जरूरी है। इसे इस्लाम में वुजू कहा जाता है।

### संध्यावंदन के बारे में :

संध्यावंदन को संध्योपासना भी कहते हैं। मंदिर में जाकर संधिकाल में ही संध्यावंदन की जाती है। वैसे संधि 8 वक्त की मानी गई है। उसमें भी 5 महत्वपूर्ण हैं। 5 में से भी सूर्य उदय और अस्त अर्थात 2 वक्त की संधि महत्वपूर्ण है। इस समय मंदिर या एकांत में शौच, आचमन, प्राणायामादि कर गायत्री छंद से निराकार ईश्वर की प्रार्थना की जाती है। संध्योपासना के 4 प्रकार हैं– 1.प्रार्थना, 2.ध्यान, 3.कीर्तन और 4.पूजा–आरती। व्यक्ति की जिसमें जैसी श्रद्धा है, वह वैसा करता है।

### धर्म की सेवा के बारे में :

धर्म की प्रशंसा करना और धर्म के बारे में सही जानकारी को लोगों तक पहुंचाना प्रत्येक हिन्दू का कर्तव्य होता है। धर्म प्रचार में वेद, उपनिषद और गीता के ज्ञान का प्रचार करना ही उत्तम माना गया है। धर्म प्रचारकों के कुछ प्रकार हैं। हिन्दू धर्म को पढ़ना और समझना जरूरी है। हिन्दू धर्म को समझकर ही उसका प्रचार और प्रसार करना जरूरी है। धर्म का सही ज्ञान होगा, तभी उस ज्ञान को दूसरे को बताना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति को धर्म प्रचारक होना जरूरी है। इसके लिए भगवा वस्त्र धारण करने या संन्यासी होने की जरूरत नहीं। स्वयं के धर्म की तारीफ करना और बुराइयों को नहीं सुनना ही धर्म की सच्ची सेवा है।

### मंत्र के बारे में :

वेदों में बहुत सारे मंत्रों का उल्लेख मिलता है, लेकिन जपने के लिए सिर्फ प्रणव और गायत्री मंत्र ही कहा गया है, बाकी मंत्र किसी विशेष अनुष्ठान और धार्मिक कार्यों के लिए है। वेदों में गायत्री नाम से छंद है जिसमें हजारों मंत्र हैं किंतु प्रथम मंत्र को ही गायत्री मंत्र माना जाता है। उक्त मंत्र के अलावा किसी अन्य मंत्र का जाप करते रहने से समय और ऊर्जा की बर्बादी है। गायत्री मंत्र की महिमा सर्वविदित है। दूसरा मंत्र है महामृत्युंजय मंत्र, लेकिन उक्त मंत्र के जप और नियम कठिन है इसे किसी जानकार से पूछकर ही जपना चाहिए।

### प्रायश्चित के बारे में :

प्राचीनकाल से ही हिन्दुओं में मंदिर में जाकर अपने पापों के लिए प्रायश्चित करने की परंपरा रही है। प्रायश्चित करने के महत्व को स्मृति और पुराणों में विस्तार से समझाया गया है। गुरु और शिष्य परंपरा में गुरु अपने शिष्य को प्रायश्चित करने के अलग–अलग तरीके बताते हैं। दुष्कर्म के लिए प्रायश्चित करना तपस्या का एक दूसरा रूप है। यह मंदिर में देवता के समक्ष 108 बार साष्टांग प्रणाम, मंदिर के इर्द–गिर्द चलते हुए साष्टांग प्रणाम और कावडी अर्थात वह तपस्या, जो भगवान मुरुगन को अर्पित की जाती है, जैसे कृत्यों के माध्यम से की जाती है। मूलतः अपने पापों की क्षमा भगवान शिव और वरुणदेव से मांगी जाती है, क्योंकि क्षमा का अधिकार उनको ही है। जैन धर्म में 'क्षमा पर्व' प्रायश्चित करने का दिन है।

### दीक्षा देने के बारे में :

दीक्षा देने का प्रचलन वैदिक ऋषियों ने प्रारंभ किया था। प्राचीनकाल में पहले शिष्य और ब्राह्मण बनाने के लिए दीक्षा दी जाती थी। माता–पिता अपने बच्चों को जब शिक्षा के लिए भेजते थे तब भी दीक्षा दी जाती थी। हिन्दू धर्मानुसार दिशाहीन जीवन को दिशा देना ही दीक्षा है। दीक्षा एक शपथ, एक अनुबंध और एक संकल्प है। दीक्षा के बाद व्यक्ति द्विज बन जाता है। द्विज का अर्थ दूसरा जन्म। दूसरा व्यक्तित्व। सिख धर्म में इसे अमृत संचार कहते हैं। यह दीक्षा देने की परंपरा जैन धर्म में भी प्राचीनकाल से रही है, हालांकि दूसरे धर्मों में दीक्षा को अपने धर्म में धर्मांतरित करने के लिए प्रयुक्त किया जाने लगा। हिन्दू धर्म से इस परंपरा को ईसाई धर्म ने अपनाया जिसे वे बपस्तिमा कहते हैं। अलग–अलग धर्मों में दीक्षा देने के भिन्न–भिन्न तरीके हैं। यहूदी धर्म में खतना करके दीक्षा दी जाती है।




### वेद से निकला षड्दर्शन

वेद और उपनिषद को पढ़कर ही 6 ऋषियों ने अपना दर्शन गढ़ा है। इसे भारत का षड्दर्शन कहते हैं। दरअसल, यह वेद के ज्ञान का श्रेणीकरण है। ये 6 दर्शन हैं– 1.न्याय, 2.वैशेषिक, 3.सांख्य, 4.योग, 5.मीमांसा और 6.वेदांत। वेदों के अनुसार सत्य या ईश्वर को किसी एक माध्यम से नहीं जाना जा सकता। इसीलिए वेदों ने कई मार्गों या माध्यमों की चर्चा की है।

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# भारत ने अमेरिका पर बनाया 10 प्रतिशत बेसलाइन टैरिफ हटाने का दबाव

**नई दिल्ली।**

अमेरिकी टैरिफ को लेकर पूरी दुनिया में हलचल मची हुई है। इसी कड़ी में भारत और अमेरिका के बीच अर्ली हार्वेस्ट व्यापार समझौते की दिशा में चल रही वार्ताओं में 10 प्रतिशत बेसलाइन आयात शुल्क का मुद्दा सबसे प्रमुख बन गया है। यह शुल्क ट्रंप प्रशासन ने 2 अप्रैल को सभी देशों से होने वाले आयात पर लगाया था। अब भारत चाहता है कि अमेरिका इस टैरिफ को पूरी तरह खत्म करे। सरकार से जुड़े सूत्रों ने बताया कि भारतीय वार्ताकारों ने स्पष्ट कर दिया है कि वे ब्रिटेन के मॉडल को स्वीकार करने के पक्ष में नहीं हैं, जिसमें अमेरिका और यूके के बीच हुए समझौते के बावजूद ब्रिटिश वस्तुओं पर बेसलाइन शुल्क जारी है।

भारत की ओर से वार्ता में शामिल एक अधिकारी ने बताया कि भारत ने अमेरिका से आग्रह किया है कि 10 प्रतिशत बेसलाइन शुल्क के साथ-साथ 9 जुलाई से प्रस्तावित अतिरिक्त 16 प्रतिशत शुल्क को भी पूरी तरह से हटाया जाए। उन्होंने कहा, आदर्श स्थिति में समझौता होने के बाद दोनों टैरिफ (10 प्रतिशत और अतिरिक्त 16 प्रतिशत) को एक साथ समाप्त किया जाना चाहिए। यदि ऐसा नहीं होता है तो भारत को भी समान और आनुपातिक टैरिफ बनाए रखने का अधिकार रहेगा।यह बयान 13 फरवरी को वाशिंगटन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा जारी संयुक्त बयान के आधार पर दिया गया, जिसमें मिशन-500 के तहत वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया था। एक अन्य अधिकारी ने भारत के रुख को दोहराते हुए कहा कि केवल वही समझौता दीर्घकालिक टिकाऊ हो सकता है जो संतुलित और परस्पर लाभकारी हो।

उन्होंने कहा, अमेरिका दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था। इसलिए दोनों देशों के बीच व्यापार समझौता निष्पक्ष, न्यायसंगत और जनस्वीकार्य होना चाहिए।

भारत का मानना है कि दोनों देशों के व्यापार हित प्रतिस्पर्धी नहीं, बल्कि परस्पर पूरक हैं। इसलिए भारत अमेरिकी वस्तुओं के लिए अधिक बाजार पहुंच देने को तैयार है, बशर्ते अमेरिका भी उसी भावना से जवाब दे। यूएस ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव के सहायक ब्रेंडन लिंच के नेतृत्व में एक अमेरिकी वार्ताकार टीम 4 जून को दिल्ली पहुंची है।

यह पांचवीं बार है जब दोनों देशों के वार्ताकार आमने-सामने बातचीत कर रहे हैं। पहले यह दौरा दो दिन का माना जा रहा था, लेकिन अब यह 10 जून तक चलेगा। इस दौर की बातचीत में टैरिफ सहित कई गंभीर मुद्दों पर चर्चा चल रही है। इसके बाद अगला दौर अमेरिका में होगा।बता दें कि दोनों पक्ष 9 जुलाई से पहले एक अंतरिम (अर्ली हार्वेस्ट) व्यापार समझौता करने की दिशा में तेजी से काम कर रहे हैं। इसके बाद सितंबर-अक्टूबर 2025 में प्रथम चरण का द्विपक्षीय व्यापार समझौता लाया जाएगा।

## राफेल विमान को लेकर भारत-फ्रांस में टेंशन, चीन-पाकिस्तान फैला रहे प्रोपेगेंडा

### फ्रांस ने कहा-सूचनाओं का युद्ध चल रहा, अगले हफ्ते बातचीत करने जाएंगे जयशंकर

**नई दिल्ली।**

भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर अगले हफ्ते पेरिस जाने वाले हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक जयशंकर राफेल लड़ाकू विमान पर चीन और पाकिस्तान की तरफ से फैलाए प्रोपेगेंडा को लेकर फ्रांस से बातचीत करेंगे। उनकी पेरिस यात्रा का मकसद ये तय करना है कि किसी भी देश को भारत और फ्रांस की दोस्ती पर शक ना रहे। खासकर फ्रांस के राफेल लड़ाकू विमानों की क्वालिटी को लेकर जो बातें चीनी मीडिया और राफेल विरोधी फैला रहे हैं। उन्हें दूर करना जरूरी है। बता दें पाकिस्तान और चीन ने हाल ही में एक संगठित अभियान चलाकर यह नैरेटिव फैलाया है कि भारत के राफेल फाइटर जेट्स, जो फ्रांस से खरीदे गए हैं, चीन-पाकिस्तान के सामने असहाय साबित हुए। पाकिस्तान का दावा है कि पिछले महीने भारत के साथ हुए संघर्ष में उसने राफेल गिराए हैं, जबकि भारत ने ये तो कहा है कि उसके विमान गिराए गए हैं, लेकिन ये नहीं कहा है कि कौन सा विमान गिराया है। जबकि पाकिस्तान और चीन ये प्रोपेगेंडा फैला रहे हैं कि जे-10सी फाइटर जेट और पीएल-15 मिसाइल के कॉम्बिनेशन से राफेल गिराया गया। पाकिस्तान के प्रोपेगेंडा को कुछ पश्चिमी देशों का साथ इसलिए मिल रहा है, क्योंकि ये देश इसलिए नाराज हैं कि भारत ने यूरोफाइटर को ठुकराकर राफेल चुना था। अमेरिका में नाराजगी इसबात को लेकर है कि भारत ने एफ-21 लड़ाकू विमान को छोड़कर राफेल को चुना था। इसके अलावा अमेरिका चाहता है कि भारत एफ-21 और एफ-35 स्टील्थ फाइटर खरीदे, इसलिए भारत और फ्रांस के रिश्ते पर अविश्वास फैलाने के अलावा राफेल को भी खराब बताया जा रहा है। चीन और पाकिस्तान की मीडिया में प्रोपेगेंडा फैलाया जा रहा है कि भारत-फ्रांस के बीच झगड़े जैसी स्थिति है। वे कह रहे हैं कि भारत का फ्रांसीसी एयरोस्पेस कंपनी दसॉल्ट एविएशन से विवाद हो गया है। उनका कहना है कि फ्रांस की एक टीम भारत में राफेल विमानों का निरीक्षण करना चाहती थी, लेकिन भारत ने राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देते हुए मना कर दिया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक 6 जून को एक पाकिस्तानी रिपोर्ट में कहा गया है कि इस विवाद से राफेल की युद्ध में क्षमता पर सवाल उठ रहे हैं।

## भारतीय टैक्टिकल ड्रोन से अब भी दशहत में आंतकी और पाकिस्तान

**नई दिल्ली।**

भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान आधुनिक टैक्टिकल ड्रोन का इस्तेमाल कर पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को सफलतापूर्वक तबाह किया। इससे यह स्पष्ट हो गया कि भारत अब केवल रक्षात्मक रणनीति तक सीमित नहीं है, बल्कि वह इजरायल की तरह आक्रामक रणनीति अपनाकर दुश्मनों को पहले ही मोर्चे पर मात देगा।

टैक्टिकल ड्रोन यानी छोटे और हल्के युद्धक ड्रोन अब युद्ध की दुनिया का नया चेहरा बन चुके हैं। ये ड्रोन बिना पायलट के चलते हैं और रियल टाइम निगरानी, लक्ष्य की पहचान और सटीक हमला करने में सक्षम होते हैं। भारत, इजरायल और तुर्की तकनीक में अग्रणी देश माने जाते हैं।

पहले भारत टैक्टिकल ड्रोन के लिए इजरायल पर निर्भर था और आईएआई सर्चर, हेरॉन और हारोप जैसे ड्रोन इजरायल से मंगाता था। लेकिन बीते दशक में भारत ने 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' के तहत टैक्टिकल ड्रोन निर्माण में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अब भारत में डीआरडीओ, एचएएल, टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स और आइडियाफोर्ज जैसी कंपनियां अत्याधुनिक ड्रोन बना रही हैं। भारत का रुसतम-2 (टपास बीएच-201) एक प्रमुख मेल ड्रोन है, जिसे निगरानी और पहचान मिशनों के लिए तैयार किया गया है। भविष्य में हथियारों से लैस करने की योजना है। वहीं, स्विच यूएवी जैसे हल्के टैक्टिकल ड्रोन पहाड़ी इलाकों और एलएसी पर निगरानी के लिए इस्तेमाल हो रहे हैं।

## नई रेल लाइन व विकास कार्यों के चलते रेलवे ने रद्द की कई ट्रेनें

**नई दिल्ली।**

भारतीय रेलवे ने विकास कार्यों और नई रेल लाइनें जोड़ने के चलते जून में कई ट्रेनों को रद्द कर दिया है। यात्रियों को होने वाली असुविधा से बचने के लिए सफर पर निकलने से पहले अपनी ट्रेन की जानकारी जरुरी ले लें। भारतीय रेलवे को देश की लाइफलाइन कहा जाता है और यह 24 घंटे लाखों यात्रियों को एक कोने से दूसरे कोने का सफर कराती हैं। रेलवे अपने नेटवर्क को बेहतर और सुचारू रूप से चलाने के लिए लगातार विकास कार्य कर रहा है जैसे नई रेल लाइनें जोड़ना या मौजूदा पटरियों का रखरखाव करना। इन कार्यों के कारण रेलवे को अक्सर रूट्स पर ट्रेनों को डायवर्ट करना पड़ता है या कभी कभी रद्द भी करना पड़ता है। ये विकास कार्य भविष्य में बेहतर और निर्बाध ट्रेन संचालन के लिए जरुरी हैं लेकिन तात्कालिक रूप से इनसे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। जानकारी के मुताबिक जून में रेलवे ने कुछ ट्रेनों को रद्द किया है। यात्रियों को सलाह दी है कि वे रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट एनटीईएस ऐप या हेल्पलाइन नंबर 139 पर अपनी ट्रेन का स्टेटस ज़रूर चेक करें। रद्द की गई ट्रेनों में ट्रेन नंबर 18602 हटिया-टाटानगर-हटिया एक्सप्रेस भी शामिल है।



## 11 साल में जनकल्याणकारी योजनाओं से महिलाओं के जीवन में आया बदलाव

### पीएम मोदी ने बोले-नारी शक्ति की सफलताएं देशवासियों को गौरवान्वित करने वाली

**नई दिल्ली।**

पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की एनडीए सरकार अपने कार्यकाल के 11 साल पूरे कर चुकी है। पीएम मोदी के कार्यकाल में चलाई गई जनकल्याणकारी योजनाओं से महिलाओं के जीवन में बड़ा बदलाव आया है। पीएम ने सोशल मीडिया एक्स पर 51 सेकंड का एक वीडियो पोस्ट कर बताया कि 11 सालों में हमारी नारी शक्ति की सफलताएं देशवासियों को गौरवान्वित करने वाली हैं। पीएम मोदी की ओर से उनके 11 सालों के कार्यकाल में महिलाओं के लिए चलाई जा रही कई जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में इस वीडियो में बताया गया है।

उज्ज्वला योजना के तहत लाखों महिलाओं को मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन मिले, जिससे उनकी सेहत और जीवनशैली में सुधार आया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान ने लैंगिक समानता और बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा दिया। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ने महिलाओं को स्वरोजगार के लिए आसान ऋण प्रदान कर आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ाया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत महिलाओं के नाम पर मकान स्वामित्व ने उनकी सामाजिक सुरक्षा को मजबूत किया। इन योजनाओं ने महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के साथ-साथ सामाजिक और आर्थिक प्रगति में भी योगदान दिया है। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि हमारी माताओं-बहनों और बेटियों ने वह दौर भी देखा है, जब उन्हें मुश्किलों का सामना करना पड़ता था, लेकिन आज वह ना सिर्फ विकसित भारत के संकल्प में भागीदारी निभा रही हैं, बल्कि शिक्षा और व्यवसाय से लेकर हर क्षेत्र में मिसाल कायम कर रही हैं। बीते 11 सालों में हमारी नारी शक्ति की सफलताएं देशवासियों को गौरवान्वित करने वाली हैं। दूसरी पोस्ट में लिखा-पिछले 11 सालों में एनडीए सरकार ने महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास को नए सिरे से परिभाषित किया है। स्वच्छ भारत के जरिए से सम्मान देने से लेकर जन धन खातों के माध्यम से वित्तीय समावेशन तक, विभिन्न पहलों ने हमारी नारी शक्ति को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित किया है।

## वायूसेना ने बेंगलुरु से दिल्ली पहुंचाए लिवर-कॉर्निया, पांच लोगों की बचाई जिंदगी

**बेंगलुरु।**

भारतीय वायूसेना दिन-रात देश की सेवा में तत्पर रहती है। जहां जैसी जरुरत होती है वैसी भूमिका निभाती है। हाल ही में वायूसेना ने 5 लोगों की जिंदगी बचाई है। दरअसल, बेंगलुरु में एक ऐसे मरीज के अंगों को देश के विभिन्न हिस्सों में भेजकर पांच लोगों को नया जीवन दिया गया। इस मरीज को शुक्रवार को चिकित्सकों ने ब्रेन डेड घोषित कर दिया था। इस अभियान के तहत भारतीय वायुसेना के विमान द्वारा एक गुर्दे और एक कॉर्निया को हवाई मार्ग से बेंगलुरु से दिल्ली पहुंचाया गया। भारतीय वायुसेना ने शनिवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में समन्वित अभियान का विवरण और अंगों को हवाई मार्ग से ले जाए जाने की तस्वीरें साझा कीं। इस पोस्ट में आगे कहा गया है कि 'ग्लेनईगल्स बीजीएस अस्पताल' में लिवर का सफलतापूर्वक प्रतिरोपण किया गया। भारतीय वायुसेना ने पोस्ट में कहाकि यह अभियान 'जीवनसार्थकथे कर्नाटक' के साथ मिलकर किया गया। यह सशस्त्र सेना चिकित्सा समुदाय की असाधारण प्रतिबद्धता और चिकित्सकीय क्षेत्र में विशेषज्ञता को दर्शाता है। भारतीय वायुसेना की इस



पोस्ट में कहा गया कि वायु सेना ने 'कमांड हॉस्पिटल एयर फोर्स बेंगलुरु' (सीएचएएफबी) के जरिए जीवनरक्षक प्रतिरोपण को संभव बनाने और विभिन्न स्थानों पर अंगों को पहुंचाने में मदद की। इसमें कहा गया कि शुक्रवार को ब्रेन डेड घोषित किया गया मरीज पांच लोगों को नया जीवन दे गया। भारतीय वायुसेना के अनुसार, एक गुर्दे और एक कॉर्निया को दिल्ली के सैन्य अस्पताल में भेजा गया। दूसरे गुर्दे, कॉर्निया, त्वचा के प्रतिरोपण की प्रक्रिया बेंगलुरु के विक्टोरिया हॉस्पिटल की मेडिकल टीम के सहयोग से सीएचएएफबी में की गई।

## संक्षिप्त समाचार



### एक्सिओम-4 मिशन 10 जून को भरेगा उड़ान, शुभांशु देंगे मिशन को अंजाम

**नई दिल्ली।**

शुभांशु शुक्ला द्वारा संचालित प्रतिष्ठित एक्सिओम-4 मिशन 10 जून यानी मंगलवार सुबह अमेरिका से अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए उड़ान भरेगा। यह मिशन भारतीय समयानुसार सुबह 6 बजकर 12 मिनट पर होगा। एक्स-4 चालक दल नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर में एलसी-39ए से स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान पर अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए रवाना होगा। यह अमेरिका, भारत, पोलैंड और हंगरी के चार अंतरिक्ष यात्रियों को 14-दिन डॉकिंग मिशन के लिए निम्न पृथ्वी कक्षा में ले जाएगा। इसमें कई प्रयोग किए जाएंगे, जिनमें से 7 इसरो अंजाम देगा। एएक्स -4 मिशन भारत, पोलैंड और हंगरी के लिए मानव अंतरिक्ष यान की वापसी को साकार करेगा। इसमें हर देश की 40 से ज्यादा सालों में पहली सरकारी प्रायोजित उड़ान होगी। जबकि एएक्स-4 इन देशों के इतिहास में दूसरा मानव अंतरिक्ष यान मिशन है, यह पहली बार होगा जब तीनों देश आईएसएस पर एक मिशन को अंजाम देंगे। इसरो आगामी एक्सिओम-4 एक्सिओम इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन मिशन के दौरान सात माइक्रोग्रैविटी अनुसंधान प्रयोग करेगा। मोदी सरकार के अथक प्रयासों को दिखा असर....देश में गरीबों की संख्या 34 से घटकर 7.5 करोड़ रह गई

### ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में गरीबों की संख्या में आई कमी

**नई दिल्ली।**

भारत ने विश्व बैंक की नई रिपोर्ट में गरीबी उन्मूलन के क्षेत्र में बड़ी सफलता पा ली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली मोदी सरकार के 11 सालों के दौरान अत्यधिक गरीबी दर 27.1 प्रतिशत से घटकर मात्र 5.3 प्रतिशत रही है। यह आंकड़ा साल 2011-12 से 2022-23 तक का है, जिसमें गरीबों की संख्या करीब 34 से घटकर 7.5 करोड़ रह गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, गरीबी रेखा को विश्व बैंक ने संशोधित कर 3 डॉलर प्रति दिन कर दिया है। भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी दर 18.4 से 2.8 प्रतिशत पर आ गई, जबकि शहरी इलाकों में यह 10.7 से घटकर 1.1 प्रतिशत रह गई है। इस तरह ग्रामीण-शहरी गरीबी का अंतर भी 7.7 प्रतिशत से घटकर केवल 1.7 प्रतिशत हो गया है। विश्व बैंक ने मोदी सरकार की मुफ्त राशन और सब्सिडी आधारित खाद्य योजना को गरीबी घटाने में अहम योगदान दिया है। हालांकि, रिपोर्ट में भारत की अर्थव्यवस्था पर भी टिप्पणी की गई है। कोविड महामारी के बाद भारत का वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) अभी तक महामारी पूर्व स्तर से करीब 5 प्रतिशत नीचे है। वैश्विक व्यापार तनाव और नीतिगत अनिश्चितताओं के कारण आने वाले वर्षों में आर्थिक वृद्धि धीमी रह सकती है।

### महाराष्ट्र में 86 नए कोविड संक्रमित मरीजों की पुष्टि, कुल संख्या 595

**749 मरीज ठीक होकर घर लौट गए**

**मुंबई।**

महाराष्ट्र सरकार में स्वास्थ्य विभाग ने कोविड-19 से जुड़ी ताजा स्थिति की जानकारी जाहिर की है। रिपोर्ट के अनुसार, महाराष्ट्र में रविवार को 86 नए कोविड संक्रमित मरीजों की पुष्टि हुई है, इससे सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 595 हुई है। अच्छी खबर यह है कि 749 मरीज ठीक होकर घर लौट गए हैं, इससे रिकवरी रेट में सुधार हुआ है। वहीं, जनवरी 2025 से अब तक राज्य में कोविड से कुल 18 मौतें दर्ज हुई हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, जनवरी से अब तक कुल 16,226 सैंपलों की जांच हुई है, जिसमें से 1,362 सैंपल संक्रमित मिले हैं। इसमें से 640 मामले सिर्फ मुंबई से सामने आए हैं। शनिवार को मिले 86 नए मामलों में मुंबई से 28, पुणे से 33, ठाणे से छह, पीसीएमसी (पिंपरी-चिंचवाड़) से सात, मीरा-भायंदर से दो, छत्रपति संभाजीनगर तथा नागपुर से तीन-तीन और सातारा तथा कोल्हापुर से एक-एक मरीज शामिल हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, राज्य में कोविड मामलों की संख्या में समय-समय पर वृद्धि देखी जा रही है, जो केवल महाराष्ट्र तक सीमित नहीं है, बल्कि अन्य राज्यों और कुछ देशों में भी इसी तरह की स्थिति देखी जा रही है। सरकार और स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से सतर्क रहने, मास्क पहनने, भीड़भाड़ वाले इलाकों से बचने और स्वास्थ्य संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

## पाकिस्तान के सूखने लगे डेम, भारी जल संकट के चलते मची त्राही-त्राही

**नई दिल्ली।**

पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान पर जो शिकंजा कसा है उससे वहां त्राही त्राही मचना शुरु हो गई है। सूखे जैसे हालात का सामना कर रहे पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की स्थिति आने वाले समय में और भी गंभीर हो सकती है। भारत की ओर से पश्चिमी नदियों पर नियंत्रण बढ़ाने के कदमों का असर पाकिस्तान में गंभीर जल संकट के रूप में उभर रहा है। आंकड़ों के मुताबिक, इस हफ्ते पाकिस्तान के सिंधु बेसिन में बांधों से छोड़े जा रहे जल प्रवाह में लगभग 15 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है, जो पिछले साल इसी अवधि की तुलना में कम है।पाकिस्तानी अधिकारियों के अनुसार, यह संकट खरीफ सीजन (जून-सितंबर) की शुरुआत में ही 21प्रतिशत जल की कमी को दर्शाता है। माराला (सियालकोट, पंजाब) में 5 जून को चिनाब नदी का औसत जल प्रवाह केवल 3,064 क्यूसेक रह गया, जबकि 28 मई को यह 26,645 क्यूसेक था। एक शीर्ष सरकारी सूत्र के हवाले से बताया गया है कि स्थिति गंभीर है, खासकर जून से सितंबर तक की खरीफ फसल के लिए। मानसून के आगमन से कुछ राहत की उम्मीद जरूर है, लेकिन तब तक नुकसान हो चुका होगा।5 जून को पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में वॉटर रिलीज गिर कर 1.24 लाख क्यूसेक तक पहुंच गया, जो पिछले साल इसी तारीख को 1.44 लाख क्यूसेक था। तरबेला डैम (खैबर पख्तूनख्वा) में जलस्तर 1,465 मीटर पर पहुंच चुका है, जबकि इसका डेड लेवल 1,402 मीटर है। चश्मा डैम (पंजाब) में जलस्तर 644 मीटर है, जो डेड लेवल 638 मीटर से मुश्किल से ऊपर है। मंगला डैम (मीरपुर, झेलम नदी) का जलस्तर 1,163 मीटर तक पहुंच चुका है, जो डेड लेवल 1,050 से थोड़ा ही ऊपर है। बता दें कि डेड लेवल जलस्तर की वह सीमा होती है, जिसके बाद पानी को डैम से छोड़ा नहीं जा सकता है।

भारत ने पिछले कुछ समय में सिंधु जल संधि को लेकर रुख सख्त किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 मई को गुजरात में कहा था, पानी पर हमारे लोगों का अधिकार है। अभी हमने बस साफ-सफाई शुरू की है और वहां (पाकिस्तान) हड़कंप मचा है। भारत ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि संधि अस्थायी रूप से निलंबित है और पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते की नीति पर अमल किया जा रहा है। अब तक पाकिस्तान इस फैसले पर आपत्ति जताते हुए चार पत्र भेज चुका है, लेकिन भारत ने अपने रुख में कोई नरमी नहीं दिखाई है।

## ऑपरेशन सिंदूर पर नए खुलासेः पाकिस्तान को घुटने के बल पर लाने के लिए चले कई दांव

**नई दिल्ली।**

आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर उनके ठिकानों को तबाह कर दिया।

इस ऑपरेशन से पाकिस्तान को भारी नुकसान हुआ और इंटरनेशनल लेवल पर प्रमाणित हो गया कि आतंक की जड़ पाकिस्तान ही है।

ऑपरेशन सिंदूर को एक महीना पूरा हो गया है। इस अवसर पर शनिवार शाम को राष्ट्रीय सुरक्षा योजनाकार और सैन्य प्रमुख जश्न मना रहे थे। मिली जानकारी के मुताबिक रक्षा मंत्रालय ने तीनों सेनाओं को हथियारों और मिसाइलों की नई खेप खरीदने की अनुमति दे दी है। इसमें लम्बी दूरी की लोइटरिंग गोला-बारूद, आर्टिलरी शेल, कामिकाजे ड्रोन और बियॉन्ड-विजुअल-रेंज एयर-टू-एयर मिसाइलें शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार, सेना की कार्रवाई और सैटेलाइट तस्वीरों से यह पुष्टि हुई है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायुसेना और एयर डिफेंस सिस्टम ने चीन द्वारा निर्मित चार पाकिस्तानी लड़ाकू विमान और दो बड़े सैन्य विमान को मार गिराया।

सूत्रों ने यह भी बताया कि भारतीय वायुसेना ने 11 पाकिस्तानी एयरबेस जिनमें सरगोधा, रफीकी, जैकबाबाद और नूर खान शामिल हैं, पर सटीक मिसाइल हमले किए। इन हमलों में दो एफ-16 लड़ाकू विमानों को आंशिक क्षति हुई है।सात से दस मई के बीच भारत ने पाकिस्तान और पीओके (पाक अधिकृत कश्मीर) में 13 एयरबेस व सैन्य ठिकानों और 9 आतंकवादी शिविरों को निशाना बनाया। सेना के आकलन के मुताबिक इस ऑपरेशन में कम से कम 100 आतंकवादी मारे गए।

इस दौरान इजरायली और पोलिश ड्रोन, लोइटरिंग गोला-बारूद और नेवी की स्ट्राइक क्षमताएं भी इस मिशन में सक्रिय रहीं। पाकिस्तान ने इस हमले के जवाब में ऑपरेशन बुनीयन-उल-मर्सूस की शुरुआत की, लेकिन वह महज 8 घंटे में धराशायी हो गया।

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1


## संक्षिप्त समाचार

### एलन मस्क को व्हाइट हाउस से प्यार, बना सकते हैं नई राजनीतिक पार्टी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पूर्व सहयोगी और दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क व्हाइट हाउस का मोह नहीं छोड़ पा रहे। वह अपनी खुद की नई राजनीतिक पार्टी की घोषणा कर सकते हैं। इस समय दोनों के संबंधों में इतनी खटास आ गई है कि वह एक-दूसरे को फूटी आंखों सुहा नहीं रहे। सीबीएस न्यूज के अनुसार, एलन मस्क ने ट्रंप से अलग होने के बाद गुरुवार को अपनी नई पार्टी बनाने का विचार देश के सामने रखा। ट्रंप के तीखे कटाक्षों के बीच मस्क ने अपने 220 मिलियन फॉलोवर्स का मत जानने के लिए एक्स को पोल पोस्ट किया। इसमें उन्होंने लिखा कि क्या अमेरिका में नई राजनीतिक पार्टी बनाने का समय आ गया है। मस्क ने शुक्रवार को कहा कि पोल में 80 फीसद फॉलोवर्स ने उनके विचार का समर्थन किया। मस्क ने शाम को लिखा कि यह उनका भाग्य है। इसके बाद मस्क ने एक प्रशंसक के सुझाव का समर्थन किया कि वह इसका नाम अमेरिका पार्टी रखें। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि मस्क रिपब्लिकन पार्टी से अलग होने को लेकर कितने गंभीर हैं। बावजूद इसके वह ट्रंप के प्रभाव को चुनौती देने का प्रयास कर सकते हैं।

### अमेरिका में 19 देशों के लोगों के प्रवेश पर रोक, आदेश नौ जून से प्रभावी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका ने 12 देशों के नागरिकों और अप्रवासियों के संयुक्त राज्य अमेरिका आने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। इसके अलावा सात देशों के लोगों के प्रवेश को आंशिक रूप से प्रतिबंधित किया है। यह प्रतिबंध आदेश नौ जून से लागू होंगे। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस सप्ताह इस आशय के घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। प्रतिबंध घोषणा में अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा हितों का हवाला दिया गया है। अफगानिस्तान, म्यांमार, चाड, कांगो गणराज्य, इक्वेटोरियल गिनी, इरिट्रिया, हैती, ईरान, लीबिया, सोमालिया, सूडान और यमन पूर्ण प्रतिबंध की श्रेणी में शामिल हैं। आंशिक प्रतिबंध की श्रेणी में बुरुंडी, क्यूबा, लाओस, सिएरा लियोन, टोगो, तुर्कमेनिस्तान और वेनेजुएला को रखा गया है। राष्ट्रपति के आदेश में अमेरिकी स्थायी निवासी और अमेरिकी नागरिकों के पति, पत्नी और बच्चों को प्रतिबंधों में छूट दी गई है। शर्त यह है कि इनके पास पहचान और पारिवारिक संबंध के स्पष्ट और पुख्ता सबूत होने चाहिए। अमेरिकी सेना की सहायता करने वाले और विशेष वीजा रखने वाले अफगान राजनयिक को भी छूट दी गई है। इस छूट में विश्व कप, ओलंपिक और अन्य प्रमुख खेल आयोजनों के लिए अमेरिका आने वाले एथलीट भी शामिल हैं।


### संयुक्त अरब अमीरात में ईद-अल-अजहा की नमाज अदा की गई

**अबूधाबी, एजेंसी।** संयुक्त अरब अमीरात में आज भोर की पहली किरण फूटते ही ईद-अल-अजहा की भावना समुदायों में जीवंत हो उठी। मस्जिदों और खुले प्रार्थना स्थलों में मुसलमानों ने ईद अल अजहा की नमाज पढ़ी। इसके बाद एक-दूसरे को बधाई दी। ईद-उल-अजहा को बकरा ईद, बकरीद, बखरीद, ईद-अल-अजहा, ईद-कुर्बान, कुर्बान बयारामी या बलिदान के पर्व के रूप में भी जाना जाता है। यह त्योहार पैगंबर इब्राहिम के विश्वास की परीक्षा की याद में मनाया जाता है। खलीज टाइम्स अखबार के मुताबिक, आज लोग बकरा, भेड़ या ऊंट जैसे पशुओं की कुर्बानी भी देते हैं। संयुक्त अरब अमीरात के निवासी आज सुबह ईद-उल-अजहा की नमाज अदा करने के लिए मस्जिदों और खुले प्रार्थना स्थलों पर एकत्र हुए। दुबई में अल फारूक उमर बिन अल खत्ताब मस्जिद ( ब्लू मस्जिद) में बड़ी संख्या में नमाज अदा करने के लिए एकत्र हुए। इस बीच राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने आज के लिए मौसम पूर्वानुमान जारी किया है। इसमें आज पूरे देश में तापमान बढ़ने की चेतावनी दी गई है। आंतरिक क्षेत्रों में 39 डिग्री सेल्सियस और 44 डिग्री सेल्सियस के बीच तापमान रहने की उम्मीद है। तटीय क्षेत्रों और द्वीपों में अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस से 41 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा, जबकि पहाड़ी क्षेत्रों में 30 डिग्री सेल्सियस से 34 डिग्री सेल्सियस तक तापमान रहेगा। आसमान साफ रहेगा और आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे।

### पाकिस्तान के पूर्व सीनेटर अब्बास अफरीदी की विस्फोट में मौत

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व सीनेटर अब्बास अफरीदी की आज सीएमएच खारियन बर्न सेंटर में मौत हो गई। वह शुक्रवार को कोहाट के आजम बाग में हुए गैस रिसाव विस्फोट में घायल हो गए थे। पुलिस ने उन्हें बर्न सेंटर में भर्ती कराया था। द नेशन अखबार की खबर के अनुसार, दिवंगत अब्बास अफरीदी के जनाजे की नमाज कोहाट के बाबरी बंदा में अदा की जाएगी। अफरीदी मार्च 2009 में स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में पाकिस्तान की सीनेट के लिए चुने गए थे। उन्होंने 19 मार्च, 2014 को कपड़ा उद्योग के संघीय मंत्री के रूप में शपथ ली। 2018 में उन्होंने पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज (पीएमएल-एन) के उम्मीदवार के रूप में एनए-32 कोहाट से चुनाव में भाग लिया। वह चुनाव हार गए। उन्हें 44,154 वोट मिले और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के उम्मीदवार शहरयार अफरीदी ने उन्हें हरा दिया। उन्होंने 2024 के आम चुनाव में भी एनए-35 कोहाट से पीएमएल (एन) के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा। यह चुनाव भी वह हार गए। देश के राजनेताओं ने पूर्व सीनेटर अब्बास अफरीदी के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

# रूस का कीव पर ड्रोन और क्रूज मिसाइल हमला, मेट्रो रेल ट्रैक क्षतिगस्त



**कीव (यूक्रेन), एजेंसी।** रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव में ड्रोन और क्रूज मिसाइल हमला कर बड़ा नुकसान किया है। रूस के हमले में कई मेट्रो रेल ट्रैक क्षतिगस्त हो गए हैं। रात भर हुए हमले में कम से कम तीन नागरिक घायल हुए हैं। कुछ दिनों से यूक्रेन और रूस के बीच हमलों में वृद्धि हुई है। यूक्रेन की वायुसेना ने कीव पर बैलिस्टिक मिसाइल हमले की सूचना दी है। यूक्रेन ने कहा है कि कीव में वायु रक्षा प्रणाली को सक्रिय कर दिया गया है। कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने कहा कि रात भर हुए रूसी हमलों में तीन लोग घायल हुए हैं।

उन्होंने टेलीग्राम पर एक पोस्ट में कहा कि रूसी ड्रोन कीव में प्रवेश कर रहे हैं। लोगों से सुरक्षित आश्रय स्थलों में रहने का आग्रह किया गया है। क्लिट्स्को ने कुछ देरबाद बताया कि घायलों में से दो को अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक का मौके पर ही इलाज किया गया। कीव सिटी मिलिट्री एडमिनिस्ट्रेशन के प्रमुख तैमूर तकाचेंको ने टेलीग्राम पोस्ट में कहा कि रूस के हमलों में राजधानी कीव में दो स्टेशनों के बीच मेट्रो ट्रैक क्षतिग्रस्त हो गए। गनीमत यह रही कि कहीं आग नहीं लगी और ना ही कोई हताहत हुआ। तकाचेंको ने इससे पहले सूचना दी थी कि कीव पर संयुक्त हमला शुरू हो गया है। हवाई रक्षा प्रणाली को सक्रिय कर दिया गया है। यूक्रेन की वायुसेना ने स्थानीय यूक्रेनी समयानुसार सुबह लगभग 4-30 बजे यूक्रेन के लुत्स्क, चेर्निहिव, ल्वीव और रिव्ने क्षेत्रों में क्रूज मिसाइल दागने की सूचना दी है। चेर्निहिव में ऊंची इमारत को निशाना बनाया गया। चेर्निहिव सिटी मिलिट्री एडमिनिस्ट्रेशन के प्रमुख दिमित्री ब्रायजिन्स्की ने कहा कि शहर में अभी भी हमला हो रहा है। यूक्रेन और रूस के बीच हमलों में वृद्धि तब हुई है जब अमेरिका की मध्यस्थता से शुरू की गई शांति वार्ता विफल हो गई है। यूक्रेन और रूस के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल सोमवार को तुर्किये के इस्तांबुल में दूसरे दौर की वार्ता के लिए मिले थे। इसके बाद बुधवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फोन पर चर्चा भी की। इस बीच एबीसी न्यूज ने उपग्रह इमेजरी के अध्ययन से दावा किया है कि रूस के खिलाफ यूक्रेन के ड्रोन हमले में कम से कम 11 रूसी बमवर्षक विमान और एक बड़ा परिवहन विमान बुरी तरह क्षतिग्रस्त या नष्ट हो गया। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की ने इस गुप्त ऑपरेशन को इतिहास की किताबों में दर्ज होने वाला ऑपरेशन बताया।

### नेपाल के 76 जिलों में से 71 डेंगू की गिरफ्त में

**काठमांडू, एजेंसी।** मानसून की शुरुआत होते ही डेंगू के बढ़ते प्रकोप ने नेपाल सरकार की चिंता बढ़ा दी है। स्वास्थ्य मंत्रालय की रोग नियंत्रण महाशाखा के अनुसार नेपाल के 76 जिलों में 71 डेंगू की गिरफ्त में हैं। 1081 डेंगू पीड़ित देशभर के अस्पतालों में भर्ती हैं। इपिडेमियोलॉजी महाशाखा के निदेशक डॉक्टर चंद्रपाल झा के अनुसार, कोसी प्रदेश में 239, बागमती प्रदेश में 297, गंडकी प्रदेश में 182, लुंबिनी प्रदेश में 163, सुदूर पश्चिम में 156, कर्णाली में 30 और मधेश में 14 संक्रमित अस्पतालों में भर्ती हैं। झा के मुताबिक पिछले एक दशक के रिकॉर्ड को देखा जाए तो सबसे अधिक असर जून से सितंबर तक दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि आने वाले चार माह और चिंताजनक हो सकते हैं। नेपाल में पहली बार 2004 में चितवन घूमने आए एक विदेशी नागरिक में डेंगू का संक्रमण पाया गया था। इसके बाद 2006 में मैदानी जिलों में डेंगू का संक्रमण देखा गया। 2016 में चितवन झापा और रूपंदेही में डेंगू के से 12 लोगों की मौत भी हो गई। सन 2022 में सभी 77 जिलों में डेंगू का प्रभाव रहा। इस साल 54000 से अधिक संक्रमित पाए गए। इनमें से 88 की मौत भी हो गई। 2023 में कोसी प्रदेश में डेंगू से 20 लोगों की मौत हो गई थी जबकि 52 हजार से अधिक लोग संक्रमित हुए थे।

### बांग्लादेश में ट्रेन और वाहनों की टक्कर में एक की मौत, पांच घायल



**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश में कल रात एक रेलगाड़ी और कुछ वाहनों की टक्कर में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। पीड़ितों की पहचान नहीं हो सकी। इस वजह से काफी समय तक रेल और सड़क यातायात बाधित रहा। द डेली स्टार अखबार के अनुसार, रात साढ़े बजे यह हादसा कर्णफुली नदी पर कलुरघाट पुल पर हुआ। पुलिस ने बताया कि कॉक्स बाजार एक्सप्रेस ट्रेन और कई वाहनों के बीच टक्कर हो गई। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। मृतक और घायलों की पहचान तत्काल नहीं हो सकी है। पुलिस का कहना है कि दो सीएनजी चालित ऑटो-रिक्शा समेत कुछ वाहन सिग्नल और बैरियर को धता बताते हुए कलुरघाट पुल पर चढ़ गए। बांग्लादेश रेलवे (पूर्वी क्षेत्र) के चटगांव के डिवीजनल मैनेजर अब्दुर रहमान ने बताया कि उस समय विपरीत दिशा से आ रही कॉक्स बाजार एक्सप्रेस ने पुल के बीचों-बीच खड़े वाहनों को टक्कर मार दी। सूचना मिलने पर अग्निशमन सेवा के अधिकारी और बांग्लादेश रेलवे की टीमें पहुंचीं और बचाव अभियान शुरू किया। बोआलखाली थाना प्रभारी अधिकारी गुलाम सरवर ने बताया कि इस दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। चटगांव मेडिकल कॉलेज अस्पताल पुलिस चौकी के उपनिरीक्षक अलाउद्दीन तालुकदार ने बताया कि घायलों को आपातकालीन विभाग में प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। रेलवे अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना के बाद रेल और सड़क यातायात बाधित हो गया।

### गलती से निर्वासित एब्रेगो गार्सिया की एल साल्वाडोर से अमेरिका वापसी,चलेगा मुकदमा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** आखिरकार लंबी कानूनी लड़ाई के बाद एब्रेगो गार्सिया की एल साल्वाडोर से अमेरिका वापसी हो गई। ट्रंप प्रशासन ने दो माह पहले स्वीकार किया था कि गलती से अब्रेगो गार्सिया को मैरीलैंड से उनके मूल देश अल सल्वाडोर निर्वासित कर दिया गया है। इस बीच एक संघीय ग्रैंड जूरी ने गार्सिया पर कथित रूप से अवैध प्रवासियों को अमेरिका प्रवेश कराने क आरोप लगाया है। पिछले महीने टेनेसी की संघीय अदालत में सीलबंद आरोप दायर किए गए थे। उन्हें शुक्रवार को खोला गया। इनमें 29 वर्षीय अब्रेगो गार्सिया पर टेक्सास से अवैध प्रवासियों को देश के अंदरूनी हिस्सों में ले जाने का आरोप है। गार्सिया को एल साल्वाडोर से लाकर शुक्रवार शाम टेनेसी के मध्य जिले की अदालत में पेश किया गया। अमेरिकी जज बारबरा होम्स ने उनसे पूछा कि क्या वे अपने खिलाफ आरोपों को समझते हैं। उन्होंने स्पेनिश में कहा- हां। जज ने अगली सुनवाई की तारीख 13 जून मुकर्रर की है। इस अदालत में एब्रेगो गार्सिया पर मुकदमा चलाया जाएगा। गार्सिया अगली सुनवाई तक टेनेसी में संघीय हिरासत में रहेंगे। अब्रेगो गार्सिया के वकील साइमन सैंडोवल-मोशेनबर्ग ने ऑनलाइन प्रेस ब्रीफिंग में अपने मुवक्किल के खिलाफ लगाए गए।

# पाकिस्तान ने सिंधु जल संधि पर प्रांतों को भारत के खिलाफ किया लामबंद



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** ऑपरेशन सिंदूर में चारों खाने चित्त होने वाले पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अब सिंधु जल संधि पर देश की प्रांतीय सरकारों को भारत के खिलाफ लामबंद करना शुरू कर दिया है। शरीफ ने सिंधु जल संधि के निलंबन के फैसले को जल आक्रामकता का घोर उल्लंघन करार दिया। उन्होंने कहा कि भारत को इसका जवाब देने का समय आ गया है। द नेशनल अखबार की खबर के अनुसार, शहबाज ने आज चेतावनी दी कि पाकिस्तान 24 अप्रैल को राष्ट्रीय सुरक्षा समिति की बैठक में लिए गए निर्णयों के तहत इसका मुंहतोड़ जवाब देगा। प्रधानमंत्री आवास पर जल संसाधनों पर एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की सिंधु जल संधि के मसले पर जीत होगी। शरीफ ने यह भी दुहाई दी कि यह न्याय की लड़ाई है। यह लड़ाई हमें एकता के साथ लड़नी होगी। उन्होंने कहा कि 1960 की सिंधु जल संधि का उल्लंघन करने का प्रयास करके पानी को हथियार बनाने की भारतीय धमकियां हर दिन बढ़ रही हैं। बैठक में मौजूद सभी प्रांत के मुख्यमंत्रियों ने सिंधु जल संधि पर संघीय सरकार के रुख के लिए अपने समर्थन की पुष्टि की। प्रधानमंत्री ने इस एकजुटता की सराहना की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री शहबाज ने नई बांध परियोजनाओं के वित्त पोषण की देखरेख के लिए उप प्रधानमंत्री इशाक डार के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय समिति की स्थापना का आदेश दिया। समिति में सभी प्रांत के मुख्यमंत्री, एजेके के प्रधानमंत्री और संबंधित संघीय मंत्री शामिल होंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि गैर-विवादास्पद जलाशयों के निर्माण को प्राथमिकता दी जाएगी। बैठक में उप प्रधानमंत्री इशाक डार, फील्ड मार्शल जनरल असीम मुनीर, रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ, योजनामंत्री अहसान इकबाल, कानूनमंत्री आजम नजीर तरार, सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार, बिजली मंत्री ओवैस लेघारी, जल संसाधन मंत्री मुनीब वट्टू, पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज, सिंध के मुख्यमंत्री मुराद अली शाह, खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर, बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती, गुलाम जम्मूकश्मीर के प्रधानमंत्री अनवारुल हक और गिलगित-बाल्टिस्तान के मुख्यमंत्री गुलबर खान के साथ-साथ वरिष्ठ नागरिक और सैन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## अमेरिका ने अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय के चार जजों पर प्रतिबंध लगाया



**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका ने अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) के चार जजों पर प्रतिबंध लगा दिया है। ट्रंप प्रशासन ने आईसीसी के इन जजों पर न्यायालय का राजनीतिकरण करने और सत्ता के दुरुपयोग का आरोप लगाया है। इन चार जजों में से एक ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की गिरफ्तारी के लिए वारंट जारी किया। दूसरे ने अफगानिस्तान में अमेरिकी कर्मियों की कार्रवाई की आलोचना करते हुए उन्हें निशाना बनाया। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा है कि पिछले साल आईसीसी के प्री-ट्रायल और ट्रायल डिवीजन के न्यायाधीश रेइन एडिलेड सोफी अलापिनी गांसौ और उनकी बेटी जज होहलर ने नेतन्याहू और पूर्व रक्षामंत्री योव गैलेंट को लक्षित करते हुए गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। युगांडा के न्यायाधीश सोलोमी बलुंगी बोसा और पेरू के लूज डेल कारमेन इबनेज कैरान्जा आईसीसी के अपील डिवीजन की एक टीम का हिस्सा थे। इस टीम ने अफगानिस्तान में अमेरिकी कर्मियों के खिलाफ जांच शुरू करने का मार्ग प्रशस्त किया। विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने एक बयान में कहा कि आईसीसी के न्यायाधीशों के रूप में इन चार व्यक्तियों ने अमेरिका और उसके करीबी सहयोगी इजराइल को निशाना बनाया। उन्होंने कहा कि आईसीसी का राजनीतिकरण हो चुका है। यह प्रतिबंध किस तरह के हैं, इस पर स्पष्ट नहीं किया गया है। अमेरिका के इस कदम पर आईसीसी ने एक बयान में कहा कि यह उपाय एक अंतरराष्ट्रीय न्यायिक संस्था की स्वतंत्रता को कमजोर करने का स्पष्ट प्रयास है। नवंबर 2024 में आईसीसी के मुख्य अभियोजक करीम खान ने नेतन्याहू और गैलेंट के साथ-साथ हमास के तीन वरिष्ठ नेताओं के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किए। इस कदम का बाइडेन प्रशासन ने भी विरोध किया था। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व वाली यौन दुराचार जांच के बीच खान अपनी भूमिका से इस्तीफा दे चुके हैं।

## अमेरिका में आईसीई ने एक लाख से ज्यादा अनधिकृत अप्रवासियों को गिरफ्तार किया




**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी इमिग्रेशन और कस्टम एनफोर्समेंट (आईसीई) इस समय अनधिकृत अप्रवासियों की धरपकड़ तेजी से कर रहा है। इस सप्ताह ऐसे लोगों का आंकड़ा एक लाख से अधिक हो गया। संघीय एजेंट पूरे अमेरिका में न्यायालयों, कार्यस्थलों और समुदायों में अनधिकृत अप्रवासियों की तलाश में जुटे हैं। आईसीई ने इस अभियान के दौरान मंगलवार और बुधवार को 4000 (हर दिन लगभग 2000) से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया। ट्रंप के दोबारा राष्ट्रपति बनने के 100 दिन बाद का यह आंकड़ा सर्वाधिक है। आईसीई ने पूर्व राष्ट्रपति राष्ट्रपति बाइडेन के कार्यकाल के अंतिम वर्ष प्रतिदिन लगभग 300 लोगों को गिरफ्तार किया था। व्हाइट हाउस के डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ स्टीफन मिलर ने करीब 3,000 अनधिकृत अप्रवासियों को रोजाना गिरफ्तार करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। अमेरिकी इमिग्रेशन और कस्टम एनफोर्समेंट इस लक्ष्य को तेजी के साथ हासिल करने जी-तोड़ मेहनत कर रहा है। अमेरिकी इमिग्रेशन और कस्टम एनफोर्समेंट के आंकड़ों के अनुसार गुरुवार सुबह तक देश भर में लगभग 54,000 अप्रवासी बंदियों को हिरासत में रखा गया था। बाकी को रखने के लिए पर्याप्त जगह नहीं है। ट्रंप प्रशासन कांग्रेस से अनुरोध कर रहा है कि वह आईसीई को हजारों अतिरिक्त निर्वासन अधिकारियों को नियुक्त करने और किसी भी समय 100,000 व्यक्तियों को हिरासत में रखने के लिए हिरासत क्षमता का विस्तार करने के लिए अरबों डॉलर का अतिरिक्त धन दे। ट्रंप प्रशासन के अधिकारियों ने अवैध आव्रजन पर नकेल कसने, आपराधिक इतिहास वाले अप्रवासियों को निष्कासित करने और अमेरिकी इतिहास में सबसे बड़े सामूहिक निर्वासन प्रयास की देखरेख करने के राष्ट्रपति के हस्ताक्षर अभियान वादों को पूरा करने के लिए आव्रजन संचालन के आक्रामक विस्तार को आवश्यक बताया है।

# एलन मस्क के लिए ट्रंप ने बंद किए व्हाइट हाउस के दरवाजे



**वाशिंगटन, एजेंसी।** ऐसा लग रहा है कि दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास व्हाइट हाउस के दरवाजे अब हमेशा के लिए बंद हो गए। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके पूर्व सहयोगी एलन मस्क के बीच बढ़ी तल्खी अब कठोरतम लांछन की शिला बनकर एक-दूसरे के संबंधों को लहूलुहान कर रही है। पिछले 24 घंटों में दोनों सार्वजनिक धमकियों से आहत दिखे। दोनों को अपमान के घूंट पीने पड़े। अब यह साफ है कि ट्रंप और मस्क का गठबंधन टूट गया। दोनों ने अपने-अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक-दूसरे के खिलाफ जमकर जहर उगला। ट्रंप ने मस्क के सरकारी अनुबंधों में कटौती करने की धमकी दी। मस्क ने यहां तक कह दिया कि उनके बिना ट्रंप नवंबर में जीत नहीं पाते। ट्रंप और मस्क दोनों धनवान हैं। राष्ट्रपति चुनाव में दोनों ने एक साझेदारी बनाई और देश को एक नई दिशा में ले जाने की कसम खाई। डोनाल्ड ट्रंप के पास राजनीतिक शक्ति थी। एलन मस्क के पास पैसे और सोशल मीडिया की ताकत थी। यह गठबंधन गुरुवार को सार्वजनिक रूप से टूट गया। दोनों ने एक-दूसरे पर तुच्छ हमले किए। यह विवाद राष्ट्रपति के हस्ताक्षरित घरेलू नीति विधेयक को लेकर कुछ दिन पहले शुरू हुआ। गुरुवार को यह विवाद सारी सीमाएं लांघकर इस बात शुरू हो गया कि ट्रंप की चुनावी जीत के लिए कौन अधिक श्रेय का हकदार है। बात यहां तक पहुंच गई कि ट्रंप ने मस्क की कंपनियों के साथ संघीय सरकार के अरबों डॉलर के अनुबंधों को समाप्त करने की धमकी दी। इसके बाद मस्क ने हमलों की झड़ी लगा दी। मस्क ने कहा कि शायद अब एक नई राजनीतिक पार्टी बनाने का समय आ गया है। मस्क ने दावा किया कि दिवंगत फाइनेंसर और यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन के बारे में सरकारी दस्तावेजों में ट्रंप का उल्लेख है। सार्वजनिक तौर पर यह टकराव इतना घिनौना हो गया कि इसमें लेखिका एशले सेंट क्लेयर कूद पड़ीं। क्लेयर को मस्क से एक बच्चा है। वह उनसे अलग हो चुकी हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा कि अगर आपको (ट्रंप) ब्रेकअप के बारे में कोई सलाह चाहिए तो मुझे बताएं। उल्लेखनीय है कि मस्क ने 2024 में ट्रंप के प्रचार परलगभग 275 मिलियन डॉलर खर्च किए हैं। ट्रप के चुनाव जीतने के बाद मस्क की कंपनियों को सरकारी अनुबंधों से अरबों डॉलर का लाभ हुआ है।


स्वामी,मुद्रक व् प्रकाशकः सुरेश मौर्या द्वारा अष्ठ विनायक ओफ़्सेट एफपी,149 प्लोट 26 खोडीयारनगर,सिद्धिविनायक मंदीर के पास ,भाटेना) हो.सो अंजना सुरत गुजरात से मुद्रित एवं 191 महादेव नगर उधना सुरत गुजरात से प्रकाशित संपादक : सुरेश मौया (M) 9879141480 RNI No.:GUJHIN/2018/75100 (Subject to Surat jurisdiction)

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

### सूरत में एक और मॉडल ने की आत्महत्या

# अंतिम वीडियो में लिखा “आज तुमने मुझे एहसास करा दिया कि मैं तुम्हारे लिए कुछ भी नहीं हूँ”

### अंजलि ने पंखे से दुपट्टा बांधकर फांसी लगाई

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com





सूरत में रहने वाली 23 वर्षीय मॉडल अंजलि वर्मोरा ने 7 जून की देर रात लगभग 2 बजे पंखे से दुपट्टा बांधकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। माना जा रहा है कि मानसिक तनाव के कारण उसने यह कदम उठाया। फिलहाल इस मामले में अठवा पुलिस ने आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

ध्यान देने वाली बात है कि आत्महत्या के एक दिन पहले मॉडल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर दो रीलें पोस्ट की थीं। पहली रील में लिखा था, च्च्सभी उम्र निकल गई होती तो कोई बात नहीं होती, पर प्यारे थे, उम्र निकल गई तो तकलीफ होती है।” वहीं अंतिम पोस्ट में लिखा था, “आज उसने एहसास करा दिया कि मैं तुम्हारे लिए कुछ भी नहीं हूँ।” यह रीलें उसने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में भी साझा की थीं।

दरवाजा तोड़कर अंदर घुसने पर लटकती हालत में मिली

मिली जानकारी के अनुसार, सूरत के नवसारी बाजार इलाके में स्थित कार्तिक अपार्टमेंट में 23 वर्षीय अंजलि अल्पेशभाई वर्मोरा अपने परिवार के साथ रहती थीं। परिवार में माता, एक भाई और एक बहन हैं। अंजलि मॉडल के रूप में विभिन्न कंपनियों के साथ काम करती थीं। हाल के कुछ महीनों से वह रेवेन्यू मॉडल कास्टिंग एजेंसी के साथ काम कर रही थीं। इसी दौरान, अंजलि ने देर रात लगभग दो बजे अपने कमरे में पंखे से दुपट्टा बांधकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिवार वालों को खबर लगने पर उन्होंने दरवाजा खटखटाया, लेकिन दरवाजा नहीं खुला, तो तोड़कर अंदर जाने पर अंजलि लटकती हुई मिली। बेटी के आत्महत्या करने के बाद परिवार में शोक का माहौल छा गया है।

23 वर्षीय युवती अंजलि वर्मोरा के घर पर ही आत्महत्या करने की सूचना मिलते ही अठवा पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेजा गया। साथ ही अठवा पुलिस ने परिवार वालों के बयान भी दर्ज किए। फिलहाल अंजलि के आत्महत्या करने का स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है। अंजलि पिछले कुछ महीनों से रेवेन्यू मॉडल कास्टिंग एजेंसी के साथ काम कर रही थीं, जिसके तहत वह सूरत और अहमदाबाद दोनों जगह काम करती थीं। अंजलि की सगाई दो साल पहले हो चुकी थी। प्रारंभिक जांच में माना जा रहा है कि मानसिक तनाव के चलते उसने यह दुखद कदम उठाया। हालांकि इस मामले में अठवा पुलिस जांच जारी रखे हुए है।

### कुछ दिन पहले सुखप्रीत कौर नाम की एक मॉडल ने की थी आत्महत्या।

इससे पहले सूरत के सारोली इलाके में रहने वाली एक मॉडल ने किसी कारणवश आत्महत्या कर ली थी। आत्महत्या की खबर सुनकर परिवारजन गहरे सदमे में चले गए थे। इस मामले में पुलिस ने जांच शुरू की थी। 19 वर्षीय सुखप्रीत लखविंदर सिंह कौर ने अपनी बहन के घर के बेडरूम में पंखे से दुपट्टा बांधकर फांसी लगाकर जान दे दी थी। वह मूल रूप से मध्य प्रदेश के शिवपुरी की रहने वाली थी और 4-5 दिन पहले ही सूरत आकर अपनी बहन के साथ रह रही थी। पुलिस जांच में महेन्द्र राजपूत नामक युवक द्वारा ब्लैकमेल किए जाने का खुलासा हुआ था। सुखप्रीत कौर को आरोपी मारता-पीटता था और मानसिक रूप से परेशान करता था। सारोली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू की थी।

### गाजियाबाद में युवती ने महिला से संबंध बनाए,गुजरात में बंधक बनाकर रखा

# महिला के पति की तहरीर पर पुलिस ने मोबाइल नंबर ट्रेस करके गुजरात पहुंची और पीड़िता को मुक्त कराया

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com

गाजियाबाद में युवती ने महिला के साथ समलैंगिक संबंध बनाए। इसका वीडियो बनाकर दो साल तक ब्लैकमेल किया। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर महिला को गुजरात ले गई। तीन दिन तक बंधक बनाकर समलैंगिक संबंध बनाए। महिला के पति की तहरीर पर पुलिस ने मोबाइल नंबर ट्रेस करके गुजरात पहुंची और पीड़िता को मुक्त कराया। मामला मुरादनगर थाना क्षेत्र का है। पीड़िता की उम्र 30 साल है। महिला ने करीब 10 महीने बाद हरियाणा के पलवल निवासी रेखा के खिलाफ मामला दर्ज करवाया।

14 अगस्त 2024 को उसने मुझे एक एड्रेस भेजा और वहां पर मुझे बुलाया। मैं अपने परिवार को बिना कुछ बताए रेखा के बताए गए पते पर चली गई। इसके बाद रेखा मुझे गुजरात ले गई। जहां उसने मुझे बंधक बना लिया। यहां भी मेरे साथ संबंध बनाकर वीडियो बनाए। इधर मेरे पति ने थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करा दी। जिसके बाद पुलिस अलर्ट हो गई। पुलिस ने लोकेशन ट्रेस की तो गुजरात की निकली। गाजियाबाद पुलिस गुजरात पहुंची और मुझे मुझे मुक्त कराया। आरोपी रेखा ने गुजरात में एक कमरा किराए पर ले रखा था। जहां वह मुझे प्रताड़ित करती और संबंध बनाती थी। हर बार उसने वीडियो भी बनाए। पीड़िता ने बताया कि मेरी शादी 10 साल पहले हुई थी, मेरे पति गाजियाबाद में प्राइवेट सेक्टर में नौकरी करते हैं। गाजियाबाद के एडिशनल पुलिस कमिश्नर आलोक प्रियदर्शी का कहना है कि पीड़िता की तहरीर पर रेखा के खिलाफ स्नढ्ढक्र दर्ज की गई है। गाजियाबाद पुलिस में पीड़िता के पति द्वारा गुम होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने उसे गुजरात से बरामद किया है। अब तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। अभी तक की जांच में सामने आया है कि पीड़िता और आरोपी महिला की 2 साल पहले सोशल मीडिया के जरिए दोस्ती हुई थी। दोनों की बातचीत होती थी।

मुरादनगर निवासी एक विवाहिता ने बताया कि 2023 में इंस्टाग्राम पर रेखा से मेरी दोस्ती हुई थी। रेखा ने मुझे कुछ दिन बाद गाजियाबाद बस स्टैंड पर बुलाया। कहा- वह मेरे साथ मिलकर कपड़ों का व्यापार करना चाहती है। मैं वहां चली गई। उसने मुझे गन्ने के जूस में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया इसके बाद रेखा और उसकी एक साथी युवती मुझे सिहानी गेट थाने की तरफ जाने वाली रोड पर होटल में ले गईं। होटल में रेखा ने मेरे साथ समलैंगिक संबंध बनाए। अश्लील वीडियो बना ली। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि 3 दिन बाद मुझे अश्लील फोटो व विडियो भेजी। कहा- देखले, फिर पैसों की मांग की। डिमांड पूरी न होने पर अश्लील फोटो व विडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। साथ ही यह भी धमकी दी कि यदि नहीं मानी तो ये सारे फोटो व वीडियो तेरे पति को भेज देंगे। इस धमकी के जरिए उसने कई बार मुझे अलग-अलग जगहों पर बुलाया। समलैंगिक संबंध बनाए और वीडियो बनाती रही।

महिला ने केस दर्ज कराया है कि वर्ष 2023 में सोशल मीडिया के माध्यम से रेखा नाम की एक युवती से संपर्क हुआ था। इसके बाद उनकी दोस्ती हो गई थी, आरोप है कि एक दिन रेखा ने उसे होटल में बुलाया ओर नशीला पदार्थ पिलाकर संबंध बनाए। आरोपी के साथ एक अन्य लड़की भी थी। दोनों ने करीब 7 घंटे तक उसके साथ अप्राकृतिक संबंध बनाए। इतना ही नहीं पीड़िता का अश्लील वीडियो व फोटो बना लिये। आरोप है रेखा फोटो वीडियो वायरल करने की धमकी देकर पीड़िता का यौन शोषण करती आ रही थी। आरोपी रेखा अब पीड़िता के पति को उक्त सामग्री भेजने की धमकी दे रही है। एसीपी का कहना है कि पुलिस ने कार्रवाई करते हुए संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस के अनुसार मामले की जांच करने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### मोटा वराछा के बाद अब पालिका के अठवा जोन क्षेत्र में

# भाजपा कार्यकर्ताओं को आवंटित किए गए प्लॉटों का स्थानीय लोगों ने विरोध किया

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com

सूरत में पालिका के भाजपा शासक दलाल की भूमिका निभाते हुए खुले प्लॉटों को अपने ही कार्यकर्ताओं को लाभ पहुंचाने के लिए दे रहे हैं, वहीं दूसरी ओर रिहायशी इलाकों के पास आवंटित किए गए ये प्लॉट स्थानीय लोगों के लिए मुसीबत बनते जा रहे हैं। होकर मोटा वराछा के रहवासियों ने प्लॉट आवंटन रद्द करने के लिए कई बार आवेदन किया, लेकिन पालिका ने आवंटन रद्द करने के बजाय केवल प्लॉटों को सील कर दिया है।

अब मोटा वराछा के बाद पालिका के अठवा ज़ोन क्षेत्र में आवंटित किए गए स्टॉल के खिलाफ स्थानीय लोग विरोध कर रहे हैं। फिलहाल पालिका ने अठवा ज़ोन में टीपी स्कीम नंबर 36 के फाइनल प्लॉट नंबर 65 को धवल आहिर नामक क्रिकेट मैदान बनाना संभव नहीं है और क्रिकेट खेलने से आसपास के लोगों को परेशानी हो सकती है, इसलिए इस आवंटन को रद्द करने की मांग की गई है।

इसके अलावा, फिलहाल अलथाण मेट्रो के पास स्थित पालिका का एक अन्य प्लॉट भी आवंटित किया गया है, जिसमें नॉनवेज स्टॉल खोल दिए गए हैं। पालिका के कम्युनिटी हॉल और पार्टी प्लॉट में नॉनवेज पर प्रतिबंध है, लेकिन पालिका



कतारगाम जोन में ऐसे कई प्लॉटों को नोटिस जारी किए गए हैं, लेकिन उसके बाद कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से लोगों के सिर पर खतरा मंडरा रहा है।

मोटा वराछा और अठवा जोन क्षेत्रों में भी प्लॉट आवंटन के खिलाफ लोगों का विरोध सामने आ रहा है।

भाजपा कार्यकर्ताओं को संतुष्ट करने के लिए पालिका द्वारा प्लॉट किराए पर देने की परंपरा प्लॉट के आसपास रहने वालों के लिए आफत बन गई है। पालिका द्वारा आवंटित प्लॉटों पर कई नियमों का उल्लंघन हो रहा है। इसी कारण से परेशान व्यक्ति को मात्र एक रुपये प्रति वर्गमीटर की दर से छह महीने के लिए आवंटित किया है। जिन्हें यह प्लॉट मिला है, वे वहां बॉक्स क्रिकेट मैदान बना रहे हैं।

इस प्लॉट के आसपास चाइना गेट, शिव शक्ति, पुष्पराज सोसायटी, सारथी अपार्टमेंट, साईनाथ सोसायटी जैसी कई रिहायशी सोसायटियाँ हैं। इन सोसायटी के निवासियों ने पालिका को पत्र लिखकर विरोध जताया है और कहा है कि यह प्लॉट छोटा है, साथ ही इसमें पीपल और औदुम्बर के पेड़ मौजूद हैं। ऐसे में यहां द्वारा आवंटित प्लॉट पर नॉनवेज स्टॉल शुरू हो जाने के बावजूद पालिका ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। यह मुद्दा पालिका में चर्चा का विषय बना हुआ है।

पालिका ने इस तरह अन्य जगहों पर भी प्लॉट आवंटित किए हैं, जो लोगों के लिए परेशानी का कारण बन रहे हैं। बावजूद इसके पालिका इन प्लॉट आवंटनों को रद्द नहीं कर रही है, जिससे लोगों के लिए यह एक बड़ी समस्या बन गई है। इसके कारण जनता में पालिका और शासकों के प्रति भारी रोष देखा जा रहा है।

### रीढ़ा गठियाओं की रिक्शा गैंग गिरफ्तार

# 7.50 लाख चोरी के संबंध में उतरण पुलिस ने चार गठियाओं को गिरफ्तार किया

### पुलिस ने 5 लाख रुपए का माल जब्त किया

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com




सौराष्ट्र की जमीन बिक्री के लिए टोकन की लाखों रुपए भरे थैले के साथ किसान रिक्शा में सवार होकर सीमा नाके से मोटा वराछा जा रहे थे। इसी दौरान रिक्शा में बैठे चार गठिया (ठग) ने 7.50 लाख रुपए चोरी कर भाग गए। चोरी की इस वारदात के संबंध में उतरण पुलिस ने चार गठियाओं को गिरफ्तार किया और पांच लाख रुपए का माल बरामद किया।

उतरण पुलिस सूत्रों के अनुसार, मोटा वराछा के कस्तूरी सोसाइटी में रहने वाले भगवान प्रेमजीभाई जरसानिया (उम्र 53) कृषि व्यवसाय से जुड़े हैं। उनका जनपद दूधाळा गिर, जिला जूनागढ़ में 11 विघा जमीन धनश्याम सीसोदिया नामक व्यक्ति को बेचने का सौदा 19 मई 2025 को तय हुआ था। इस जमीन की बिक्री के लिए 10 लाख रुपए का टोकन लेकर वह अपने घर से सुरत आ रहे थे। सुरत सीमा नाके से मोटा वराछा स्थित अपने निवासस्थान जाने के लिए वे रात में रिक्शा में बैठे थे। रिक्शा की पिछली सीट पर रुपए भरा थैला रखा था। रिक्शा चालक के साथ गठिया के भेष में बैठे चार अन्य सवारियों ने किसान भगवानभाई से विवाद किया और उनको आगे पीछे की सीटों पर बैठने को कहा। उनकी नजरें भटकाने के बाद करीब 7.50 लाख रुपए वाले तीन बंडल थैले से निकाल कर रास्ते में गिरा कर भाग गए। उतरण पुलिस ने कुछ ही दिनों में चोरी का राज़ फाश कर दिया।

पुलिस सर्विलांस स्टाफ ने जांच शुरू की, जिसमें मोटा वराछा वीआईपी सर्कल के पास से रिक्शा (जीजे 5 सीवी 6559) को रोक लिया। रिक्शा में बैठे जाकिर उर्फ जमाई उर्फ बबड़ा निजामुद्दीन शेख (रहने वाले भेस्तान आवास, डिंडोली), अस्फाक उर्फ चाचू बशीर शाह (भेस्तान आवास), जाकिर उर्फ भूखा सैयद हुसैन (भेस्तान आवास), नायम उर्फ भैया निशार शाह (भेस्तान आवास) को गिरफ्तार किया। इनके पास से पुलिस ने 3,89,100 नकद, रिक्शा, मोबाइल फोन सहित कुल 5 लाख का माल जब्त किया। पकड़े गए आरोपी पुलिस रेकॉर्ड में दर्ज अपराधियों के रूप में जाने जाते हैं।

### नाम ‘वसुंधरा फैब’, काम साइबर फ्रॉड

# 1455 करोड़ के फ्रॉड में जांच का रेला बैंक मैनेजर्स तक पहुंचा

### मास्टरमाइंड दिव्येश और वृंदा विदेश भागे होने की आशंका

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com

ऑनलाइन चीटिंग के सबसे बड़े इंटरनेशनल रैकेट का सुरत पुलिस ने पर्दाफाश किया है, जिसके बाद जांच आगे बढ़ रही है। क्यूबा, थाईलैंड और मलेशिया से ऑपरेट होने वाले इस साइबर चीटिंग रैकेट में पिछले छह महीनों में 165 करंट बैंक खातों के माध्यम से लगभग 1455 करोड़ रुपये के ट्रांजेक्शन हुए हैं। पुलिस ने इस केस में मुख्य सूत्रधार किरात को गिरफ्तार किया है, जबकि दिव्येश और वृंदा पुलिस की पकड़ से दूर हैं और वे विदेश भाग गए होने की आशंका के चलते लुकआउट नोटिस जारी किया गया है। सुरत में यह पूरा फ्रॉड ‘वसुधरा फेब’ के नाम से चल रहा था। इस मामले में बैंक के कर्मचारियों की संलिप्तता की भी संभावना जताई जा रही है और अब जांच का दायरा विभिन्न बैंकों तक फैल चुका है।

दिव्येश और वृंदा पूरे कांड में मुख्य कड़ी माने जा रहे हैं। पुलिस दिव्येश और वृंदा की तलाश कर रही है। इस पूरे घोटाले में दिव्येश की महत्वपूर्ण भूमिका बैंक के करंट अकाउंट खोलने की प्रक्रिया में आवश्यक सभी दस्तावेजी कार्यवाही को पूरा कराने की थी। वहीं, वृंदा अपने भाई, जो कि मुख्य आरोपी किरात है, के साथ मिलकर उस ऑफिस में काम करती थी, जहां से यह पूरा साइबर फ्रॉड संचालित हो रहा था।

विदेश भाग जाने की शक के कारण लुकआउट नोटिस जारी

पुलिस ने बताया कि दिव्येश और वृंदा को कई बार पूछताछ के लिए बुलाया गया था, लेकिन दोनों बार-बार जांच से बचते रहे और अब तक उनका कोई पता नहीं चल पाया है। इसके अलावा, दोनों संदिग्ध पहले ही दुबई जा चुके हैं और उनके पास पासपोर्ट भी है। इसे ध्यान में रखते हुए पुलिस को उनकी विदेश भागने की पूरी संभावना लग रही है। इसी कारण से दोनों के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी कर दिया गया है।

आरोपियों ने ‘वसुधरा फैब’ नाम की टेक्सटाइल फैब्रिक कंपनी दिखाने वाली ऑफिस शुरू की थी। बाहर से देखने पर लगता था कि यहां कपड़ा उत्पादन या बिक्री होती है, लेकिन अंदर चल रही थी बैंक अकाउंट और जीएसटी नंबर खोलवाने की पूरी व्यवस्थित प्रक्रिया।

पुलिस को मिली जानकारी के अनुसार, बैंक अधिकारी खुद इस ऑफिस तक आते थे और वहीं से पूरी प्रक्रिया पूरी की जाती थी। इसमें गुमास्ता लाइसेंस, दुकान के लिए रेंट एग्रीमेंट समेत सभी दस्तावेज तैयार किए जाते थे।